रांची
शुक्रवार
21.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 11
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रश्मि प्रवाह
जीवन को गमले के पौधे की तरह नहीं बनाना चाहिए, जो थोड़ी सी धूप लगते ही मुरझा जाये। जिंदगी को जंगल के पेड़ की तरह बनाओ जो हर स्थिति में झूमता रहे।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-256 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50



अंडर-17 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा लेनेवाली खिलाड़ियों ने सीएम से की मुलाकात, मुख्यमंत्री बोले -

खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ सभी सुविधाएं करायी जायेगी उपलब्ध

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को अंडर-17 फीफा वर्ल्ड कप में भारतीय फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करनेवाली झारखंड की खिलाड़ी अस्टम उरांव, नीतू लिंडा, अंजली मुंडा, अनिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी एवं सुधा अंकिता तिर्की ने मुलाकात की। इन खिलाड़ियों ने फीफा वर्ल्ड कप के लिए प्रशिक्षण और तैयारियों को लेकर सरकार द्वारा मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फीफा वर्ल्ड कप में आपने देश का प्रतिनिधित्व कर राज्य का नाम रौशन किया है। आप सभी खिलाड़ियों पर हम सभी को नाज है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए भविष्य में राज्य और देश के लिए और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों के विकास पर सरकार का विशेष फोकस है। खेल को आगे बढ़ाने का हमने संकल्प ले रखा है। इस दिशा में खेल नीति बना ली गयी है। वहीं, कई खिलाड़ियों की भी सीधी नियुक्ति हो चुकी है। आनेवाले दिनों में खिलाड़ियों को और भी कई खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी, ताकि वे अपने-अपने खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर राज्य और देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिला सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में उभर रहे प्रतिभावान बच्चे-बच्चियों के पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। उन्होंने इन खिलाड़ियों से कहा कि आप बेफिक्र होकर अपने खेल पर ध्यान दें। आपके बेहतर प्रशिक्षण के साथ सभी खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल का माहौल बने, इसलिए पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्यस्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा गांव और पंचायतों में खेल के मैदान और प्रखंड स्तर पर स्टेडियम बनाये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मिल खिलाड़ियों ने अपने अनुभवों को किया साझा

इस मौके पर इन खिलाड़ियों ने फीफा वर्ल्ड कप के अपने अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला। उनसे हम सभी को काफी कुछ सीखने का मौका मिला। इससे हमें निश्चित तौर पर हमारा परफॉर्मेंस बेहतर होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, फुटबॉल कोच आनंद प्रसाद गोप और सोनी कुमारी मौजूद थीं।

कैंप जेल से पंकज मिश्रा करता था बड़े अफसरों से बात, ईडी ने दो को दबोचा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन का मास्टरमाइंड पंकज मिश्रा न्यायिक हिरासत में होने के बावजूद फोन का इस्तेमाल कर रहा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा आईएएस, आईपीएस अधिकारियों से बात करने के लिए अपने ड्राइवर चंदन यादव और सूरज पंडित के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था। गुरुवार को ईडी की टीम ने रिम्स के पेइंग वार्ड में छापेमारी की। तब पंकज मिश्रा को रंगेहाथ फोन पर बात करते पकड़ा गया। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की टीम जब रिम्स के पेइंग वार्ड पहुंची, तब वह एक जिले के एसपी से बात कर रहा था। बातचीत पकड़े जाने के बाद ईडी की टीम ने चंदन व सूरज को हिरासत में लिया। इसके बाद दोनों को ईडी जोनल ऑफिस लाया गया। ईडी ने पेइंग वार्ड के बाहर लगे सीसीटीवी की डीवीआर भी जब्त की है। ईडी को यह भी जानकारी मिली थी कि लगातार कई लोग पंकज मिश्रा से मिलने पहुंचते थे। ईडी डीवीआर के फुटेज भी खंगालेगी। वहीं, ईडी की टीम ने गुरुवार को पंकज मिश्रा की पत्नी से भी लंबी पूछताछ की।

- ईडी की टीम ने रिम्स के पेइंग वार्ड से पंकज मिश्रा को बात करते पकड़ा
- मौके से चंदन यादव व सूरज पंडित को ईडी ने हिरासत में लिया

दोनों की गवाही ईडी ने ली, संदेह के घेरे में 11 अधिकारी : जानकारी के मुताबिक, ईडी ने सूरज व चंदन का बयान लिया है। वहीं, दोनों के मोबाइल फोन भी जब्त किये हैं। दोनों ही मोबाइल से तकरीबन 11 आईएएस, आईपीएस अधिकारियों से संपर्क की बात सामने आ रही है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, पंकज मिश्रा न्यायिक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

मोरहाबादी स्थित फ्लैट पर सर्च

गुरुवार की दोपहर ईडी की एक सर्च टीम ने पंकज मिश्रा के मोरहाबादी स्थित एक फ्लैट को भी खंगाला। इस फ्लैट से डिजिटल डिवाइस मिला है। वहीं, कई अन्य चीजें जब्त की गयी हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम को पहले यह जानकारी नहीं थी कि पंकज मिश्रा का फ्लैट मोरहाबादी में भी है। चंदन व सूरज के हिरासत में लिये जाने के बाद इस फ्लैट की जानकारी मिली। इस फ्लैट की चाबी प्रेम प्रकाश के एक कर्मी के पास थी। जिसके बाद प्रेम प्रकाश के कर्मी को बुलाकर पंकज मिश्रा के फ्लैट को सर्च किया गया।

रायपुर में आयोजित होनेवाले तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए सीएम हेमंत सोरेन आमंत्रित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को छत्तीसगढ़ राज्य के विधायक खेल साय सिंह, विधायक एवं संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर, सुभाष गोयल और कन्हैया लाल अग्रवाल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि रायपुर में तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन 1-3 नवंबर तक होना है। उन्होंने सीएम को इस महोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि तीन दिवसीय इस महोत्सव में झारखंड समेत सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के आदिवासी कलाकारों के दलों को प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

भारत जोड़ो यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के नेतृत्व में मांडर विधानसभा के खक्सीटोली स्थित महात्मा गांधी के अनुयायी टाना भगत के स्मृति स्थल से भारत जोड़ो यात्रा शुरू किया गया। यात्रा जाम टोली, बेड़ो, बाजार टांड होते हुए बारीडीह में महान स्वतंत्रता सेनानी सोमरा टाना भगत की प्रतिमा पर समापन किया गया।

पीएमएवाई (यू) के सफल क्रियान्वयन के लिए झारखंड को मिली नयी पहचान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुजरात के राजकोट में आयोजित 'इंडिया अर्बन हाउसिंग कॉन्क्लेव 2022' कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कार्यक्रम में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने झारखंड राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सफल कार्यान्वयन को लेकर तीन श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में झारखंड की ओर से पुरस्कार ग्रहण नगरीय प्रशासन निदेशालय, झारखंड सरकार के निदेशक आदित्य कुमार आनंद, सहायक निदेशक शैलेश प्रियदर्शी, पीएमएवाई(यू) के स्टेट टीम लीडर राजन कुमार एवं सीएलटीसी दीपक कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के विभिन्न घटकों के तहत राज्य को महिला सशक्तिकरण पहल के अंतर्गत योजना के तहत हजारों महिलाओं को घर का स्वामित्व, रानी मिस्त्री एवं निर्माण क्षेत्र में महिलाओं को कार्य का अवसर, समुदाय उन्मुख परियोजना के तहत कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के लिए बेहतर आवासीय परियोजना उपलब्ध कराने एवं उक्त योजना का प्रभावी व व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार व जनजागरूकता हेतु राष्ट्रीय स्तर पर तीन पुरस्कार दिया गया। डीएमए के निदेशक आदित्य कुमार आनंद ने इस कार्य में सहयोग के लिए निदेशालय व सभी नगर निकायों के अधिकारियों व पदाधिकारियों को बधाई दी।

- महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय पहल, कुष्ठ प्रभावित रोगियों के लिए बेहतर आवासीय परियोजना एवं योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार व जन जागरूकता के लिए किया गया पुरस्कृत

जनसंख्या नीति पर योगी ने संघ प्रमुख से की बात

- आरएनएम

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक स्थल गौहनिया पहुंचकर संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। उन्होंने मोहन भागवत को अयोध्या में भव्य दीप उत्सव की तैयारी के संबंध बताया और उनको औपचारिक रूप से निमंत्रण दिया। चर्चा है कि जनसंख्या नीति पर भी बात हुई। सूत्रों का कहना है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जनसंख्या नियंत्रण नीति पर विस्तार से चर्चा हुई। जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने और इसे सख्ती से लागू करने व अन्य कई पहलू पर बात हुई। चर्चा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की आगामी नीति में संघ के इस एजेंडे की झलक देखी जा जा सकती है। संघ प्रमुख मोहन भागवत और योगी आदित्यनाथ ने एक साथ दोपहर का भोजन भी किया। इस दौरान संघ के बड़े पदाधिकारियों सहित सह संघ कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी थे।

झारखंड स्टार रेटिंग प्रोग्राम की वेबसाइट लॉन्च

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंत ने कहा हम राज्य में वायु प्रदूषण में सुधार करने और अपने नागरिकों को स्वच्छ वायु देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्टार रेटिंग कार्यक्रम यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो ट्रस्ट स्थित एपिक इंडिया के साथ साझेदारी में एक कदम है। वह गुरुवार को झारखंड स्टार रेटिंग प्रोग्राम की वेबसाइट के लॉन्चिंग कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से उद्योगों के पीएम उत्सर्जन का पता लगाने में मदद मिलेगी, जिससे हम पता लगा सकेंगे कि वातावरण में वायु प्रदूषण का स्तर क्या है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आज राज्य में औद्योगिक प्रदूषण की जानकारी नागरिकों तक आसान तरीके से पहुंचाने के लिए झारखंड स्टार रेटिंग प्रोग्राम की वेबसाइट का लॉन्च किया। यह प्रोग्राम झारखंड के कई उद्योगों को उनके एसपीएम उत्सर्जन के आधार पर 1 से 5 स्टार का रेटिंग देगा। सबसे अधिक प्रदूषण करनेवाले उद्योगों को वन स्टार और सबसे कम प्रदूषण करनेवाले उद्योगों को फाइव स्टार रेटिंग दिया जायेगा। सदस्य सचिव, वाईके दास ने कहा यह नयी वेबसाइट एक बड़ा कदम है। प्रदूषण कम करने के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एपिक इंडिया के साथ साझेदारी कर नागरिकों तक प्रदूषण की जानकारी पहुंचाने के लिए झारखंड स्टार रेटिंग प्रोग्राम को लॉन्च किया है।

- उद्योगों के पीएम उत्सर्जन का लगा सकेंगे पता
- झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड राज्य में वायु प्रदूषण में सुधार करने को लेकर है प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री मोदी 22 अक्टूबर को 75 हजार युवाओं को देंगे दिवाली गिफ्ट

दिवाली पर तोहफा : 10 लाख युवाओं को नौकरी देने के लिए कल 'रोजगार मेले' का श्रीगणेश करेंगे पीएम

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिवाली पर युवाओं को बड़ा उपहार मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 लाख लोगों के लिए रोजगार मेला भर्ती अभियान का शुभारंभ करेंगे। समारोह के दौरान 75 हजार चयनित लोगों को नियुक्तियों अपांइटमेंट लेटर्स भी दिये जायेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री संबोधित भी करेंगे।

एक बड़े बदलाव की उम्मीद : युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करने और लोगों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने प्रधानमंत्री की निरंतर प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार सभी मंत्रालय और विभाग मिशन मोड में स्वीकृत पदों के विरुद्ध मौजूदा रिक्तियों को भरने की दिशा में काम कर रहे हैं। देशभर से चयनित नयी भर्तियां भारत सरकार के 38 मंत्रालयों, विभागों में शामिल होंगी। नियुक्त व्यक्ति विभिन्न स्तरों पर सरकार में शामिल होंगे। जैसे ग्रुप-ए, ग्रुप-बी (राजपत्रित), ग्रुप-बी (अराजपत्रित) और ग्रुप-सी। जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं, उनमें सेंट्रल आर्म्ड फोर्स पर्सनल, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए इनकम टैक्स, टैक्स इंस्पेक्टर और एमटीएस के अलावा और भी विभाग या पोस्ट शामिल हैं। ये भर्तियां मिशन मोड में मंत्रालयों और विभागों द्वारा या तो स्वयं या यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जा रही हैं। शीघ्र भर्ती के लिए, चयन प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है और तकनीकी सक्षम बनाया गया है। जून में पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी मंत्रालयों एवं विभागों में मानव संसाधन की समीक्षा की थी। इसके साथ ही उन्होंने सरकार को आदेश दिया था कि अगले डेढ़ सालों में 10 लाख नौकरियां देन की दिशा में मिशन मोड में काम किया जाये। f

पीएम ने शुरू किया मिशन लाइफ, बोले - धरती बचाने के लिए यह एक वैश्विक आंदोलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने गुरुवार को मिशन लाइफ की शुरुआत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मिशन लाइफ जलवायु परिवर्तन के असर से धरती को बचाने के लिए शुरू किया गया वैश्विक आंदोलन है। यह एक वैश्विक कार्ययोजना है जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी असर से ग्रह को बचाना है। इस मिशन को ऐसे समय शुरू किया गया है जब अगले महीने संयुक्त राष्ट्र जलवायु के मुद्दे पर विशाल बैठक का आयोजन कर रहा है। मिशन लाइफ में जीवनशैली में बदलाव के लिए अनेक सुझाव हैं जिन्हें जलवायु अनुकूल व्यवहार के तौर अपनाया जा सकता है। मोदी और गुतारेस ने संयुक्त रूप से मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) को इसके लोगो और टैग लाइन (आदर्श वाक्य) के साथ लांच किया। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि मिशन लाइफ लोगों के अनुकूल ग्रह के विचार को मजबूत करेगा।

गंभीर बीमारियों से बचने के लिए सात-आठ घंटे की नींद है जरूरी

- आरएनएम

नयी दिल्ली। ब्रिटेन में आठ हजार सरकारी कर्मचारियों पर 25 वर्ष तक चली एक शोध में पाया गया कि सात घंटा से कम सोने पर गंभीर बीमारी होने का खतरा होता है। यह शोध परिणाम प्लस मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हुई है। इसके मुताबिक यदि कोई इंसान पांच घंटे से कम सोता है, तो उसको कम से कम दो गंभीर बीमारी होने का खतरा होता है। यह शोध ब्रिटेन के आठ हजार सरकारी कर्मचारियों पर किया गया। जिन्हें 50 वर्ष की उम्र तक कोई लंबे समय तक चलनेवाली बीमारी नहीं थी। वैज्ञानिकों ने इन्हें हर चार से पांच साल में अगले 25 सालों के लिए अपनी नींद और स्वास्थ्य की जानकारी देने को कहा। जिन लोगों की नींद को 50 की उम्र में ट्रैक किया गया, उन्हें पांच घंटे या उससे कम सोने पर लंबे समय तक चलनेवाली बीमारी का खतरा 30 प्रतिशत था। इनकी तुलना रात में सात घंटे सोनेवाले लोगों से की गयी थी। 60 साल की उम्र में यह खतरा 32 प्रतिशत तथा 70 साल में 40 प्रतिशत तक बढ़ गया। पर्याप्त नींद न लेने से मौत का खतरा भी 25 प्रतिशत पाया गया। शोध के अनुसार रात में पांच घंटे से कम सोनेवाले लोगों को मधुमेह, कई प्रकार के कैंसर, दिल की बीमारी, हार्ट स्ट्रोक, हार्ट फेलियर, फेफड़ों से जुड़ी बीमारी, किडनी की बीमारी, लिवर की बीमारी, अवसाद, भूलने की बीमारी, पार्किंसंस, अर्थराइटिस और कई मानसिक विकार होने का खतरा होता है। शोध की प्रमुख ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

- पांच घंटे से कम सोने पर कम से कम दो गंभीर बीमारी होने का खतरा

न्यूज गैलरी

भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड के 4 महिला हॉकी खिलाड़ी आमंत्रित

रांची। 25 अक्टूबर से 26 नवंबर तक साई सेंटर बेंगलुरु में भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कैंप में झारखंड के चार महिला हॉकी खिलाड़ी आमंत्रित किए गए हैं। निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग। निक्की,सलीमा और संगीता पूर्व से सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के सदस्य हैं वही ब्यूटी डुंगडुंग जो जूनियर इंडिया महिला हॉकी टीम के सदस्य थी उसे भी इस बार सीनियर महिला इंडिया टीम में चयनित किया गया है। निक्की प्रधान खूंटी जिला की रहने वाली है वही सलीमा टेटे ,संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग सिमडेगा जिला की है। झारखंड के 4 महिला हॉकी खिलाड़ियों का एक साथ सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में चयनित होने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी,चंद्रानी मजूमदार, महासचिव विजय शंकर सिंह संयुक्त सचिव माइकल लाल बिगन सोय, कोषाध्यक्ष असरीता लकड़ा, सीईओ रजनीश कुमार, सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों एवम सभी जिया के अध्यक्ष तथा सचिवों ने बधाई दी है और खुशी जाहिर किया है।

युवती को ब्लैकमेल करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

रांची। जगन्नाथपुर थाने की पुलिस ने युवती को ब्लैकमेल करने के मामले के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम सोनू शर्मा है और वह बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला है। इस मामले में पुलिस ने सोनू के साथी दानिश को पहले ही जेल भेज चुकी है। जानकारी के अनुसार हटिया की रहने वाली एक युवती से सोनू और दानिश से दोस्ती हुई। इस दौरान सोनू और दानिश ने युवती का कुछ अश्लील फोटो व वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी ने उसे ब्लैकमेल शुरू कर दी। दोनों आरोपियों ने युवती से अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी देने लगा। इस एवज में दोनों ने युवती से 50 हजार रुपए की डिमांड की। इसके बाद युवती ने साल 2020 में दोनों के खिलाफ जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दानिश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं सोनू उस वक्त से फरार चल रहा था। इसी बीच पुलिस को बुधवार को यह जानकारी मिली कि आरोपी सोनू बिरसा चौक इलाके में है। पुलिस की टीम ने बुधवार की शाम छापेमारी कर आरोपी को बिरसा चौक से गिरफ्तार कर लिया।

हर घर नल जल योजना का शिलान्यास आज

सिल्ली। ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत हर घर नल जल योजना का शिलान्यास आजसू पार्टी सुप्रीमो पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सरकार सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा सिल्ली अस्पताल के समीप शुक्रवार को किया जाएगा। यह योजना का लाभ 1451 घर में शुद्ध जल मिलेगा।

नामकुम कांग्रेस की अध्यक्ष ने दी बधाई

नामकुम। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के बनने पर कांग्रेस की नामकुम प्रखंड अध्यक्ष सुषमा हेम्ब्रोम ने बधाई और शुभकामनाएं दी। सुषमा ने बताया कि उनके कुशल नेतृत्व और एक अच्छी राजनीतिक अनुभव से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी। कार्यकताओं के साथ सभी वर्ग के लोगों को मान सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को कांग्रेस पार्टी का सच्चा और ईमानदार सिपाही बनकर काम करने की आवश्यकता है।

भारत जोड़ो यात्रा से संबंधित पदयात्रा में सभी कार्यकर्ता शामिल हों : आभा सिन्हा

रांची । रातू रोड़ प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रातू रोड प्रखंड प्रभारी (भारत जोड़ो यात्रा)प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह प्रवक्ता आभा सिन्हा उपस्थित हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारत जोड़ो पदयात्रा, प्रखंड कार्यकारिणी कमिटी का गठन, मंडल कमिटी, वार्ड, बूथ कमिटी एवं डिजिटल सदस्यता अभियान पर विशेष रूप से जोर डाला गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह प्रवक्ता आभा सिन्हा ने भारत जोड़ो यात्रा पर जोर देते हुए कहा कि राजधानी में जहां कहीं भी पदयात्रा आयोजन होगा।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

सैरात बाजार के दुकानों की रेंट दर की वृद्धि पर तत्काल लगाया रोक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। दिवाली से पहले राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग नें जमशेदपुर के छोटे और मझोले दुकानदारों तथा कारोबारियों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत जमशेदपुर शहर में पूर्व में निर्मित सैरात बाजार (मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स) की दुकानों के रेंट दर में हुई वृद्धि को तत्काल वापस ले लिया है। जबतक नई दर निर्धारित नहीं हो जाती,कारोबारियों को पुराने दर से ही रेंट देना होगा। गुरुवार को राज्य सचिवालय प्रोजेक्ट भवन स्थित सभाकक्ष में राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक श्री बन्ना गुप्ता ने नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और कई समस्याओं पर चर्चा हुयी। बैठक में राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना

गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन और नगर निकाय द्वारा सैरात बाजार के दुकानों के रेंट में की गयी वृद्धि न्यायोचित नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि बढ़ी हुई दर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर उपायुक्त की अध्यक्षता में एक नई समिति बनाइए और दुकानों की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए पुरानी दर पर आंशिक वृद्धि करें ताकि व्यापारियों पर भी ज्यादा दबाव न पड़े। उन्होंने कहा कि दुकान व बाजार के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए पूर्व में टाटा की ओर से भी एक डेवलपमेंट प्लान तैयार किया गया था, अगर वह ठीक है तो उसी के आधार पर या फिर खुद अपने स्तर से बाजार के विकास की योजना तैयार करें। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री विनय कुमार चौबे ने कहा कि जिला प्रशासन और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति संयुक्त रुप से बाजारों और दुकानों के लोकेशन और वर्तमान स्थिति का आकलन करें और इसका ड्रोन मैपिंग भी कराएं। जबतक नई दर निर्धारित नहीं हो जाती तबतक टाटा की ओर से 1985 में निर्धारित दर पर रेंट लिया जाय।इस बीच जिला प्रशासन और जेनैक रेंट दर में जायज वृद्धि कर नई दर निर्धारित करें। बैठक में बन्ना गुप्ता ने ईईएसएल द्वारा स्ट्रीट लाईट के समय पर मरम्मत नहीं करने पर नाराजगी जताई और कहा कि दिवाली और छठ में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, जुगसलाई और मानगो नगर निकाय क्षेत्र में कोई भी लाईट खराब नहीं रहे इसका ध्यान रखते हुए अविलंब इसको

- उपायुक्त की अध्यक्षता वाली समिति करेगी नए दर का पुनर्निर्धारण।
- दूधिया रौशनी से सराबोर होंगी जमशेदपुर की सड़कें।
- दिवाली और छठ के पहले खराब स्ट्रीट लाईट होंगे दुरुस्त।

मरम्मत कराएं। विभागीय सचिव श्री विनय कुमार चौबे ने अधिकारियों को इस संदर्भ में आवश्यक निर्देश भी दिया। बैठक में माननीय मंत्री ने होल्डिंग टैक्स में वृद्धि पर भी आ रही शिकायतों की बात कही.. इस पर विभागीय सचिव की ओर से निर्णय लिया गया कि राज्य के सभी नगर निकायों में हुए होल्डिंग टैक्स वृद्धि की समीक्षा के लिए एक कमेटी बनाया जाएगा और वह कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को देगी तत्पश्चात अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

रातू के आमटांड रोड के एक गोदाम से शराब लदा ऑटो पकड़ाया

नवीन मेल संवाददाता

रातू । थाना क्षेत्र के आम टांड रोड स्थित एक गोदाम के पास खड़े ऑटो को पुलिस ने जब्त किया। ऑटो में छुपा कर रखा गया गोल्ड किंग, मेकड्यूएल के अलावा कई अन्य ब्रांड के 12 पेटी अंग्रेजी विदेशी लोड था।पुलिस में गोदाम से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गोदाम में शराब में मिलावट के लिए रखे स्प्रिट के अलावा अन्य चीजो को भी जब्त किया गया है। जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार कि आधी रात को संडे मार्किट स्थित एक गोदाम में छापेमारी की। इस दौरान गोदाम के बाहर खड़े मालवाहक ऑटो बीआर 0 टू क्यु - 9643 जब्त किया। ऑटो की जांच करने पर पता चला कि ऑटो के नीचे बॉक्स बनाकर उसमें शराब को रख ऊपर से चदरा को ढक दिया गया था। पुलिस ने गिरफ्तर लोगो के पास से नकद रुपया के अलावा एक पल्सर बाईक बीआर0 टू ए वाई-2229 व स्कूटीजेएच01ए एन-4627 बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक गोदाम हरिंदर सिंह का बताया जा रहा है। गोदाम के बाउंड्री पर चारो और शराब की बोतल बिखरा पड़ा था। छापामारी के बाद बिखरे बोतल, स्टिकर व अन्य चीजों को इकट्ठा कर आग लगा दिया गया। पुलिस गिरफ्तर लोगो से पूछताछ कर रही है। छापेमारी दल में एएसआई नीतीश कुमार, आदित्य ठाकुर, उज्ज्वल सिंह के अलावा पीसीआर व पुलिस के जवान शामिल थे।

टीआरटीसी, चाईबासा में लोक कल्याण संस्थान के द्वारा लोगों को मधुमक्खी पालन का दिया गया प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। टीआरटीसी, चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है, गुरुवार को प्रशिक्षण के पांचवें दिन इस परियोजना के अंतर्गत सोनुआ ब्लॉक के सरंडिया ग्राम (23) एवं बांदोडिह ग्राम (15) और गोइलकेरा ब्लॉक के आराहासा (18) ओर घोड़ाडूबा ग्राम (18) के कुल 74 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार और राकेश कुमार तथा सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी व चंद्रेस्वर ओझा ने किया। जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा। मुख्य प्रशिक्षक का मधुमक्खी पालन में 30 वर्षों का अनुभव है और अपने अनुभव को उन्होंने लाभुको से साझा किया। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने लाभुकों को मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न उपकरणों, मुख्यतः मधु पेटी के विभिन्न हिस्सों के के बारे में तथा मधु व विभिन्न फूलों में उपस्थित पराग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा चार्ट पेपर में सभी लाभुकों से चित्र बनवाकर प्रदर्शित करवाया गया। प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया। मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया तथा प्रशिक्षणार्थी के सवालों का जवाब बारीकी व व्यवहारिक उदाहरण देकर समझाया गया।

संत माईकल +2 स्कूल मुरी में फ्रेसर्स डे कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मुरी। संत माईकल +2 स्कूल मुरी में फ्रेसर्स डे उत्साह के साथ मनाया गया। फ्रेसर्स डे के अवसर पर वर्ग ग्यारहवी के छात्र एवं छात्राओ का स्वागत पुष्प दे कर किया गया। इस मौके पर वर्ग ग्यारहवीं के छात्र एवं छात्राओं ने मंच पे आकर अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में वर्ग सातवी से बारहवी तक के बच्चों ने भाग लिया एवं मंच पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक राकेश कुमार ने वर्ग ग्यारहवी के सभी छात्र एवं छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय हमेशा गुणवत्ता शिक्षा देने के लिए तत्पर हैं और

विद्यालय में सारी सुविधाए है जिससे बच्चों का सर्वांगिण विकास हो। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य सि. एल. प्रजापति ने विधाथीयो को विद्यालय के प्रति विश्वास जताने एवं जुड़ने के लिए सधन्यवाद दिया और बताए कि +2 के लिए पर्याप्त एवं प्रशिक्षित शिक्षक गण मौजुद है जो बच्चो के बेहतर रिजल्ट के लिए सहायक होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रुपेश कुमार ने सभी ग्यारहवी के छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाए देते हुए कार्यक्रम कि सराहना किया एव विद्यालय द्वारा वर्ग ग्यारहवीं के सभी छात्रों को उपहार दे कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन रिया पाठक एवं राज कुमार साहु ने किया। इस मौके पर सभी शिक्षक एवं शिक्षीकाए रमेश गोराई, शेखर कुमार, किशोर कुमार, अरुण चन्द्र कुमार, किशोर महतो आदि उपस्थित थे।

कार्यालय : भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, रामगढ़।

–: नोटिस :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अंचल अधिकारी, पतरातू द्वारा दायर निम्नांकित भू–वापसी वाद में प्रतिवादी लगातार अनुपस्थित है, वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

क्रम सं0	वाद सं0	वादी का नाम	प्रतिवादी का नाम	मौजा	खाता सं0	प्लॉट	रकबा	भूमि का किस्म
1	10/2019–20/117/2020–21	प्रेम बेदिया	राम विलास सिंह	चिकोर	19	585	0.04	रैयती
2	21/2019–20/128/2020–21	अशोक कुमार बेदिया	अनवर अंसारी	चिकोर	36	58	0.42	रैयती
3	22/2019–20/129/2020–21	अशोक कुमार बेदिया	अफजल राय वगै0	चिकोर	36	402	0.08	रैयती

अतः उपरोक्त व्यक्तियों को आदेश दिया जाता है कि वाद में सुनवाई हेतु अगली निर्धारित तिथि 25/11/2022 को निश्चित रूप से स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाध्य होकर आपकी अनुपस्थित की अवस्था में अभिलेख में उपलब्ध कागजातों के आधार पर एकतरफा सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद जाने।

आज दिनांक 11/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

ह0/–
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
रामगढ़।

PR 280525 Land Reforms(22-23)D

हंसराज बधवा स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

नामकुम। नामकुम स्थित हंसराज बधवा प्लस टू हाई विद्यालय परिसर मे गुरुवार को रांची जिला स्तरीय 49वीं जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी 2022 का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान विद्यालय स्तर से चयन हेतु विज्ञान गणित शिक्षिका रानी कुमारी तथा जीवविज्ञान शिक्षिका पर्यावरण प्रदर्शनी लगाया गया । गणित व भौतिकी रीता कुमारी के मार्गदर्शन में बच्चों ने पर्यावरण संबंधी चिंताएं स्वास्थ्य और स्वच्छता, हमारे लिए गणित विषय पर मॉडल बनाया। इस प्रदर्शनी का जजमेंट सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, शिक्षिका पूनम प्रभा बाड़ा, शिक्षक शिवनोद सिंह कुमार सिंह द्वारा किया गया।

ठाकुरगांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में कृषि मेला प्रदर्शनी का आयोजन

बुढ़मू। बुढ़मू प्रखंड के गिंजो ठाकुरगांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार एवं कृषि मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के उपविकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी एवं अंचलाधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी, प्रखंड के सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी। कृषि प्रदर्शनी मेला में सभी स्टॉल में सभी अतिथियों के द्वारा अवलोकन किया गया। साथ ही साथ जिला एवं प्रखंड के सभी पदाधिकारियो के द्वारा अपने विभाग से संबंधित परिसंपति को सभी अतिथियों द्वारा लाभुकों को वितरित करवाया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा सूचना

Tender Reference No. - DWSD/RW-09/2022-23 Date - 20-10-2022

S.No	Name of the Work	Estimate Cost (in Lac)	Ernest money (in Lac)	BOQ cost (in Rs.)
1	2	6	7	8
1	Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House with Infiltration Gallary R.C.C. Gangway 50 M long and 3.00 M wide, 1.00 MLD Capacity Unconventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir 1 nos., Staff Quarter, Compound Wall, Approach road, Supplying and Laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor and Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Lapung and adjoining villages Rural Water Supply Scheme** under D.W. & S. Division Ranchi West Ranchi on "turnkey basis",	1494.08	14.95	10000.00
2	कार्य पूर्ण करने की अवधि	**18 Months + 3 months (trial and run)**		
3	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय	07-11-2022 at 05:00 P.M		
4	प्री–बीड बैठक का स्थान एवं तिथि	10-11-2021 /12:30 P.M O/o Engineer-in-chief, DWSD, Nepal House, Ranchi.		
5	बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	16-11-2022 up to 04:00 P.M		
6	निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान	17-11-2022 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची प्रक्षेत्र, राँची।		
7	बीड खोलने की तिथि/समय	18-11-2022 up to 02:00 P.M		
8	निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता।	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची।		
9	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651-2491247		

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची

PR 280572 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

ओरमांझी पंचायत में लगा आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

ओरमांझी। पंचायत सचिवालय ओरमांझी में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का कैम्प लगा। कैम्प मे लगभग 1 हजार 2 सौ आवेदन विभिन्न योजनाओं का आया। जिसमे 5 सौ आवेदन का तुरंत निष्पादन किया गया।आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में प्रखंड और अंचल के सभी विभागों का स्टॉल लगा था। जिसमें लाभुक अपना आवेदन दे रहा था। लाभूक का आवेदक को तुरंत ऑनलाइन एंट्री किया जा रहा था। कार्यक्रम में मनरेगा योजना से संबंधित आवेदन लिया गया। जिसमे योजना की स्वीकृति और जॉब कार्ड बनाना मुख्य था। जिसको ऑन द स्पॉट बनाया और स्वीकृत किया गया। कृषि

विभाग का स्टाल में किसान क्रेडिट कार्ड सहित जो भी आवेदन आएगा उसका निष्पादन किया गया। इसके अलावे जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र का आवेदन को तुरंत पोर्टल पर अपलोड किया गया। इसी प्रकार 15 वें वित्त आयोग के द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों का मूल्यांकन एवं नई योजना के लिए आवेदन लिया गया। इसके साथ ही साथ खाद्य आपूर्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, पशुपालन विभाग, बैंक, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई विभागों का स्टॅल लगा था। सोना सोबरण धोती साड़ी योजना के तहत लाभुकों को धोती साड़ी भी दिया गया। गरीब असहाय वृद्ध और दिव्यांग जनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामबृक्ष महतो निदेशक जिला ग्रामीण विकास राची, सृष्टि शंकर जिला संवयक बचपन बचाओ अभियान, शिव चरण बनर्जी जिला सूचना पदाधिकारी राची, बीडीओ विजय कुमार सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा, सीडीपीओ अनीता निलम भेंगरा, बीएसओरामस्वरूप भगत, जेई निवारण चन्द्र रजवार, उपप्रमुख जयगोविंद साहु, विधायक प्रतिनिधि प्रेम नाथ मुण्डा, मुखिया दीपक बडाईक, पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, उपमुखिया संतोष गप्ता, सत्यमराज कुशवाहा, कुदुश अंसारी, आदित्य साहु, आंगनबाड़ी सेविका बबिता देवी, अनीता देवी, रेखा देवी सहित उपस्थित थे।

झारखंड राज्य किसान सभा के सदस्यों द्वारा कोष संग्रह सह प्रचार अभियान चलाया गया

मुरी। मुरी में झारखंड राज्य किसान सभा राज्य सम्मेलन (5-6 नवम्बर) सिल्ली के लिए कोष संग्रह सह प्रचार अभियान चलाया गया ।इस अवसर पर झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य उपाध्यक्षसुफल महतो, जिला अध्यक्ष अरूण कुमार महतो, स्वागत सचिव अमर कुमार महली, प्रखंड सचिव चितरंजन महतो, जिला संयुक्त सचिव भुवनेश्वर मुंडा, किसान नेता जितेन्द्र महतो, संतोष कुम्हार, निलकांत सिंह मुंडा,दीपक सोनार उपस्थित थे। राज्य सम्मेलन में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अशोक ढावले, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, झारखंड राज्य किसान सभा में महासचिव सुरजीत सिन्हा, झारखंड राज्य किसान सभा के उपाध्यक्ष सुफल महतो मुख्य वक्ता होंगे।5 नवम्बर को किसान रैली एवं सभा होगी। सम्मेलन की व्यापक तैयारी चल रही है।

न्यूज गैलरी

जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर बैठक संपन्न

रांची। जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर 27 नवंबर को जंतर मंतर दिल्ली में एक महारैली की सफलता को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक रांची पुनदाग शालीमार बाग के बैंकट हॉल में प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण मुरारी जी विशेषरूप से उपस्थित थे। उन्होंने जंतर मंतर दिल्ली में महारैली की सफलता को लेकर आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए। प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह,प्रदेश महासचिव भावेश सिंह,प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग संपति देवी, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा,जिला अध्यक्ष महेश भारती,महानगर अध्यक्ष कुणाल दुबे ने भी अपने-अपने विचार रखें।इस बैठक को सफल बनाने में नीतू सिंह, बबली कुमारी,समीर सिंह,रवि पंडित आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक समाप्ति के पूर्व फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा के नेतृत्व में मुख्य अतिथि फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण मुरारी जी का भव्य स्वागत एवं अविनंदन हुआ।

महिला संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा आयोजित

रांची। प्रखंड के गलऊ पंचायत सचिवालय में जेएसएलपीएस द्वारा जामुदाग आजीविका महिला संकुल संगठन की वार्षिक आम सभा आयोजित की गई। इस दौरान दीदियों ने संकुल संगठन के आय-व्यय का लेखा-जोखा आम सभा में प्रस्तुत किया। जामुदाग आजीविका महिला संकुल संगठन की दीदियों ने बताया कि अब तक एक लाख अस्सी हजार 13 रुपये का कुल लाभ संकुल संगठन को प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में चार पंचायत की 328 महिला समिति के सदस्यों ने अपने कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान महिला समूह की दीदियों के बीच बीज बांटे गए। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो, जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, मुखिया, सावना महली, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक सुदेश महतो ने महिला, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए महिला समिति के को मजबूत करने को कहा। इन्होंने कहा कि संकुल संगठन मजबूत होने से महिला समिति से जुड़े गांव की हर महिला मजबूत होगी।

झारखंड से मेधा डेयरी उत्पाद पेड़ा की पहली खेप भेजी गई बहरीन

रांची। मेधा डेयरी द्वारा उत्पादित पेड़ा की पहली खेप, कोलकाता के एयरपोर्ट से निर्यात किया गया। यह पेड़ा मध्य पूर्व के देश बहरीन भेजा गया है। इस उपलब्धि से प्रदेश के दूध उत्पादक किसानों के बीच हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। प्रदेश के दूध उत्पादक किसान सरकार के इस सहयोग से काफी खुश हैं तथा राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को इस सरहनीय कदम के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मेधा डेयरी के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह ने कृषि मंत्री बादल, सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता झारखण्ड सरकार, अपेड़ा, राज्य सरकार के अन्य पदाधिकारी, मेधा डेयरी के कर्मचारी तथा प्रदेश के दूध उत्पादक किसानों का धन्यवाद प्रकट किया।

पुलिस संस्मरण दिवस परेड में शामिल होंगे डीजीपी जैप-1 में आयोजित होगा कार्यक्रम

रांची। पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन 21 अक्टूबर को जैप-1 में किया जायेगा। देश की आंतरिक सुरक्षा में जान गंवाने वाले रांची सहित झारखंड के वीर शहीदों को याद में हर वर्ष इसका आयोजन किया जाता है। डीजीपी नीरज सिन्हा कार्यक्रम में शामिल होगे। विदित हो कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रींग में चीनी सेना के आक्रमण में सीआरपीएफ अधिकारी करम सिंह अपने 20 साथियों के साथ शहीद हो गए थे। तब से 21 अक्टूबर को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पिछले एक साल में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है।

पंकज मिश्रा की सक्रियता नहीं हुई थी कम, फोन पर धमकी भी देता था, मैनेज करने की भी गुहार लगाता था

बड़े भाजपा नेता को केस मैनेज करने के लिए फोन किया तो मिली थी फटकार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में ईडी के द्वारा गिरफ्तार पंकज मिश्रा का रूतबा जेल जाने के बाद भी कम नहीं हुआ था। आईएएस, आईपीएस अधिकारियों से फोन पर बातचीत तो वह करता ही था, अपने ही केस को मैनेज करने के लिए एक बड़े भाजपा नेता को उसने कॉल भी किया था, लेकिन बड़े राजनेता ने पंकज मिश्रा को झिड़की लगा दी थी। एजेंसी को यह भी जानकारी मिली है कि अगस्त महीनें में पंकज मिश्रा ने साहिबगंज के पतना ब्लॉक के उप प्रमुख जाकिर शेख को भी धमकी भरा कॉल किया था। इसके बाद उसे देख लेने की धमकी दी थी।

राजनेता से मांगी थी माफी : जानकारी के मुताबिक, पंकज मिश्रा ने बीते दिनों भाजपा से जुड़े बड़े राजनेता को फोन किया था। फोन पर उसने पूर्व में अपने दिए बयानों को लेकर माफी भी मांगी, इसके बाद केस में ईडी से राहत के लिए पैरवी करने की बात की। जिसके बाद बड़े नेता ने उसे डांट लगा दी और फोन काट दिया। इसके बाद पंकज ने दुबारा उनके नंबर पर फोन नहीं किया। पहाड़िया जनजाति के अनाज वितरण में **अनियमितता की आवाज उठाने पर धमकी :** पतना में पहाड़िया जनजाति के लोगों को नौ माह से अनाज नहीं मिला था। अनाज नहीं मिलने पर वहां के उप प्रमुख व झामुमो से जुड़े जाकिर शेख ने आवाज उठायी थी। लेकिन इस मामले में गड़बड़ी की आवाज उठाने पर एक दिन पंकज मिश्रा ने फोन किया और आगे से आफिस नहीं जाने और चुप रहने की नसीहत दी। वरना अंजाम भुगतने की धमकी दी। ऐसे में जाकिर ने दफ्तर जाना बंद कर दिया था।

ईडी को लगातार मिल रही थी सूचनाएं : हाल के दिनों में ईडी को लगतार पंकज मिश्रा की फोन पर सक्रियता की सूचना मिल रही थी। कंपनियों के लिए टेंडर दिलाने से लेकिन ट्रांसफर- पोस्टिंग व प्रशासनिक कामकाज को लेकर पंकज मिश्रा रिम्स के पेईंग वार्ड से ही फोन किया करता था।

भ्रष्टाचार जेल से चला रहे सरकार : बाबूलाल मरांडी

ईडी के द्वारा पंकज मिश्रा के संबंध में खुलासे के बाद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को घेरा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल भेजे गये रिम्स के कॉटेज में भर्ती सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा लगातार राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर बात कर कामकाज का निर्देश दे रहे थे। ईडी द्वारा पकड़े गये भ्रष्टाचार के कैदियों को मोबाइल फोन से अफसरों से बात करने की सुविधा देकर सरकार चलाने में सहयोग लेने वाला झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है।सीएम हेमंत सोरेन को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ,देखिए अगर इस खबर के बाद भी आपको, आपकी सरकार को कोई भ्रष्ट/बेईमान कहे तो प्लीज गुस्सा मत होइएगा। मैं शुरू से आपके संज्ञान में लाता था कि साहिबगंज में पंकज मिश्रा की सरकार चलती है। वहां का डीसी, एसपी सरकारी अफसर की तरह नहीं बल्कि पंकज के लठैत - नौकर जैसा काम कर रहा है। समय के साथ इसकी परत तो खुल ही रही है। बाबूलाल ने कहा कि समझ में नहीं आता कि ऐसे कुछ अधिकारी आखिर थोड़े लालच में गलत एवं गैर कानूनी काम कर अपने एवं अपने बाल-बच्चों का भविष्य क्यों बर्बाद कर रहे हैं? मैं ऐसे अधिकारियों से विनम्र अपील करता हूं कि वे भ्रष्ट सत्ता की राक्षसी स्वार्थ पूर्ति का औजार नहीं बनें और कानून सम्मत काम करें।

मारवाड़ी स्कूल के वार्षिकोत्सव में कला और विज्ञान का संगम

रांची। मारवाड़ी प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, पुष्पा कुजूर, डीईओ कमला सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्कूल के वार्षिकोत्सव में कला और विज्ञान का संगम दिखा। एक तरफ जहां छात्रों ने लोक नृत्य कला के साथ देशप्रेम की भावना को मंच पर प्रदर्शित किया तो वहीं, नाट्य अभिनय के जरिए शिक्षक और छात्र के बीच के रिश्ते और शिक्षा के महत्व को भी दशार्या। इसके बाद कला और विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न मॉडलों की प्रस्तुति के साथ विद्यार्थियों ने अतिथियों को वैज्ञानिक सोच से परिचित कराया।

नगर निकाय में ओबीसी आरक्षण खत्म करने को लेकर भाजपा ने शुरू किया आंदोलन

पिछड़ा विरोधी है हेमंत सरकार, विकास के मामले में भी गरीबों के लिए कुछ नहीं कर सकी: दीपक प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म करने को लेकर आजसू ने जहां सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का मामला दर्ज किया है, वहीं भाजपा ने पूरे मामले में आंदोलन शुरू कर दिया है। गुरुवार को हेमंत सरकार द्वारा नगर निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण समाप्त करने के खिलाफ भाजपा ने एक दिवसीय महाधरना का आयोजन किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार को पिछड़ा विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि यह सरकार चाहुओर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में 53 फीसदी भाजपा समर्थित उम्मीदवार जीतकर आये जिनमें पिछड़ों कि संख्या सर्वाधिक रही है। उन्होंने कहा कि मोदी गांव गरीब किसान और पिछड़ा वर्ग के लिए सर्वाधिक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल- अडवाणी ने झारखण्ड राज्य का निर्माण किया था, किन्तु संघर्ष का नाम देकर

भाजपा ओबीसी मोर्चा का राजभवन के समक्ष एकदिवसीय महाधरना

आंदोलन बेचने और खरीदने वाले जेएमएम और कांग्रेस झारखण्ड की सत्ता में हैं। जबकि लाश पर अलग राज्य निर्माण की बात कहने वाले राजद भी सत्ता में है।

दैनिक मजदूर एवं सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आज

रांची। झारखंड प्रदेश दैनिक साफ-सफाई एवं घरेलू कामगार संघ द्वारा दीपोत्सव के उपलक्ष्य में आज दैनिक मजदूर एवं सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। डोरंडा महावीर मंदिर न्यास समिति धर्मशाला राजेंद्र चौक के निकट संध्या 5:30 बजे दीपोत्सव का त्योहार मनाया जाएगा एवं दैनिक मजदूरों एवं सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। झारखंड प्रदेश दैनिक साफ-सफाई एवं घरेलू कामगार संघ के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे,संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के शुभ अवसर पर संगठन की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

समाज में सरकारी शिक्षकों का शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान है : सीपी सिंह

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची के भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह का निजी स्कूलों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि किसी गरीब पिछड़ों के कमजोर बच्चों को फर्स्ट क्लास से पास करवा कर देखें। मेडिटोरियस स्टूडेंट को निजी स्कूलों द्वारा स्क्रिनिंग कर 10 और 10+ सीजीपीए की बात कर माहौल बनाना अलग बात है। समाज में सही में शिक्षा की अलख तो सरकारी स्कूल के शिक्षक ही अपनी मेहनत से जलाए हुए हैं। सीपी सिंह ने ये बाते गुरुवार को रांची में मारवाड़ी +2 विद्यालय के

88वां वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही। साथ ही कहा कि मारवाड़ी +2 विद्यालय ने कई ऐसे लोगों को समाज को दिया है जो आज बड़े बड़े पदों पर बैठे हैं और समाज में अपना नाम कर रहे हैं। साथ ही कहा कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों का नाम नहीं है पर प्राइवेट स्कूलों के बड़ा नाम है, पर ये भी हकीकत है कि प्राइवेट स्कूलों में जो शिक्षक हैं उनकी नियुक्ति सरकारी स्कूलों में नहीं तभी वे प्राइवेट स्कूलों में गए सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को नियुक्ति के लिए परीक्षा देनी पड़ती है परीक्षा पास करते हैं तब जाकर नियुक्ति होती है। साथ ही इस मौके ओर स्कूल के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिना शिक्षा के कुछ नहीं, आप अपने जीवन मे आगे जाकर जो भी करिए पर उसके लिए पढाई बहुत जरूरी है। बता दें कि मारवाड़ी +2 विद्यालय आज अपना 88वां वार्षिकोत्सव समारोह मना रहा है।

मनमानी फीस बढ़ोत्तरी शीघ्र नहीं रोका तो एसोसिएशन आंदोलन करेगी

रांची। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने कुछ निजी विद्यालयों के प्रबंधकों द्वारा बढ़ाये गए मनमानी फीस का घोर विरोध किया है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि निजी विद्यालयों ने विभिन्न मदों में फीस बढ़ाई है जो विद्यालयों के मनमाने पन को दशार्ती है। एसोसिएशन ने मनमानी फीस शीघ्र वापस लाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कई अभिभावकों ने शिकायत की है कि मासिक फीस, बस किराया, लेट फाइन तथा अन्य मदों में बढ़ोतरी काफी की गई है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में डीएवी ग्रुप ने लेट फाइन के नाम पर प्रति माह 350 रुपए की वसूली कर रही है। गांधीनगर डीएवी से भी कई अभिभावकों की शिकायत आया है। जो कि बिल्कुल गलत है। कोरोना काल से अभिभावकों की आर्थिक स्थिति पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है। राज्य सरकार ने भी निजी विद्यालयों को कई गाइडलाइन जारी की है किंतु निजी विद्यालयों के प्रबंधकों का मनमानी जारी है। उन्होंने कहा कि फीस बढ़ोतरी को शीघ्र नहीं रोका गया तो एसोसिएशन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। एसोसिएशन शीघ्र ही स्कूल प्रबंधकों से मुलाकात कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी लेगी। तथा राज्य सरकार को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

अवैध निर्माण तोड़ने पहुंचा रेलवे प्रशासन, हंगामा

रांची। रांची स्टेशन के समीप रेलवे कॉलोनी में बने धार्मिक अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए गुरुवार को रांची रेलमंडल प्रशासन ने अभियान चलाया। परंतु स्थानीय लोगों के विरोध के कारण अवैध निर्माण को हटाया नहीं जा सका। सुबह में जैसे ही रेलवे सुरक्षा बल के 40 महिला-पुरुष जवान, स्थानीय पुलिस, जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त मजिस्ट्रेट सहित रेलवे के सीनियर डीईएन बमबम पांडेय व डीईएन रवि शंकर पहुंचे, लोगों ने धार्मिक नारे लगाने शुरू कर दिए। साथ ही जय श्रीराम का नारा लगाते हुए कई लोग विवादित स्थल में डटे रहे। इसी दौरान महिलाओं का एक समूह अर्द्धनिर्मित भंडारगृह में हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। काफी देर तक हो-हंगामा होता रहा और हाई वोल्टेज ड्रामा चला।लोगों का कहना था कि मंदिर तोड़ने व हटाने के लिए रेलवे प्रशासन ने एक भी नोटिस नहीं दिया था।



जरूरतमंदों को भोजन पहुंचाने के वास्ते रांची में नमो अन्नपूर्णा बैंक की पहल, सभी संस्थाओं ने सक्रिय भागीदारी की बात कही

नवीन मेल संवाददाता

रांची । रांची के सांसद संजय सेठ ने 'नमो अन्नपूर्णा बैंक' नाम से जरूरतमंदों को भोजन पहुंचाने के वास्ते एक अभिनव शुरूआत की है जिसकी पहली बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। नमो अन्नपूर्णा बैंक की इस बैठक में राँची के होटल व कैटरिंग व्यावसायी, टेंट हाउस, मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी सम्मेलन, माहेश्वरी सभा, एफजेसीसीआई सहित कई संस्थाओं के लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई और इस सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाने की बात कही। श्री सेठ ने बताया कि पहले चरण में एक समिति बनाई गई है जो राजधानी रांची क्षेत्र में पूरी व्यवस्था का अध्ययन कर एक रिपोर्ट तैयार

करेगी। उसके बाद उसे धरातल पर उतारने और जरूरतमंदों को भोजन पहुंचाने का काम आरंभ किया जाएगा। सभी संस्थाओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी की बात कही है । रांची सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि देश का कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोए। इस सपना को चरितार्थ करने के लिए इस नायाब मुहिम की शुरूआत की गई है। जिसके तहत पार्टी, शादी ब्याह , होटलों, एवं अन्य स्थानों में बचे हुए भोजन को एकत्रित कर अन्नपूर्णा बैंक की स्थापना की जाएगी साथ ही इस भोजन की गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए इसे जरूरतमंदों के बीच वितरित की जाएगी। श्री सेठ ने कहा कि एक ओर हमारे समाज में बहुत ऐसे लोग हैं जिन्हें दो वक्त का खाना नसीब नहीं होता, वहीं दूसरी ओर शादी ब्याह और पार्टी बगैरह में बहुत सारा खाना बर्बाद हो जाता है। नमो अन्नपूर्णा बैंक की इस पहली बैठक में चंद्रकांत रायपत, बसंत कुमार मित्तल, श्रीदेव सिंह, होटल बीएनआर चाणक्य से सुधीर मिश्रा, होटल लीलैक बृजेश कुमार, कैपिटल हिल से नरेंद्र सिंह, रॉयल रिट्रीट से अमित कुमार कौशिक, ग्रीन हरिजन से कलोल सेनगुप्ता, होटल मेपल से कौशल कुमार, रंजीत सिंह, राजदीप सिंह, मारवाड़ी युवा मंच से विकास अग्रवाल, माहेश्वरी सभा से नरेंद्र लखोटिया, शिव शंकर साबू, विकास अग्रवाल, पंकज चंद्र मिश्रा, मुकेश काबरा, एफजेसीसीआई से कुणाल आजमानी, जिला मारवाड़ी सम्मेलन से सुरेंद्र चंद्र अग्रवाल, झारखंड कैटरर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल कुमार अग्रवाल, सुशील वर्मा, प्रसून रायपत सहित कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और व्यवसायी मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

हाथियों का झुंड पहुंचा परबा, दो घरों को बनाया निशाना, फसलों को किया बर्बाद

जलडेगा। प्रखंड के परबा चुरगी टांड़ में बीती रात लगभग एक बजे 22 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड देख लोगों की नींद उड़ गई, बताया गया की हाथियों के झुंड में चार छोटे छोटे बच्चे भी है। लोग अपने घरों में सो रहे थे की इसी बीच हाथियों ने गांव के सोनामती देवी और बिरसमनी देवी के घर को तोड़ कर घर में रखे अनाज को खा गए। यही नहीं हाथियों ने गांव के कमलदेव नायक, पुस्ती नायक, गोविंद नायक के खेत में लगी खड़ी फसलों को भी बरबाद कर दिया। इधर ग्रामीणों ने मशाल जलाकर अहले सुबह तक हाथियों को ओडिशा के जंगलों में खदेड़ दिया है।ग्रामीणों ने कहा की मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई है लेकिन अभी तक उनके द्वारा कोई मदद नहीं पहुंची है। न ही सुरक्षा के लिए टॉर्च मुहैया कराया गया है। ग्रामीणों ने कहा की उन्हें भय है की हाथियों का झुंड फिर से वापस न आ जाए इसलिए उन्हें वन विभाग से सुरक्षा और बचाव सामग्री की आवश्यकता है।

महबुवांग पुलिस ने चलाया देसी शराब के विरुद्ध अभियान

बानो। महबुवांग क्षेत्र में दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए एसपी सौरभ कुमार के निर्देश पर महबुवांग पुलिस के द्वारा देसी शराब के विरुद्ध क्षेत्र में अभियान चलाकर देसी शराब के कारोबारियों के यहां तोड़फोड़ करते हुए सभी सामानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। बताया गया कि थाना क्षेत्र के रब्बा ई गांव में लगातार देसी शराब का कारोबार फल-फूल रहा था और इसकी सूचना ओपी प्रभारी को मिली इसके बाद तत्काल दल बल के साथ पहुंचकर 40 किलो से अधिक जावा महुआ को नष्ट कर दिया और साथ ही चेतावनी दी गई है कि दोबारा अगर देसी शराब का कारोबार करते हुए पकड़े जाएंगे तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी ।उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी हाल में अवैध शराब के कारोबार को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा मौके पर ओपी प्रभारी जितेश कुमार सहित पुलिस बल उपस्थित रहे।

एसेंबली के दौरान गिरने से छात्र बेहोश

सिमडेगा। सिमडेगा एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को एसेंबली के दौरान एक छात्र गिरकर बेहोश हो गया जिसे तत्काल स्कूल शिक्षक एवं बच्चों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी देते हुए शिक्षक सत्यजीत कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन के भांति मालसाड़ा निवासी धर्मेंद्र सिंह असेंबली करने आया इसी दौरान अचानक गिर गया और गिरने के साथ ही उसे तत्काल उठा इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया ।इधर सदर अस्पताल में काफी देर तक उसकी स्थिति बेहोशी की बनी रही। शिक्षक ने बताया कि वह सिमडेगा में ही रेंट में रहकर पढ़ाई करता है इधर बेहोशी के बाद इसकी सूचना परिवार वालों को दे दी गई समाचार लिखे जाने तक युवक की स्थिति बेहोशी की बनी हुई थी।

मदर टेरेसा एएनएम ट्रेनिंग स्कूल बानो में न्यूट्रिशन प्रदर्शनी का आयोजन

बानो। बानो के मदर टेरेसा ए एन एम ट्रेनिंग स्कूल में एएनएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने गुरुवार को न्यूट्रिशन प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में एक स्वस्थ शरीर के लिए सोफ्ट डाइट, हाइपरटेंशन डाईट, डायबिटीक डाईट, हाई प्रोटीन डाईट, एनीमिक डाईट के भोजन का प्रदर्शन किया गया, जिससे शरीर की उचित देखभाल के साथ उचित पोषण से सम्बन्धित जानकारियों को भी साझा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.रवि कुमार, संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा, विशिष्ट अतिथि बैंक प्रबंधक विकास कुमार कर्ण,समाजसेवी बिल्लू अग्रवाल ने प्रदर्शनी में लगाए गए एक से बढ़ कर एक विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। जिसके उपरान्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 समूहों का चयन कर छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा ने कहा कि आज के समय में खानपान में सुधार कर बहुत सारी बीमारियों से बचा जा सकता है। वहीं कार्यक्रम में संस्थान की सचिव निभा मिश्रा, प्राचार्या संगीता कुमारी, ट्यूटर प्रभा सुरीन , अलविना तोपनो, कुमुदनी कुमारी,नूतन किड़ो, लीलावती साहू बिनीता कुमारी मटिलदा तिर्की सहित सभी छात्राएं मौजूद थीं।

सीनियर हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए तीन महिला हॉकी खिलाड़ी आमंत्रित

सिमडेगा। 25 अक्टूबर से 26 नवंबर तक साईं सेंटर बेंगलुरु में भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कैंप में झारखंड के चार महिला हॉकी खिलाड़ी आमंत्रित किए गए हैं। जिनमे सिमडेगा की सलीमा टेटे ,संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग शामिल है ।सलीमा और संगीता पूर्व से सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के सदस्य हैं ।वही ब्यूटी डुंगडुंग जो जूनियर इंडिया महिला हॉकी टीम के सदस्य थी उसे भी इस बार सीनियर महिला इंडिया टीम में चयनित किया गया है। सिमडेगा के तीन सहित झारखंड के 4 महिला हॉकी खिलाड़ियों का एक साथ सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में चयनित होने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी सहित हॉकी सिमडेगा के पैंक्रासियूस टोप्पो,सुनील तिर्की, कमलेश मांझी, सोहन बड़ाइक, प्रतिमा बरवा,प्रतिमा तिर्की, करिश्मा परवार, तारिणी कुमारी सहित हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है और खुशी जाहिर किया है।

सखुआ का बल्ली लदा 407 ट्रक जब्त

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के जरिया मासू मुड़ामू सड़क कटरमाली चौक के समीप बुधवार रात्रि 2:00 बजे अवैध तरीके से सखुआ बल्ली लोड कर ले जा रहे 407 ट्रक को बेड़ो वन विभाग की टीम ने जप्त कर लिया। वही 407 ट्रक के चालक वन विभाग के कर्मियों को देखकर सखुआ लोड 407 ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर मामले की जानकारी देते हुए वनपाल प्रभारी भूपेंद्र प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग बेड़ो की टीम ने जरिया कटरमाली चौक के समीप रात्रि में जांच अभियान चलाया। जहां हुलसी जंगल से सखुआ बल्ली लोड कर रांची की ओर जा रही 407 ट्रक नंबर जेएच 01 डी 9240 को जप्त कर वन विभाग कार्यालय ले आए। वही लकड़ी तस्करों के विरूद्ध करवाई करते हुए आसपास के जंगलों में वन विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने पेड़ काटने वाले तस्करों को कड़ी हिदायत दी है कहा कि अवैध रूप से लकड़ी के कारोबार करने वाले तस्कर बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बेड़ो समेत लापुंग क्षेत्र के लकड़ी तस्करों को चिन्हित कर लिया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन व अमृत महोत्सव पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का सांसद-विधायक ने किया उद्घाटन

सदियों से वीरों की भूमि रही है झारखंड : सांसद

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की स्थानीय ईकाई केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2022 और आगामी सरदार पटेल के जन्मोत्सव ' एकता दिवस' (31 अक्टूबर) के अवसर पर आज 20 अक्टूबर से दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह और सदर विधायक राज सिन्हा ने किया।

स्टील गेट के समीप स्थित पंचायत भवन परिसर में चल रही। इस प्रदर्शनी में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय गणमान्य जन प्रतिनिधि जैसे दुर्गा पूजा कमेटी के सचिव और कोषाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

मौके पर सांसद ने मकहा कि सदियों से झारखंड, वीरों की भूमि रही है। उन्होंने प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानियों की वीरता और कुर्बानियों को याद किया, जिससे आजादी की राह आसान हुई।

सांसद ने कहा कि किसी राष्ट्र के लिए 75 वर्ष मानना राष्ट्र के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री तिरंगा से आह्वान पर पूरे देश ने तीन दिन 75वीं आजादी का पर्व मनाया। पीएम जनता की फिक्र करते हैं, इसीलिए 80 करोड़ लोगों को भोजन देने की व्यवस्था नरेंद्र मोदी जी लगातार कर रहे हैं, ताकि गरीबों, किसानों की जिंदगी में परिवर्तन आए। स्वच्छता अभियान को घर घर पहुंचाने का कार्य भी पीएम नरेंद्र मोदी जी ने बखूबी किया है। सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि देश को एक करने में उनका सर्वोपरि योगदान है, पीएम मोदी द्वारा एसटैच्यू ऑफ यूनिटी उन्हें श्रद्धांजलि है।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम को विधायक ने बताया सफल अभियान

विधायक सदर राज सिन्हा ने अमृत महोत्सव पर घर तिरंगा योजना को मानने का प्रधानमंत्री द्वारा एक सफल आह्वान बताया। पटेल जी को याद करते हुए विधायक महोदय ने कहा कि उन्होंने ही देश के अनेकता में एकता के कार्य को सिद्ध किया है। फोटो प्रदर्शनी के बारे में कहा कि इसमें ऐसे फ्रीडम फाइटर के बारे में जानकारी है जो आम तौर पर लोग नहीं जानते और इसकी सफलता की कामना की। प्री-पब्लिसिटी कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानीय स्कूलों में आयोजित पेंटिंग, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया और सर्टिफिकेट भी बाटे। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद श्री ओंकार नाथ पाण्डेय ने इस प्रदर्शनी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर विभाग द्वारा स्वच्छता पर संदेश देने से साथ साथ अमृत महोत्सव पर दो दिनों तक जागरूकता रथ भी चलाया जा रहा है, जिसे मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने आज हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

बता दें कि शुक्रवार को इस कार्यक्रम का समापन दिवस है। जिसके मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त, धनबाद शशि प्रकाश सिंह, और जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारी गण होंगे। कल भी प्रदर्शनी स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिताएं आयोजित को जायेंगी। आज प्रदर्शनी स्थल पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय व कृषि विभाग, झारखंड द्वारा विभागीय स्टॉल लगाया गया। इसमें दिव्यांगो से जुड़े प्रषिक्षण व पुनर्वास तथा कृषि संबंधी जानकारी दी गई।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुरा में स्कूली छात्रों के बीच पोशाक वितरित

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। बोकरन्दा पंचायत की मुखिया सरोज मुंडा तथा उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा के पहल पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुरा में स्कूली छात्र छात्राओं के बीच नए रंग का पोशाक का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पहली और दूसरी कक्षा के 62 छात्र छात्राओं के बीच गुलाबी तथा नीले रंग के पोशाक का वितरण किया। पोशाक पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर विश्वनाथ मुंडा ने कहा कि जितनी अच्छी हमें शिक्षा मिलेगी उतनी ही अच्छी समाज का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर विशेष फोकस करने की जरूरत है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधान शिक्षक मो. जुबैर अंसारी ने कहा कि

राजकीय प्राथमिक विद्यालय बड़का कुरा नित्य प्रतिदिन निखरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सरकारी निदेर्शों का अक्षरशः पालन किया जाता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति विद्यालय के सभी शिक्षक संकल्पित हैं। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तेलेंगा मुंडा तथा समाजसेवी तेम्बा उरांव ने भी बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की सहायक शिक्षिका रेखा कुजूर, सहायक अध्यापक धीरजो बारला , वार्ड सदस्य सुगन्ति कुमारी, राजेश्वरी देवी, जादो बारला सहित कई लोग मौजूद थे।

जमीन संबंधी त्रुटियों को लेकर दिया धरना, बोले जिलाध्यक्ष

परती जमीन के बंदोबस्ती का दें अधिकार

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा कचहरी के समीप गुरुवार को अबुआ झारखंड पार्टी जिला समिति के तत्वधान में जमीन संबंधी सभी त्रुटियों को दूर करने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन की अगुवाई जिला अध्यक्ष लिबनुस टेटे के द्वारा किया गया। मौके पर धरना को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि सिमडेगा जिला के हजारों रैयतों का खतियान एवं खरीद की जमीन का डाटा ऑनलाइन से वंचित है जिसके कारण सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है। उन्होंने मांग किया कि विशेष कैंप लगाकर ऑनलाइन किया जाए और लगान रसीद काटा जाए एवं समय से

बच्चों का जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र निर्गत की जाए। उन्होंने कहा कि बहुत से रैयत का प्लॉट नंबर दूसरे का खाता में चढ़ा हुआ है। उसे तत्काल सुधार किया जाए। इसके अलावा पूर्वजों द्वारा खूंटी काटकर जमीन का बंदोबस्त किया गया उसे भूमि बैंक में जमा किया गया है उसे तत्काल वापस किया जाए और लगान रसीद काटा जाए। उन्होंने कहा कि जब तक ऑनलाइन नहीं होता है तब तक ऑफलाइन लगान रसीद भी काटने की प्रावधान की जाए ताकि दिक्कत ना हो। इसके अलावा पहान एवं मोहतो को खूंटकटि जमीन का लगान रसीद काटने का अधिकार दी जाए। वहीं परती जमीन का जो दखलकार है उसे बंदोबस्ती का अधिकार दी जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर 3 महीना के अंदर सरकार इन मांगों को पूरा नहीं करती है तो झारखंड पार्टी की ओर से आंदोलन तेज की जाएगी । मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव रूबेन डांग, जिला सचिव राजेश डुंगडुंग, जॉनसन कंडुलना जिला महासचिव सहित सभी प्रखंड से आए हुए पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिवंगत केके भगत चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

खेल एक ऐसा मंच है जो प्रेम, सद्भाव के साथ-साथ स्वास्थ और रोजगार भी उपलब्ध कराता है: नीरू

कुडू - लोहरदगा। प्रखण्ड के सुंदरू पंचायत अंतर्गत विश्रामगढ़ स्थित मैग्जिम मैदान में आजसू पार्टी के बैनर तले चार दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में दिवंगत विधायक की पत्नी सह आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, जिला महासचिव विलियम कुजूर, केंद्रीय सचिव गुड्डू लाल, प्रखण्ड अध्यक्ष कलीम खान, महिला अध्यक्ष अनिता साहू, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, नगर अध्यक्ष अशोक साहू शामिल हुये। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किये गए टूनार्मेंट का फाइनल मैच आया तुफान गोली बनाम जय सरना कुर्मी टोला के बीच खेला गया। जिसमें

जय सरना कुर्मी टोला ने पेनाल्टी शुट आउट में एक गोल से जीत हासिल कर टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पूर्व अतिथियों का अयोजन समिति के ओर से गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ

पुष्पगुच्छ देकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। ततपश्चात अतिथियों द्वारा विजेता उप विजेता रही टीमो के खिलाड़ियों को पुरुस्कार के रूप में नकद, खस्सी, जर्सी, फुटबॉल और शील्ड दिया गया। मौके पर नीरू शांति भगत ने कहा कि खेल ही एक ऐसा मंच है जहां स्वास्थ, प्रेम, सद्भाव के साथ साथ रोजगार भी उपलब्ध कराता है। इस लिए हमे खेल को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिले को खेल हब के रूप में विकसित करने का दिवंगत विधायक का सपना था। आजसू पार्टी का एक एक कार्यकर्ता उसे पूरा करने का काम करेगा। मौके पर मौके पर केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, सदस्य रामानंदन साहू, मीडिया प्रभारी नावेज खान, जिला उपाध्यक्ष साजिद कलाल, रमेश बैठा, विजय उरांव, समाजसेवी रवि कुमार, मुखिया छोटी रानी, पसस अब्दुल मन्नान अंसारी, फीरोज अंसारी, मुख्तार राय आदि मौजूद थे।

रांची में न्युवोको ने डीलरों के साथ मनाया स्वर्ण महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अग्रणी सीमेंट कंपनी न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने वार्षिक स्वर्ण वितरण कार्यक्रम ह्लस्वर्ण महोत्सवह्व मनाया। यह आयोजन न्युवोको की प्रीमियम पेशकश कॉंक्रीटो के लिए वर्ष के बिक्री लक्ष्य को प्राप्त करने में उनके प्रयासों के लिए प्रमुख बाजार, बिहार में सोने (समृद्धि, भाग्य और धन का प्रतीक) के साथ शीर्ष 225 डीलरों को मान्यता देता है। कॉंक्रीटो एक प्रीमियम स्लैग सीमेंट है जो सभी प्रकार के निम्न, मध्यम और भारी निर्माण कार्यों में उपयोग के लिए उपयुक्त है और इमारत के बाहरी और अंदरूनी हिस्सों को बेहतर फिनिश देता है। इसका उपयोग छत, नींव, बीम, कॉलम, पलस्तर और ईंट का काम जैसे विभिन्न उपयोगों के लिए किया जा सकता है। यह विशेष रूप से नियमित सीमेंट की तुलना में सघन कंक्रीट मिश्रण प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। इस संबंध में विनीत तिवारी, चीफ सेल्स ऑफिसर, सीमेंट बिजनेस ने कहा कि ह्लन्युवोको में हम अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे डीलर न्युवोको के विकास की कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमारी नेटवर्क रणनीति का एक अभिन्न हिस्सा हैं। स्वर्ण महोत्सव हमारे प्रीमियम सीमेंट ब्रांड-कंक्रीट को बढ़ावा देने में उनके प्रयासों को मान्यता देने की एक पहल है, जिसने वित्त वर्ष 2022 में 17 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि देखी है। कांक्रीटो स्लैग सीमेंट की श्रेणी में अग्रणी बना हुआ है और भारत में सबसे भरोसेमंद सीमेंट ब्रांडों में से एक के रूप में पहचाना जाता है।

धूमधाम से मना नवाखानी पर्व, विश्वासियों ने ईश्वर को अनाज समर्पित कर जताया आभार

फसल की अच्छी उपज के लिए ईश्वर को धन्यवाद देने का दिन हैं नवाखानी पर्व: विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कुरडेग प्रखंड के हिनगिर ढोड़ापानी में नवाखानी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मौके पर पादरी हालन लकड़ा की अगुवाई विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। साथ ही अनाज की उपज के लिए ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। इसके विश्वासियों ने ईश्वर को अनाज समर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और उनकी धर्मपत्नी सह पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। विधायक भूषण ने कहा कि आज का दिन ईश्वर को अच्छी उपज के लिए धन्यवाद देने का दिन है। नवाखानी के दिन विश्वासी अपनी पहली उपज का हिस्सा ईश्वर के नाम पर दान के रूप

में समर्पित करते हैं। साथ ही आने वाले वर्षों में भी अच्छी बारिश हो और अच्छी फसल हो इसके लिए प्रार्थना करते हैं। कहा कि हम अपने पहले फसल के लिए ईश्वर को धन्यवाद दें। कहा कि हमारा सम्पूर्ण जीवन ईश्वर दान है। हमारे खेत ईश्वर द्वारा दिये गए हैं। इसलिए हम ईश्वर को बार बार धन्यवाद दें। विधायक ने कहा कि भारत त्योहारों का देश हैं। यहां हर मौसम और क्षेत्र का एक त्योहार है।

गरीबों एवं भूखे लोगों में भी दान करें अनाज: जिप सदस्य जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि प्रभु की कृपा से ही हमारे खेतों में अनाज उपजता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन अपने पूर्वजों को भी धन्यवाद देने का दिन है। क्योंकि उनके द्वारा बहुत मेहनत से हमारे लिए खेत तैयार किए गए थे। उन्होंने गरीबों एवं भूखे लोगों के बीच भी अनाज दान करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रार्थनामय गीत प्रस्तुत किये गये। युवतियों के समूह ने प्रभु की आराधना में भजन प्रस्तुत किए। मौके पर प्रचारक विजय कुमार तिर्की,प्रचारक दिशमफोर खलखो,प्रचारक मनोज तिर्की,प्रचारक पतरस तिर्की,कुरडेग प्रखण्ड अध्यक्ष तुलसी प्रांगत खलखो,केरसई प्रखण्ड अध्यक्ष जेफ्रेन केरकेट्टा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,पूर्व प्रखंडअध्यक्ष डेविड तिर्की, सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि निरोज बड़ा,उप प्रमुख सिलबेश्तर बघवार, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि मुंश खेस,प्रदीप टोप्पो, मुखिया बसंती लकड़ा,सतीश केरकेट्टा, एरिक मिंज,माइकल कुजूर, पंचायत समिति प्रतिमा कुजूर,नीला नाग, रावेल टोप्पो, मोजेस टोप्पो, संजय तिर्की, कविता टोप्पो,अनूप बेग, सुसंगत मिंज, निरंतर बेग,महिमा मिंज, किरण टोप्पो, जयमोन लकड़ा,जॉनी, सागर, बन्नू आदि उपस्थित थे।

जिप सदस्य ने किया चार गांवों के खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखंड की जिला परिषद सदस्य और समाजसेवी हिंदिया टोप्पो ने लतरातु पंचायत के लतरातु, तेतरा, तिगरा और बलांदु चुपाटोली गांव का दौरा कर वहां के खिलाड़ियों से मुलाकात की और खिलाड़ियों के बीच एक-एक सेट जर्सी का वितरण किया। इस मौके पर हिंदिया टोप्पो ने कहा कि गांव गांव में फुटबॉल और हॉकी तथा एथेलेटिक्स की प्रतिभाएं भरी पड़ी हैं। उन्हें प्रोत्साहित करना, उन्हें सही प्लेटफार्म उपलब्ध कराना तथा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिलाना हम सबका सामूहिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्कूल के स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित करना तथा प्रत्येक दिन दो पीरियड खेल को देना जरूरी है। सरकार ऐसी नीति बनाएं कि खेल की प्रतिभाएं स्वतः सामने लिखा कर आए और यहां

के खिलाड़ी देश और विदेश में झारखंड का नाम रोशन करें। इस मौके पर समाजसेवी जितिया उरांव, सुखदेव उरांव, विमल उरांव, राजू उरांव,राज खलखो तथा धर्मेश क्लब चुपाटोली के दर्जनों खिलाड़ी मौके पर मौजूद थे। जर्सी मिलने के बाद फुटबॉल के खिलाड़ियों ने हिंदिया टोप्पो के प्रति आभार प्रकट किया।

स्कूली बच्चों ने डेंगू से बचाव के लिए चलाया जागरूकता अभियान

बेड़ो। विद्यासागर पब्लिक स्कूल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में थाना गेट के पास ₹डेंगू जागरूकता शिविर₹ लगाया गया . यहां पर विद्यालय के बच्चों ने बाजार आए लोगों के बीच डेंगू के कारण, लक्षण एवं बचाव हेतु उपाय के लिखित जानकारी पर्चा ग्रामीणों में वितरित किया। डेंगु रोग के बारे में लोगों को मौखिक भी समझाया। इस अवसर पर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक वीरेंद्र प्रसाद, विद्यालय के निदेशक ललन सिंह, केंद्र के विजय कुमार एवं विद्यालय के मिस सुनीता तिर्की एवं निशा वर्मा ने सहयोग किया।

पुलिस ने मंदरो बखार पूल के पास से शव किया बरामद

बेड़ो। नरकोपी थाना क्षेत्र के मंदरो बखार पूल के पास गुरुवार सुबह हादसे का शिकार हुए 33 साल के एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान चान्हो थाना क्षेत्र के चलियो साल्य टिकरा के रहने वाले 33 वर्षीय अगस्तूस मिंज के रूप में की गई है। बताया जाता है कि अगस्तूस जतरा देख कर अपने बाइक से घर लौट रहे थे, तभी उक्त स्थान में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो हुए। रातभर वहां पड़े रहने के कारण उनकी मौत हो गई। सुबह राहगीरों की नजर पड़ने पर नरकोपी पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद नरकोपी पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है।

जेएसएलपीएस की महिला समूह के साथ विधायक ने की बैठक

बेड़ो। ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाना और उन्हें स्थायी स्वरोजगार उपलब्ध कराना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर स्थित विवाह मंडप में गुरुवार को मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने जेएसएलपीएस के महिला समूहों के साथ बैठक करते हुए कही। बैठक में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने महिलाओ के साथ विभिन्न मुद्दों (योजनाओं) पर विचार-विमर्श किया, साथ ही जन जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचने के लिए नया टास्क जेएसएलपीएस की महिलाओ को दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

योजना सचिव ने स्कूल का किया निरीक्षण

कोडरमा। झारखंड के योजना एवं विकास विभाग के सचिव और 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम हेतु कोडरमा जिले के प्रभारी सचिव अमिताभ कौशल द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय उरांव का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के क्रम में पाया कि बच्चे मन लगाकर पढ़ाई कर रहे हैं और शिक्षक पूरी मेहनत के साथ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को मन लगाकर पढायें ताकि उनका बेहतर भविष्य का निर्माण हो। बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की बात कही। मौके पर सचिव के अलावे उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री संजय यादव, अंचल अधिकारी रामरतण वर्णवाल व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के तहत विद्यालय में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में सह पाठयक्रम गतिविधियों के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता वर्गवार आयोजित की गई। विद्यालय के चित्रकला शिक्षक राजीव कुमार मोदी के निर्देशन में बच्चों ने एक से एक पेंटिंग बनाया तथा अपने सृजनात्मक शक्ति को कलम एवं कागज की मदद से प्रदर्शित किया। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने सफल छात्रों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि छात्र अपने भीतर छिपी प्रतिभा को पहचाने और शिक्षकों के मार्गदर्शन में उसे निखारें। इससे उनकी सृजनात्मक क्षमता बढ़ेगी। सफल छात्रों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों के अंदर असीमित प्रतिभा होती है उस प्रतिभा को बाहर निकाल कर उसे निखारना हमारा उद्देश्य है। इसमें शिक्षक और अभिभावक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी में अस्मिता कुमारी, कुंदन राणा,रेखा कुमारी, रितेश पंडित, नितिश कुमार, सिद्धार्थ पंडित, स्रुति कुमारी, शिवम कुमार, रिंकी कुमारी, सोनु कुमार, सूरज कुमार, कुलदीप कुमार, हसन रजा,बादल राज, आरुषि सुमन, कुंदन कुमार,द्रौपदी कुमारी, अनिश गुप्ता आदि थे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐप रीड एलांग का किया शुभारंभ

हजारीबाग। हजारीबाग ज़िला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पीरामल फाउंडेशन और गूगल के सहयोग के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐप रीड एलांग का शुभारंभ किया गया। इस ऐप के विशेषता की बात करें तो इसके माध्यम से बच्चों को समूह बनाकर रीडींग ग्रुप के माध्यम से भाषा कौशल को बढ़ाया जा सकता है एवं निपुण भारत मिशन एवं बुनियादी शिक्षा अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त किया जाता सकता है। इस ऐप के माध्यम से बच्चों में पठन, भाषा का ज्ञान एवं गतिविधियों को अपेक्षित उचाईयों तक ले जाया जा सकता है। यह ऐप सुंदर और आकर्षक कहानियों चित्रों एवं खेलों के माध्यम से बच्चों में अक्षर,शब्द तथा अनुच्छेदों को पढ़ने एवं समझने में सहायता करता है। यह ऐप 10 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में एक हजार से ज्यादा कहानियों एवं खेलों के साथ प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्प नि:शुल्क है जिसका पार्टनर कोड 1234 हाजा है। कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट लीड विन्ध्यासिनी राय ने बताया कि यह ऐप स्वअध्याय एवं भाषा ज्ञान के लिये शिक्षकों के सहयोग के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उक्त कार्यक्रम में ज़िला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एरिया शिक्षा पदाधिकारी, एपीओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक तथा पीरामल फाउंडेशन की टीम सहित अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेसियों का विजैया पंचायत में आयोजित हुआ भारत जोड़ो यात्रा

बरही। कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा के तहत गुरुवार को प्रखड के विजैया पंचायत से प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अगुवाई में आयोजित की गई। कार्यक्रम के पूर्व उपस्थित लोगों के समक्ष मुनीलाल ठाकुर को विजैया पंचायत का अध्यक्ष एवं रामकृष्ण महतो को सचिव भी मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण कमर तोड़ मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। इसके विरोध में कांग्रेसियों के द्वारा पूरे देश में भारत जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन केंद्र सरकार की झूठे वादे एवं फूल पत्ती खोलने का काम किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि कॉन्ग्रेस देश की सबसे बड़ी और पहली पार्टी थी इसी के नेतृत्व में ही देश का विकास संभव है। मौके पर दशरथ यादव, देवलाल कुशवाहा, राजेंद्र यादव, मुन्नी लाल ठाकुर, बैजनाथ यादव, रामेश्वर राम, भीखलाल यादव, रामकृष्ण महतो, महेश रविदास, महेंद्र यादव, दिलीप यादव, संदीप कुमार, विनोद यादव, राजू ठाकुर, बहादुर यादव, मधुसूदन सिंह आदि उपस्थित रहे।

'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम 2022 के तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, कहा-

सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से शत-प्रतिशत योग्य लाभुक हों लाभान्वित

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। राज्य सरकार के निर्देशानुसार दो चरणों पहला 12 से 22 अक्टूबर एवं दूसरा 1 से 14 नवंबर तक चल रहे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों कि गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित हुए शिविरों के दौरान ग्रामीणों को उपलब्ध कराए गए लाभ एवं प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से शत-प्रतिशत योग्य लाभुक लाभान्वित हो इसके लिए यह जरूरी है कि शिविर के दौरान ग्रामीणों को योजनाओं की पूरी जानकारी दी जाए। मौके पर

उपायुक्त ने जिला स्तर से अलग-अलग प्रखंडों के लिए प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को शिविर के दिन सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से संबंधित स्टॉल का निरीक्षण कर उनके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर अलग-अलग प्रखंडों में हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में शिविर के दौरान बच्चियों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने जिला स्तर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा की सरकार द्वारा ऐसी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनमें अगर किसी एक लाभुक को एक योजना का लाभ मिल रहा है तो उसे अन्य योजनाओं से भी जोड़ा जा सकता है सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ऐसी योजनाओं के लाभुकों को अन्य योजनाओं से भी जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाए। उदाहरण के रूप में उपायुक्त ने मनरेगा जॉब कार्ड प्राप्त करने वाले लाभुकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराने, राशन कार्ड प्राप्त करने वाले लाभुकों का आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी बनाने तथा राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने हेतु कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत शिविर के दौरान प्राप्त किए गए आवेदनों की समीक्षा कर शिविर में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को ससमय पोर्टल पर अपलोड करने एवं तीव्र गति से उन्हें निष्पादित करने के संबंध में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियो, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

उप विकास आयुक्त ने की जिले के बैंकर्स के साथ बैठक

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी बैंकर्स के साथ बैठक की। बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी बैंक के प्रतिनिधियों को केसीसी अंतर्गत लंबित सभी आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्वयं सहायता समूह की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंको को आपकी योजना -आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में स्टाल लगाने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रामगढ़ सहित जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

46 दिन बाद समाप्त हुआ आत्माकर्मियों का हड़ताल, 22 से काम पर लौटेंगे कर्मी

बरही। पिछले तीन सितंबर से आत्मकर्मियो की चली आ रही हड़ताल 46वें दिन बुधवार की देर संध्या समाप्त हो गई है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, सचिव अबू बकरसिद्दीकी, विधायक जय मंगल सिंह ने हड़तालकर्मियो से मुलाकात कर उनकी मांगो से अवगत हुआ एवं शीघ्र ही नियमावली पर विचार विमर्श करने की बात कही। सरकार की पहल के बाद विभागीय निदेशक निशा उरांव के द्वारा हड़तालकर्मियो से सम्मानजनक वार्ता हुई। देर संध्या बुधवार को हड़तालकर्मियों ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा किया। बरही एटीएम उमेश राणा ने बताया कि आगामी 22 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में योगदान देने के बाद अपने काम पर वापस लौटेंगे। सरकार के द्वारा हड़ताल अवधी की राशि की कटौती नहीं की जाएगी।

लगातार हो रही है छापेमारी, बाबजूद भयमुक्त वातवरण में दुकानदारों का मिलावट और गुटखा बिक्री है जारी

नवीन मेल संवाददाता

बरही। गुटखा बिक्री व मिठाइयों में अखाद्य पदार्थो की मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी व उनकी टीम के द्वारा बरही व चौपारण के विभिन्न मिठाई एवं गुटका दुकानो में लगातार छापेमारी अभियान जारी है। बावजूद दुकानदारों के द्वारा भयमुक्त वातावरण में मिठाइयों में अखाद्य पदार्थो की मिलावट व गुटखा की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। बीते कुछ दिन पहले खाद्य प्रयोगशाला रांची की टीम के द्वारा बरही एवं चौपारण के विभिन्न दुकानों में छापेमारी के दौरान मिठाइयों में अखाद्य रंग, अरारूट, चलानी मैदा आदि की मिलावट की पुष्टि की गई थी। साथ ही दुकानदारो

को फूड लाइसेंस बनाने व दुकान को साफ सुथरा रखने की हिदायत दी गई थी। साथ ही यह भी बताया गया था कि अगली बार ऐसा नहीं पाए जाने पर दुकानदार दंडित किए जाएंगे। इसके बावजूद भी गुरुवार को हुई छापेमारी में एक बार फिर बरही के कामधेनु, मधुलिका रिटेल आउटलेट, फूड प्लाजा रसोईयाधमना, दीपक स्वीट्स, कन्हैया स्वीट्स महुदी मोड़ सहित विभिन्न दुकानों में एक बार फिर मिठाइयों में अखाद्य पदार्थो के मिलावट, गंदगी पाया गया। जानकारी चाहिए जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि मौके पर ही मिलावटी वाले मिठाईयों को विनष्ट किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि बरही चौक स्थित हजारीबाग रोड सहित मुरारी किराना स्टोर चौपारण आदि करीब सात दुकानो में छापेमारी के दौरान प्रतिबंधित गुटखा बरामद किया गया। जिसे जब्त कर एक बार फिर दुकानदारो को प्रतिबंधित सामान नहीं बेचने की हिदायत दी गई। छापेमारी दल में कंप्यूटर ऑपरेटर विकास शर्मा सहित अन्य कंर्मी भी शामील थे।

जीटी रोड स्थित निजी होटल के पास चली गोली, दो खोखा सहित एक जिंदा कारतूस बरामद, मामला दर्ज

बरही। गुरुवार को रसोईया धमना जीटी रोड स्थित एक निजी होटल के समीप अपराधियों के द्वारा गोली चलाने की घटना का अंजाम दिया गया। प्रेस बयान जारी कर पुलिस निरीक्षक ललित कुमार ने बताया कि श्रीराम बिहार कॉलोनी पांडर पाला, भूली, बैंक मोड़ धनबाद निवासी उपेंद्र सिंह पिता मारकंडेय सिंह सपरिवार अपनी ब्रेजा वाहन ससुराल बक्सर (बिहार) जा रहे थे। इसी क्रम में रसोईया धमना होटल के पास सफेद रंग की अपाची बाईक पर सवार 4-5 अपराधियों के द्वारा घात लगाकर उन पर अन्धाधुन्ध गोली चलाई गई। हालांकि इस घटना में कोई भी हताहत नही हुआ है। जनाकारी मिलते ही पुलिस निरीक्षक दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले का निरीक्षण किया। मौके पर से पुलिस ने 9 एमएम के दो खोखा, 1 मैगजीन तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। संबंधित मामले को लेकर भुक्तभोगी के द्वारा बरही थाना में मामला दर्ज कराया गया। भुक्तभोगी के अनुसार यह हमला उनके दुश्मनों के द्वारा व्यवसायिक मामलों को लेकर किया गया है।

पुत्र की चौथी पुण्यतिथि पर पिता ने कहा-4 वर्ष बाद भी नही पकड़ाया हत्यारा, हर किसी से लगाई गुहार

बरही। धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार की चौथी पुण्यतिथी पर बरही के कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सबो ने दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए ईश्वर से आत्मा शांति हेतु प्रार्थना किया। विदित हो कि दीपक की हत्या एक साजिश के तहत आज से 4 वर्ष पूर्व हजारीबाग में कर दी गई थी। वह हजारीबाग के कोर्रा के एक लॉज में रहकर पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान उसके कुछ दोस्तों के द्वारा योजनाबद्ध तरीकों से उसकी हत्या कर दी गई। हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर पिता के द्वारा हर सम्भव सभी दरवाजे खटखटाये गए। स्थानीय विधायक से लेकर पीएम तक, न्यायपालिका से लेकर मानवाधिकार तक आवाज लगाई गई। परंतु एक पिता को उसके पुत्र की हत्यारा का पता नहीं चल सका। आज भी पिता हत्यारों की खोज में न्यायपालिका और विधायिका के पास भटक रहे हैं। शायद उनके बेटे की हत्या और गुनाह का पता चल सके। संबंधित मामले को लेकर कोर्रा थाना में 178/19 मामला भी दर्ज है।

ग्रामीणों ने पकड़ा ऑन स्पॉट चोर, धुनाई कर पुलिस को किया सुपुर्द

बरही। करसो पंचायत प्लांट पर के ग्रामीणों के सहयोग से एक युवक को चोरी करते पकड़ा गया। जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। युवक राजू रविदास के घर से चोरी कर खिड़की से अपने दोस्त को समान दे कर निकलने का प्रयास कर रहा था। इसी क्रम में गृह स्वामिनी सुनीता देवी ने उसे देख लिया । जिनके हो हल्ला मचाने पर पड़ोसी दौड़कर आये, तब तक युवक छत के ऊपर जा बैठा था। जिसे खोजकर ग्रामीणों ने जमकर धुनाई की। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने बगल के कच्चे मकान में काम कर रही थी एवं यह मकान खाली था। सन्नाटा का फायदा उठाकर युवको ने घर में घुसकर घर के अंदर रखे तीन बक्सो का भी ताला तोड़ा। बक्से में रखे नकदी, जेवरात, पीतल की थाली एवं अन्य जरूरी समान चोरी कर दूसरे सहयोगी को खिड़की से देकर भगा दिया। पकड़े गए युवक ने पहले तो चोरी से इनकार किया परंतु धुनाई होने के बाद अपना गुनाह कबूल किया। युवक ने अपना नाम मो वारिस पिता मो अशफाक खान जो बरही कोनरा पंचायत भवन के पास रहने वाला बताया। पूछताछ के क्रम में युवक ने स्वीकार किया कि वह खोड़ाहर एव अन्य स्थानों पर भी चोरी का अंजाम दे चुका है। इस कार्य मे उसके साथ दो सहयोगी और भी है। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना मिलते ही खोड़ाहर के पूर्व मुखिया खिरोधर यादव ने भी पहुंचकर अपने क्षेत्र के चोरी की घटना की पुष्टी की। चोरी की घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस निरीक्षक को दिया। जिस पर कार्यवाही करते हुए युवक को गिरफ्तार कर थाने लाया गया।

जनता दरबार मे विधायक ने लाभुक को सौंपा पिट निर्माण योजना की स्वीकृति पत्र-3

बरही। प्रखंड के गौरिया करमा पंचायत में आयोजित आप की योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक उमाशंकर अकेला यादव एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा ग्राम गौरियाकरमा के हेमंत कुमार को मनरेगा के तहत उनके बागवानी में नाडेप पीट निर्माण योजना की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। जिसकी तकलीफ राशि 9810 रुपया है। इसके साथ ही दो को जॉब कार्ड और 62 लाभुकों के बीच कंबल भी वितरित किए गए। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, मुखिया कुमारी मीरा, पंसस गिरधारी लाल यादव, विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया कुमारी मीरा, बीडीओ सी आर इंदीवर, बीपीओ सहित कई कर्मी भी मौजूद थे। एसडीओ पूनम कुजूर के द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। विधायक ने लोगों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे फूलो झानो आशीर्वाद योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दिया। इस कार्यक्रम में कुल 604 आवेदन आए, जिसमें 62 का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया, 7 रद्द हुए एव शेष प्रक्रियारत है।

आजसू पार्टी के नगर परिषद कमेटी का परिचय सभा आयोजित, भावी रणनीति बनी

रामगढ़। आजसू के रामगढ़ नगर परिषद कमेटी के अध्यक्ष पद पर राजेश महतो के मनोनयन को लेकर जिला कार्यालय रामगढ़ में गुरूवार को परिचय सभा आयोजित की गई। परिचय सभा में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगीव ,जिला सचिव लालचंद महतो एवं ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरीरत्नम साहू उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो ने नगर परिषद क्षेत्र में संठगन की मजबूती को लेकर विभिन्न चरणों में कार्यक्रम तय किए गए हैं। जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संगठन द्वारा चलाए जा रहे धन संग्रह -जन संग्रह कार्यक्रम को गति देते हुए आगामी नगर परिषद चुनाव संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। नवमनोनीत अध्यक्ष राजेश महतो ने मनोनयन पर आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी,मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया ,उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी सहित नगर कमिटी के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नगर परिषद क्षेत्र में सभी लोगों से सामंजस्य स्थापित कर जनभावना और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए पार्टी के नीति सिद्धांत को जन -जन तक पहुंचाने और पार्टी के जनाधार को बढाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नवमनोनीत अध्यक्ष राजेश महतो का मनोनयन पर बधाई दी और अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर परिषद कार्यकारी अध्यक्ष हरेश राय, उपाध्यक्ष डिया महतो,ललन सिंह,सुशील सिंह,प्रवक्ता कैलाश महतो, अध्यक्ष शोमू खान,वार्ड नं 26 के पार्षद देवधारी महतो, वार्ड नं 06 के पार्षद चितु महतो , सोनू साव,राजकुमार महतो, अख्तर अली,रामवृक्ष महतो,छात्र संघ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार महतो,निरंजन कुमार, अजय आस्था आदि लोग उपस्थित थे।

दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

ऐसे आयोजनों से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मिलता है अवसर : मनोज

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। सोहराय जतरा मेला सह बरद खूटा कार्यक्रम के शुभ अवसर पर नगर परिषद क्षेत्र के हुहुवा में क्रांति क्लब द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, मुख्य सरंक्षक सह वार्ड पार्षद रोशन कुमार उपस्थित हुए। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच हेसला एवं सुगिया के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया गया। मैच में हेसला की टीम ने पेनाल्टी शूट में 3-2 से से जीत दर्ज की। मौके पर मनोज कुमार महतो ने कहा कि फुटबॉल देश का लोकप्रिय खेल है। इस खेल में युवाओं को अपने हुनर को दिखाने का अवसर मिलता है। खेल से शारीरिक और मानसिक का विकास होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में पुरुष सहित महिला खिलाड़ियों ने भी अपना अमिट छाप छोड़ा

है। फीफा वर्ल्ड कप में झारखंड की होनहार खिलाड़ी अष्टम उरांव के भारतीय कप्तान बनाना पूरे झारखंडवासियों के लिए गर्व की बात है। प्रतियोगिता का दूसरा मैच चेटर एवं चोकरबेडा गोला के बीच खेला गया। मौके पर आजसू पार्टी नप उपाध्यक्ष डिया महतो, पार्षद प्रतिनिधि नीरज पासवान,सह सचिव पुरुषोत्तम कुमार, समाजसेवी संतोष महतो, कमिटी अध्यक्ष रामवृक्ष महतो, सचिव उमेश महतो, कोषाध्यक्ष लालबाबू मुंडा, उपाध्यक्ष सुजीत मुंडा,सहसचिव सूरज साव, उप कोषाध्यक्ष विजय महतो, प्रकाश बेदिया, रूपदेव मुंडा, दयानन्द महतो, निरंजन महतो, पिंटू, सुंदर महतो, किशोर कुमार, कौशिक महतो, ब्रह्मानंद पटेल, गोपी मुंडा, बासुकी मुंडा,मनोज मुंडा, रूपेश बेदिया, उज्ज्वल महतो आदि उपस्थित थे।

सतगावां में गो हत्या के मामले में चार लोग गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

सतगावां। प्रखण्ड के सुदूरवर्ती दोनैया ग्राम में कुछ लोगो के द्वारा गो हत्या कर अवैध रूप से मांस बेचने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले को लेकर बुधवार की मध्य रात्रि में दोनैया निवासी उपेंद्र राय पिता स्व राजेन्द्र राय उम्र 30 वर्ष ने सतगावां थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैद्य को दूरभाष पर सूचना दिया थी कि दोनैया ग्राम में हाकिम मियां (पिता स्व पांचू मियां, दोनैया) के यहां गो हत्या कर रखा गया है एवं उसका मांस को बेचने की तैयारी की जा रही है। जिसके बाद थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, प्रखण्ड पशु चिकित्सक डॉ रविकांत एवं पुलिस बल के साथ आधी रात को हाकिम मियां के घर दस्तक दिया गया। जहां देखा गया कि उसके घर के अंदर गाय का गला काटकर रखा हुआ है मरे हुए गाय के आधा चमड़ा उतरा हुआ है। वहीं मौके पर मो वारिस (32, पिता मो हाकिम मियां), सलीम अली (30, पिता स्व हासिम मियां), हाकिम मियां (70, पिता स्व पांचू मियां) तीनो दोनैया निवासी एवं सिराज अंसारी (30, पिता मुस्लिम मियां, ग्राम तेलोडीह ,नजामनगर, थाना गिरिडीह) का निवासी को गाय के मांस का चमड़ा उतारते हुए पाया गया। इन्हें थाना प्रभारी व पुलिस बल के द्वारा रंगे हाथों पकड़ा गया।पकड़े गए व्यक्तियों के द्वारा गो हत्या कर मांस को बेचने की तैयारी की बात स्वीकार की गई। वहीं मारे गए गाय के पास गोहत्या में उपयोग किया गया तीन चाकू, स्टील के तराजू एवं गो के मृत शरीर को सतगावां थाना के द्वारा जब्त सूची तैयार कर जब्त किया गया। जबकि पशु चिकित्सक के द्वारा मारे गए गाय के मृत शरीर से मांस का टुकड़ा का नमूना लिया गया। जिसको लेकर उपेंद्र राय ने सतगावां थाना में आवेदन देकर उक्त लोगो के विरुद्ध गो हत्या कर एवं उसके चमड़े की बिक्री करने के आरोप में कानूनी करवाई करने को लेकर आवेदन दिया गया जिस पर मामला दर्ज कर लिया गया।

नेहरु युवा केंद्र, हजारीबाग के सहयोग से प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन

हजारीबाग निवासी विशेषकर बच्चे इससे अधिकाधिक लाभान्वित हों : अखिल मिश्रा

- केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का सदर विधायक ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अक्टूबर मास में महात्मा गांधी और सरदार पटेल के जन्मदिन का संस्मरण करते हुए स्वच्छता, राष्ट्रीय एकता, एक भारत श्रेष्ठ भारत, केंद्र सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित शासन के 8 वर्ष आदि पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक इकाई रांची द्वारा 20 अक्टूबर 2022 को हजारीबाग के जिला स्कूल ग्राउंड में 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन एचएनबीएलई विधायक हजारीबाग श्री मनीष जायसवाल के कर कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए विधायक

महोदय ने कहा कि यह चित्र प्रदर्शनी अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आजादी के लडाई को बहुत ढंग से दशार्ती है और साथ ही साथ स्वच्छता कथा मोदी सरकार के सफल 8 साल की उपलब्धियों को भी बहुत सुंदरता से प्रस्तुत करती है। माननीय विधायक महोदय ने कहा कि हम केंद्रीय संचार ब्यूरो के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने हजारीबाग को विशेष प्रदर्शनी के लिए चुना। उन्होंने कहा कि हमें आशा है कि हजारीबाग वासी इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी से लाभान्वित होने का पूरा प्रयास करेंगे। रांची से आए हुए विशेष अतिथि श्री अखिल कुमार मिश्रा, अपर महानिदेशक पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची ने कहा कि प्रदर्शनी जानकारियों का खजाना है और हमें आशा करते हैं कि हजारीबाग निवासी विशेषकर बच्चे इससे अधिकाधिक लाभान्वित होंगे।

जिला स्कूल के प्रिंसिपल श्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी का आयोजन हमारे लिए हर्ष का विषय है और इसमें जिला स्कूल की ओर से हर संभव सहायता दी जा रही है। पंचम उरांव, डीपीआरओ हजारीबाग ने कहा की चित्र प्रदर्शनी का आयोजन अपने इतिहास, स्वच्छता और देश के युवा पीढ़ी को नई दिशा देने में बहुत सहायक सहायक है। सभी हजारीबाग वासी इससे लाभान्वित हों। नेहरु युवा केंद्र के हजारीबाग जिला कार्यालय ने प्रदर्शनी के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण रोल अदा किया और उद्घाटन समारोह में उनकी प्रमुख भूमिका रही। विधायक महोदय और अन्य अतिथियों ने बड़े उत्साह के साथ आजादी क्वेस्ट गेम के सेल्फी बूथ पर फोटो खिंचवाया। उद्घाटन समारोह के अंत में श्री शाहिद रहमान, कार्यालय प्रमुख केंद्रीय संचार ब्यूरो , रांची ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी स्थल पर नेहरू युवा केंद्र व जल जीवन मिशन की ओर से आईईसी स्टाल भी लगाया गया है। गीत एवं नाटक विभाग में स्वच्छता पर एक सुंदर नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल मोह लिया और स्वच्छता तथा प्लास्टिक उयोग ना करने का संदेश भी बहुत अच्छी तरह से दशकों तक पहुंचाया।

न्यूज गैलरी

खनन विभाग ने ठेठईटांगर में कार्रवाई कर अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर और चिप्स लदा हाइवा किया जब्त

ठेठईटांगर। जिले में लगातार खनन विभाग के द्वारा अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई जारी है इसी कड़ी में गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार के निर्देश पर खनन निरीक्षक के द्वारा ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से उड़ीसा से ला रहे चिप्स लदा हुआ हाईवा को जप्त करते हुए ठेठईटांगर थाना को सुपुर्द किया। खनन निरीक्षक गणेश चन्द्र परिडा ने बताया कि लगातार क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाई जा रही इसी दौरान उड़ीसा से चिप्स लोड करके आ रही हाइवा जिसे रोका गया और इस पर इसे जप्त करते हुए थाना को सुपुर्द करते हुए इसके विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही इसके बाद पंडरीपानी नदी में अवैध रूप से बालू लोड करते हुए दो ट्रैक्टरों को जप्त किया और दोनों को ठेठईटांगर थाना को सुपुर्द किया है। उन्होंने बताया कि तीनों वाहनों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एनजीटी समाप्त होने के बावजूद अभी तक जिले के किसी भी बालू घाट का टेंडर नहीं हुआ है ऐसे में अवैध रूप से बालू का उठाव करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आगे कहा- सरकार द्वारा चयनित यार्ड से ही बालू का उठाव करें ताकि सरकार का राजस्व नुकसान ना हो। इधर खनन विभाग की कार्रवाई के बाद अवैध बालू उठाव करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

कैरो में हथियार का भय दिखाकर युवक से लूट

कैरो/लोहरदगा। कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे पंचायत के बक्सी निवासी 45 वर्षीय धनेश्वर उरांव पिता स्व.भोला उरांव के साथ अज्ञात लोगों के द्वारा बुधवार शाम में लूट कांड की घटना प्रकाश में आया। धनेश्वर उरांव ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि बुधवार कैरो साप्ताहिक बाजार से मुर्गी बेच कर अपने घर बक्सी जाने के क्रम में कंदनी नदी पुल के समीप दो लड़को के द्वारा रोक कर हथियार का भय दिखाकर 10000 रुपया लूट लिया गया। धनेश्वर उरांव बाजार बाजार मुर्गी बेचने का काम करता है। लिखित आवेदन पर कैरो थाना पुलिस अज्ञात लोगों पर कांड संख्या 47/22 धारा 392 आइपीसी के तहत मामला दर्ज कर आगे की करवाई में जुटी।

चौकीदार के निधन पर थाना प्रभारी समेत अन्य ने दी श्रद्धांजलि

लोहरदगा। जिला के जोबांग थाना के 45 वर्षीय चौकीदार भैरो उरांव ग्राम जोबांग का निधन ईलाज के क्रम में कल रात देवकमल हॉस्पिटल रांची में निधन हो गया वे चार पांच दिनों से बीमार थे। वो अपने पीछे 6 लडकी और एक लड़का तथा पत्नी छोड़ गए हैं इस मौके पर थाना प्रभारी जोबांग शशि शेखर कुमार, एसआई गणेश यादव के साथ थाना के जवानों ने और चौकीदार पंचायत के साथियों ने दिवंगत भैरव उरांव के घर पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और उनके आश्रितों को सांत्वना दिये, साथ ही थाना प्रभारी शशि शेखर ने चौकीदार के परिजनों को सहयोग राशि भी दिये। थाना प्रभारी शशि शेखर जी ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दिया गया। हमसे जितना भी होगा हर संभव मदद करेंगे वही जिला अध्यक्ष शमशुल अंसारी ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि संगठन की ओर से हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाएगा और जिला प्रशासन से मिलने वाले सभी तरह का सहयोग दिलाने का पूरा भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जबांग थाना के पुलिस जवानों के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

मानसिक तनाव में आकर महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत डांडु करंज टोली में 21 वर्षीय महिला सोनी कुमारी ने अपने पिता के घर में मानसिक तनाव में आकर फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली घटना बुधवार शाम का बताया जाता है। वहीं घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत को मिलते ही उनके निर्देश पर पु0आ0नि0 संतोष कुमार शस्त्र बल के साथ मृतक के घर डांडु करंज टोली पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रेतर कारवाई में जुट गये। घटना के संदर्भ में प्रशासन का कहना है कि घर पर कोई सदस्य नही होने के कारण एवं मानशिक तनाव के करण महिला अंदर से दरवाजा बंद कर रस्सी के सहारे फाँसी लगा कर आत्महत्या की है। वहीं मृतक लड़की के माता पिता ने बताया कि 6 माह पूर्व बेटी का विवाह कुडू थाना क्षेत्र के चिरी ग्राम में मुकेश लोहरा के साथ किया था। बताते हुए कहा 10 अक्टूबर को सोनी कुमारी अपने ससुराल से मायके आई थी और बताई की गर्भवती अवस्था में मुझे ताकत का दवा बता कर खिलाया गया जिससे गर्भपात हो गया। और स्थिति बिगड़ने लगा तो मायके भेज दिया गया। गर्भपात के बाद महिला तनाव में रह रही थी। कहा कि बुधवार शाम दामाद को घटना की सूचना देने के लिए घर के मोबाइल से फोन करने पर फोन काट दे रहा था। जब दूसरे नम्बर से फोन किया गया तो बात हुई और उसने आने की बात बोल मोबाइल बन्द कर दिया। वहीं मृतक के पति मुकेश लोहरा गर्भपात मामला को झूठा बताते हुए कहा मेरी पत्नी मायके आने के लिए पैसा मांगी और चली आई है। घटना को लेकर किसी प्रकार की जानकारी नही दिया जा रहा है।

जिले के तीन प्रखंडों में आयोजित हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का आयोजन लोहरदगा के किस्को प्रखंड के बगडू पंचायत में बगडू जमुंनटोली मैदान में कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत में मध्य विद्यालय कोलसिमरी एवं पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय मक्का में आयोजित किया गया। बगडू पंचायत में गुरुवार को कुल 338 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 48 का निष्पादन किया गया। बगडू जामुंनटोली खेल मैदान में जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, प्रखंड प्रमुख, अंचल अधिकारी बुढ़ाय सारू, मुखिया सहित अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिनिधियों द्वारा मनरेगा अंतर्गत 20 योजनाओं का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर बुजुर्गों के लिए वृद्धा पेन्सन, दिव्यांगों के लिए पेन्सन, विधवाओ के लिए पेन्सन, निराश्रित महिलाओं के लिए पेन्सन, किसानों के लिये केसीसी, हर राशन कार्ड, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, सहित जाति, आवासीय, आय जमीन लगन, पारिवारिक बंटवारा, बेरोजगारों व स्वरोजगार करने वालो को मख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना की जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगे थे जहां सभी स्टॉलों में लोग लाभ प्राप्त हेतु आवेदन दिए है। प्राप्त आवेदनों में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुक छात्राओं को सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्थापेंशन योजना से तथा विधवा पेन्सन, केसीसी, आवास, मनरेगा जॉब कार्ड का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। बगडू जामुनटोली में सर्वजन पेन्सन योजना में वृद्धा पेन्सन के 12 लाभुको को तत्काल स्वीकृति पत्र, 2 किसानों को के सी सी का स्वीकृति पत्र, सांकेतिक तौर पर 05 लाभुकों को धोती- साड़ी का वितरण,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 4 किशोरियों को तथा 5 लाभुकों को तत्काल जॉब कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना के दो लाभुकों व मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के एक लाभक को शेड की स्वीकृति निर्गत किया गया। सभी योजनाओं के 16 स्टॉल लगाए गए थे। कोलसिमरी पंचायत में कुल 926 आवेदन प्राप्त हुए। मध्य विद्यालय कोलसिमरी में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप प्रमुख, मुखिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, हरा राशन कार्ड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, केसीसी, प्री एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना की जानकारी दी गई। कोलसिमरी पंचायत में फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत 16 महिलाओं को कूल 4 लाख की स्वीकृति राशि का चेक दी गई। कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 5 छात्राओं को स्वीकृति पत्र, वृद्धा पेन्सन, की स्वीकृति पत्र दिया गया। योजनाओं के 16 स्टॉल लगाये गये थे। सीरम पंचायत के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय मक्का में भी शिविर आयोजित कर योजनाओ की जानकारी प्रखंड विकास पदधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया गया। लोगों द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया।

नुक्कड़ नाटक से भी जनजागरूकता अभियान चला

जिला जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से बगडू पंचायत, किस्को के कार्यक्रम में लोकनाथ लोहरा के कलाकारों द्वारा, पेशरार के सीरम पंचायत में अनिता उरांव के नेतृत्व में कुडुख कला केंद्र के कलाकारों तथा कोलसिमरी पंचायत, कुडू में एल्मा मेटर के कलाकार मनीता मिंज के नेतृत्व में गीत संगीत, नाट्य प्रस्तुत कर योजनाओं की जानकारी दिया गया।

सिसई में 'राष्ट्रीय एकता दिवस', 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत', 'फिट इंडिया' के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

लौह पुरुष का योगदान अद्वितीय है : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सह आगामी राष्ट्रीय एकता दिवस, एक भारत- श्रेष्ठ भारत, फिट इंडिया, क्लीन इंडिया 2.0 के अवसर पर गुमला, सिसई के ग्राम पंडरानी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एकता रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य आदि का आयोजन हुआ। साथ ही बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई में आयोजित कबड्डी एवं दौड़ प्रतियोगिता में विजयी 20 प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात सिसई की प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनीता खलखो, अंचल पदाधिकारी सुश्री अरुणिमा एक्का, मुखिया श्रीमती फ्लोरेंस देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष जुम्मन अंसारी, समाजसेवी राम चरण सिंह, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन अनिता कुमारी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से दीप

प्रज्ज्वलित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पंजीकृत सांस्कृतिक दल लोकनाथ लोहरा कला जत्था एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सिसई की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का विधिवत स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने अंग वस्त्र और पौधा दे कर किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला द्वारा गुमला ज़िला की चार होनहार खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अपने जिले का नाम रौशन किया है। इन में से फुटबॉल खिलाड़ी प्रीति रानी लकड़ा ने इंडिया कप - अंडर 14 (गुजरात), खेलो इंडिया - अंडर 21 (महाराष्ट्र), फेडरेशन गेम्स-अंडर 14 (ओडिशा), स्कूल नेशनल - अंडर 19 (हरियाणा) में, फुटबॉल खिलाड़ी ऋतु कुमारी ने स्कूल नेशनल - अंडर 14 (रांची), फुटबॉल खिलाड़ी पूनम कुमारी ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता (रांची) और कबड्डी खिलाड़ी बीना उरांव ने सीनियर नेशनल (लखनऊ, ओडिशा), स्कूल नेशनल - अंडर 17 (तेलंगाना, हरियाणा, मध्य प्रदेश) में अपनी प्रतिभा से जिले में सबको गर्वान्वित किया है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने अंगवस्त्र देकर इन सभी होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए सिसई की प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनीता खलखो ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकता एवं अखंडता के लिए जो कार्य किया है, वह भारतीय इतिहास में अद्वितीय है। आज के युवाओं को उनके प्रारम्भिक जीवन से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय एकता विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला को सराहा और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अधिकारी, सिसई की अंचल पदाधिकारी सुश्री अरुणिमा एक्का ने कहा कि जिस तरह सरदार पटेल ने एक भारत बनाने में अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया, हम सब को उनके प्रति हमेशा कृतज्ञ रहना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों को अपने महापुरुषों के व्यक्तिव एवं कृतत्व से अवगत होने एवं प्रेरणा लेने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि मुखिया फ्लोरेंस एक्का ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की स्वतंत्रता के लिए तो कार्य किया ही एवं भारत निर्माण में भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इससे पूर्व विषय प्रवेश करवाते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम देश की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इस संदर्भ में राष्ट्र के एकीकरण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद रखना और उनके 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया खाद्य सामग्री व तंबाकू उत्पाद पर छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा महेन्द्र कुमार के आदेशानुसार सिमडेगा मुख्यालय अन्तर्गत दिपावली एवं छठ पर्वो के मदेनजर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के नेतृत्व में सिमडेगा जिला के खाद्य प्रतिष्ठानों प्रतिबंधित पान मसाला तम्बाकू उत्पाद के निमित छापामारी अभियान चलाते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूना संग्रह करते हुए जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। छापेमारी के क्रम में खाद्य कारोबारी के दुकान से चार दुकानों में तम्बाकू उत्पाद बरामद हुआ जिसे कोटपा एक्ट के तहत प्रत्येक उल्लंघनकर्ता के उपर 200 कुल 800 रुपये वसूला गया। अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा कहा गया कि आगामी त्योहारों के मदेनजर छापामारी अभियान निरंतर जारी रहेगा।

खाद्य कारोबारियों के द्वारा खाद्य सामग्रीयों के मात्रा को बढ़ाने के लिए पुरानी सामग्रीयों में इसकी मिलावट की जाती है, इस पर अंकुश लगाने हेतु जिला प्रशासन लगातार कटिबद्ध है। अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा सभी खाद्य कारोबारियों को निम्न निदेश दिया गया की अपने दुकान में ऋरअक लाईसेस/रजिस्ट्रेशन प्रदर्शित करें। इसके अलावा अपने दुकान में खाद्य सुरक्षा प्रदर्शन बोर्ड

एवं एवं 14 अंको का रजिस्ट्रेशन नम्बर जरूर लगाएं वही उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं खाद्य पदार्थ एवं गैर खाद्य पदार्थ को अलग-अलग रेक में रखें। होटल एवं रेस्टोरेंट के डाईनिंग एरिया में नो स्मोकिंग बार्ड अधिष्ठापन करे। मिठाईयों के सामने एवं मिठाई नमकीन इत्यादि के निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि एवं अनुज्ञप्ति संख्या अंकित करे। खाद्य पदार्थ के साथ तम्बाकू उत्पाद कि बिक्री न करें।

उक्त सभी बिन्दुओं का अनुपालन अनिवार्य रूप से करने का निदेश दिया गया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित पान मसाला किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा भण्डार बिक्री करते पाया गया तो उक्त के विरूध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी टीम में सुश्री अपूर्वा मिंज, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा, सब इंस्पेक्टर राज कपूर शेठ सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार एवं खाद्य सुरक्षा की टीम उपस्थित थे।

संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

किस्को और पेशरार में आवासीय विद्यालय के लिए छात्रावास निर्माण का प्राक्कलन तैयार कराने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता द्वारा संचालित योजनाओं एवं डीएमएफटी द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक मे कौशल विकास हेतु टूल रूम भेजे गए व भेजे जाने वाले छात्रों की जानकारी ली गई। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक 36 प्रशिक्षणार्थियो को भेजा गया है शेष 4 और भेजे जाने हैं। इसके साथ दोना पत्तल निर्माण, ईसीजी मशीन क्रय, सड़क निर्माण पेयजलापूर्ति, छात्रावास, डीप बोरिंग, कस्तूरबा विद्यालय की चारदीवारी, सेरेंगदाग थाना की चारदिवारी, विभिन्न नालों में चेकडैम, सोलर आधारित जलापूर्ति, ब्रिकेटिंग प्लांट, पाइपलाइन जलापूर्ति योजनाओ की समीक्षा की गई। किस्को जनजातीय आवासीय विद्यालय हेतु 100 बेड के छात्रावास एवं पेशरार आवासीय विद्यालय

हेतु 50 बेड के छात्रावास निर्माण का प्राक्कलन तैयार कराने का निर्देश दिया गया। जिले में जिला लाइब्रेरी तथा सभी प्रखंडों को प्रखंड लाइब्रेरी स्थापित करने का निर्देश दिया गया। जिन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है, उसकी निविदा पूर्ण कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने डीएमएफटी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजलापूर्ति, सिंचाई एवं अन्यान्य से संबंधित योजनाओं की सूची में प्राथमिकता के आधार पर प्राक्कलन तैयार की जाय। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, डीएसओ अमित बेसरा, डीडब्लूओ नारायण राम, एडीपीओ, एवं अभियंता उपस्थित थे।

बांसजोर प्रखंड के उरते पंचायत में आयोजित हुआ 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' के तहत शिविर

नवीन मेल संवाददाता

बांसजोर। बांसजोर प्रखंड के उरते पंचायत में गुरुवार को सरकार के तीन वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी तथा पंचायत के मुखिया एवं अन्य अतिथियों के द्वारा विधिवत किया गया। कार्यक्रम आयोजन के जरिए आम नागरिकों को झारखंड सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना हेतु आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड

हेतु आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांचोपरान्त दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अन्तर्गत आवेदन प्राप्त करना, मनरेगा अन्तर्गत प्रत्येक गांव में न्यूनतम 5-5 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करना।धोती, साड़ी, लुंगी और कंबल का वितरण करना। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक भू-राजस्व के अधतन रशीद निर्गात तथा अन्य भू-राजस्व से संबंधित मामलों का निबटारा, असंगठित मजदूरों का ई-श्रम तथा प्रवासी मजदूरों/परिवारों का श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक, धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों का निबंधन, हड़िया/शराब के व्यापार में संलग्न महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध, सेवा के अधिकार के तहत प्रमाण पत्रों के आवेदनों का निष्पादन, बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया गया कार्यक्रम में लोगों के बीच उत्साह जीप सदस्य समरोम तोपनो, प्रखंड प्रमुख तरमाणि सोरेंग, सयोजक मंडली झामुमो सदस्य अनिल कंडुलना झामुमो से नोवास केरकेट्टा, कल्याण मिंज, इल्यास लुगुन, प्रदीप समद, रितेश बड़ाइक एवं झामुमो के प्रखंड और पंचायत से कार्यकर्ता गण उपस्थित हूए।

किस्को सीओ बुडायं सारू को मिला बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार

किस्को/लोहरदगा। किस्को प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार मिंज को विगत मंगलवार को एसीबी की टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए जाने के बाद से प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद खाली पड़ा हुआ था। इधर प्रखंड में विकास कार्य को गति देने के उद्देश्य से अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपी गई है। मौके पर प्रभारी बीडीओ बुडाय़ं सारू ने कहा कि क्षेत्र में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर शत-प्रतिशत उतारने में सभी जनप्रतिनिधि और प्रखंड कर्मियों व आम जनता के साथ समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी। प्रभारी बीडीओ ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को ससमय निराकरण कराने में पूरी तरह से ईमानदारी बरती जाएगी।

एसडीओ ने पटाखों की बिक्री से संबंधित दिया दिशा-निर्देश, दो घंटे तक ही जलाये जायेंगे पटाखे

विदेशी-गैरकानूनी तरीके से आयातित व प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री नहीं करेंगे

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने बयान जारी कर दीपावली एवं छठ त्यौहार पर पटाखा की बिक्री एवं पटाखा के प्रयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि विदेशों से आयातित पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध है अतः उसकी बिक्री पर पूर्ण रोक रहेगी। देशीय प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री नहीं होगी। लोहरदगा जिला में वैसे पटाखों की ही बिक्री की जा सकेगी जिनकी ध्वनि सीमा 125 डीबी (ए) से कम हो। दीपावली के दिन पटाखे मात्र दो घंटे शाम 8:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक एवं छठ में प्रातः 6:00 बजे से 08:00 बजे तक ही चलाये जा सकेंगे। दीपावली एवं छठ के दौरान बिक्री हेतु लाये गये पटाखों का एक स्टॉक पंजी का संधारण करेंगे जिसमें पटाखा कहां

से तथा कितनी मात्रा में लाया गया से सम्बधित विवरणी पंजी में दर्ज करेंगे तथा जांच के दौरान प्रस्तुत करेंगे। आतिशबाजी का भंडारण निवास गृह में नहीं किया जाएगा, बल्कि बिक्री स्थल पर ही किया जाएगा। पटाखा का भण्डारण एवं बिक्रय स्थल भवन के भूमितल पर ही होगा। बिक्रेता अपने बिक्री स्थल पर फायर एक्सटिंगईशर की व्यवस्था रखेंगे। (पर्याप्त बालू भरे बोरे, पानी भरा ड्रम, छोटा फायर एक्सटिंगईशर निश्चित रूप से रखेंगे। पटाखा आदि का क्रय किसी रजिस्टर्ड फार्म से ही करेंगे। प्रतिबधित क्षेत्र- यथा- मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा चर्च, अस्पताल, सरकारी स्वामित्व भवन- भूमि एंव संवेदनशील क्षेत्र से 50 मीटर के बाहर में होगा। बिक्रेता अग्निशाम पदाधिकारी से अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे। विदेशी/गैरकानूनी तरीके से आयातित पटाखे तथा प्रतिबंधित पटाखे की विक्री नही करेंगे। विस्फोटक नियमावली 2008 के नियम 78 से 88 एवं विस्फोटक नियमावली 127 से 128 तक का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। अनुज्ञप्ति प्रपत्र के एलई - 3 और एलई -5 का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। अस्थायी अनुज्ञप्ति 21.10.2022 से 31.10.2022 तक के लिए होगा। पटाखों के अस्थायी विक्रेता ललित नारायण स्टेडियम में आतिशबाजी की बिक्री कर सकतें है जिसके लिए उन्हें अनुज्ञप्ति लेना होगा। अस्थायी अनुज्ञप्तिधारी को विस्फोटक नियमावली 2008 के नियम 84 का अनुपालन करना होगा। जो अस्थायी दुकान बनायेंगे वे ज्वलनशील पदार्थ से दुकान नहीं बनायेंगे। दुकान का निर्माण इस प्रकार से किया जायेगा की उसमें किसी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे। दुकान का संचालन अनुज्ञप्तिधारी स्वयं करेंगे। किसी नाबालिक बच्चे को दुकान में प्रवेश नहीं करने देंगे और न उससे विक्री करायेंगे। दो अस्थायी दुकानों के बीच कम-से-कम 3 मीटर की दूरी रखी जायेगी। दुकान एक कतार में होंगे, आमने-सामने नहीं होंगे। दुकान में स्मोकिंग, या किसी प्रकार का लैम्प, लालटेर्न, मोमबती आदि का प्रयोग नहीं किया जायेगा। विद्युत का कनेक्शन लूज नहीं होना चहिए। प्रचार-प्रसार को कोई बोर्ड दुकान में नहीं लगाया जायेगा। ललित नारायण स्टेडियम में लगाने से पूर्व नगर परिषद से अनुमति लेना आवषश्यक होगा। जो भी उक्त निदेशों का उल्लंघन करते हुए पाये जायेंगे उन पर आईपीएस की धारा-188 एवं वायु (प्रदुषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 37 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

ट्रेन से गिरकर घायल हुआ युवक, अस्पताल में भर्ती

जलडेगा। जलडेगा के ओड़गा में गुरुवार सुबह लगभग 9 से 10 बजे के बीच ओडगा से टाटी स्टेशन के बीच यात्री ट्रेन से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घटनास्थल से एम्बुलेंस का फोन नही लगने से कुछ लोगों ने इसकी जानकारी जलडेगा सीओ को दी, मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित तिर्की से बात कर अस्पताल का एंबुलेंस को भेजकर मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने का निर्देश दिया। जिसके बाद हॉस्पिटल से तुरंत एंबुलेंस को घटनास्थल रवाना किया गया और घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती किया गया। डॉ अमित तिर्की ने बताया कि फिलहाल युवक ठीक है, युवक की पहचान अखिलेश कुमार, पिता अर्जुन साव, रामपुर प्रतापपुर चतरा जिला के रूप में हुई है।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो को पगड़ी बांधकर किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो का गुरुवार को लोहरदगा के कुडू में समारोह पूर्वक पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया एवं झारखंड आंदोलनकारियों के मान सम्मान,पेंशन, नियोजन व पहचान के लिए सड़क से लेकर सियासी गलियारों तक हर दौर में संघर्ष व अस्तित्व की रक्षा करने का संकल्प लिया। जल्द से जल्द आंदोलनकारियो के चिन्हित ती करण के कार्य सम्पन्न कराने की मांग की गई। आंदोलनकारियों ने बताया कि कुडू क्षेत्र से ही दिसुम गुरु वीर शिबू सोरेन ने अलग राज्य के आंदोलन को गतिमान बनाने के लिए संघर्ष का आगाज किया था। आज हमलोग को भी संघर्ष की नई इबारत लिखने की जरूरत है। अपने सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड

आंदोलनकारियों के सम्मान से ही राज्य का सम्मान है। झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान व अधिकार देने के लिए 10 नवंबर 2022 को मुख्यमंत्री को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र सम्मान से सम्मानित किया जाएगा और दुकु ताकतों से लडने के लिए बल प्रदान किया जाएगा। राज्य के झारखंड आंदोलनकारियों ने झारखंड के नव निर्माण की दिशा में हर प्रकार के संघर्ष व शहादत को तैयार है। उन्होंने कहा कि संघर्ष व शहादत की बुनियाद पर झारखंड राज्य बना है। अब इस राज्य के आंदोलनकारियों को सजाना व संवारना का दावित्व है।

न्यूज गैलरी

एक सप्ताह से युवक लापता ,पुलिस कर रही है छान-बीन

मेदिनीनगर। नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कठौतिया निवासी वृक्ष बैठा का पुत्र कपिल रजक 13 अक्टूबर दिन गुरुवार की शाम से लापता है। जानकारी के अनुसार कपिल रजक 13 अक्टूबर की शाम अपनी माँ से कुछ बात को लेकर झगड़ा कर अपने घर से निकला जो अभी तक वापस नहीं लौटा। उसके नहीं लौटने से घरवालों को किसी अनहोनी का डर सताने लगा है। परिजनों ने बताया कि गुम होने के बाद वह अपनी बहन से एक बार मोबाइल पर किया था। उसने अपनी बहन को बताया कि कुछ लोग हमें पकड़ रखे हुए हैं और हमें जाने नहीं दे रहे हैं। उसके बाद से परिजनों का कपिल से कोई बातचीत नहीं हुई है। थाना प्रभारी रंजीत यादव ने बताया कि युवक का लोकेशन देखा जा रहा है। पुलिस युवक की खोजबीन करने में जुट गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही युवक को सही सलामत उसके घर लायेगी। वहीं परिजनों ने पलामू एसपी चन्दन सिन्हा से गुहार लगया है कि जल्द से जल्द कपिल बैठा को घर वापस लाया जाये।

छिपादोहर स्टेशन में एक महीना में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं हुआ तो होगा चक्का जाम: कन्हाई सिंह

बरवाडीह। प्रखंड के छीपादोहर स्टेशन में शक्तिपुंज एवम पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले बरवाडीह पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पंचायत भवन से रैली निकलाते हुए बाजार भ्रमण करते हुए छीपादोहर स्टेशन का घेराव किया। कार्यक्रम के उपरांत छिपादोहर स्टेशन प्रबंधक आर के भगोटिया को कन्हाई सिंह के नेतृत्व में एक मांग पत्र सौंपा गयाद्ध जिसमें छिपादोहर रेलवे स्टेशन में पूर्व की तरह पलामू एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव, सवारी गाड़ियों में बढ़े किराए को वापस लेने समेत अन्य मांगे शामिल है। वही स्टेशन प्रबंधक ने कन्हाई सिंह को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को धनबाद रेल मंडल प्रबंधक तक पहुंचा दिया जाएगा। मौके पर छीपादोहर मुखिया वेरोनिका कुजूर ने मांगों को पूरा करने को कहा। वहीं आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर एवं छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। घेराव कार्यक्रम में छिपादोहर,केड़,कुचिला एवम हरातु पंचायत से काफी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

महुआडांड़ दीपाटोली ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन

महुआडांड। गुरुवार को ग्राम दीपाटोली में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे महुआडांड़ पंचायत के मुखिया प्रमिला मिंज, पंचायत सेवक भीखू प्रसाद, पंचायत समिति नीलम देवी, रोजगार सेवक अनिमा टोप्पो, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के कार्यकर्ता रोहित कुमार,स्वास्थ्य विभाग से मनीष कुमार रवि, आंगनबाड़ी सेविका, वार्ड 10 के वार्ड सूरज कुमार, वार्ड नंबर 11 के वार्ड सुमन देवी, वार्ड नंबर रेशमा खातून, पूर्व वार्ड बबली बीबी, रामकुमार जायसवाल, नीरज केशरी एवं दीपाटोली ग्राम के 250+ ग्रामीण सम्मिलित हुए। ग्राम सभा में विभिन्न प्रकार की योजनाओं को चढ़ाया गया। जिसमे मुर्गी सेड, शौचालय, तालाब, भूमि समतलीकरण, शामिल है। वही साथ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन की भूमिका को विस्तार पूर्वक बताया गया।

अवैध खनन के रोकथाम को लेकर चलाया गया छापेमारी अभियान

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास द्वारा जिले में खिनिजो के अवैध खनन पर रोकथाम हेतु छापेमारी अभियान चलाया गया। खनन पदाधिकारी ने बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाई गई। जोरी और हंटरगंज थाना क्षेत्र के नीलांजन नदी घाट की जांच की गई। जांच के क्रम में हंटरगंज थाना क्षेत्र में दो ट्रैक्टर नदी से बालू लोड करते हुए पकड़े गये। जिसे विधिवत जप्त कर हंटरगंज थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में खिनोजों के अवैध खनन के रोकथाम हेतु जिले के अलग-अलग स्थानों पर लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगी। किसी भी स्थिति में अवैध खनन कर रहे माफियों को बक्सा नहीं जाएगा।

सरकार के तय सीमा के कारण नहीं बिक रहा है पटाखा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में पटाखा का कारोबार करने वाले बहुत चिंतित है । क्योंकि इस बार दीवाली में पटाखे जलाने को लेकर सरकार के द्वारा केवल दो घंटे का ही समय निर्धारण किया गया है । जिसके कारण पटाखों की बिक्री कम हो रही है। स्थानीय शिवाजी मैदान में पिछले कई सालो से जिला प्रशासन के आदेश से लाइसेंस प्राप्त दुकानदार पटाखा का कारोबार कर रहे है। इस बार भी कई दुकाने लगाई गयी है। पटाखा का दुकान लगाने वाले गुड्डू ने बताया कि इस बार पिछले बार से भी कम बिक्री है। सारा पटाखा ज्यो का त्यों रखा हुआ है। ग्राहक भी कम आ रहे है। उन्होंने बताया की दीवाली के अवसर पर ही केवल पटाखों की बिक्री होती है। जिसका हम लोग साल भर इंतजार करते है। यदि दीवाली पर भी पटाखा नहीं बिकता है तो हम लोग को आर्थिक

नुकसान हो जायेगा। वही दुकान लगाने वाले वाहिद ने बताया कि दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पटाखा बेचने पर पाबन्दी लगाया गया है। जिसका असर यहां भी दिख रहा है। उन्होंने बताया कि अब पटाखा का बाजार पहलें कि तरह नहीं रहा। लोग भी पर्यावरण कें प्रति सचेत हो गए है । इसके बाबत दुकानों में बच्चे पटाखे बेचते नजर आये। प्रशासन के द्वारा सुरक्षा का भी इंतजाम करने को कहा गया है। दुकानदारों ने बताया कि दुकान में बालू और पानी का इंतजाम किया गया है। कही कही आग बुझाने वाले स्प्रे का भी इंतजाम किया गया है। दुकान लगाने वालें मो.हसन ने बताया कि वे पिछले 30 बर्षो से पटाखा का दुकान जय भवानी संघ के समीप दुकान लगाकर बेच रहे है । वही पर उनका घर भी है। पहले लोगो को मालूम था की पटाखा कहां बिकता है । लेकिन जब से प्रशासन का आदेश आया है की पटाखा अब केवल शिवाजी मैदान में ही बेचना है। तब से बिक्री मे कमी आई है। दुकान लगाने वालो में नेयाज, सलीम अहमद, सरवल आलम, इरशाद ,शहीद और अभिषेक मुख्य रूप से है। **चाइनीज पटाखे ने पकड़ी रफ्तार:**-जहां एक ओर पटाखे के बिक्री में कमी आई है । वही चाइनीज पटाखे ने बाजार में अपनी पकड़ बना ली है। शहर में चाइनीज पटाखे की डिमांड है। बच्चें और युवक ज्यादा चाइनीज पटाखे पर ही आकर्षित हो रहे है। चाइनीज पटाखे न तो जलती है और न ही पर्यावरण को दूषित करती है। जबकि बिजली और बैटरी से एक आवाज उत्पन्न करती है। जिससे पटाखे जलने की अनुभूति होती है।

निगम ने दो रंग कार्यक्रम का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत गुरुवार को स्थानीय हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में स्वच्छता के दो रंग विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई । स्कूल के बच्चों को सूखा कचरा और गिला कचरा को अलग अलग कूड़ेदान में रखने के लिए बताया गया कि किस तरह हम सभी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कर कूड़े का निस्तारण कर अपने वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं। स्कूल प्रांगण में उपस्थित सभी बच्चों ने एक सुर में स्वच्छता संबंधित दिए गए निदेर्शों का बखूबी पालन करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में सोर्स से ग्रेगेशन को बढ़ावा देना है। नगर निगम ने इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर वासियों को ये बताने का प्रयास किया कि सफाई एक ऐसी प्रक्रिया है। जो किसी एक संस्था या व्यक्ति विशेष से संभव नही है। बल्कि इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है,तभी एक स्वच्छ समाज की परिकल्पना की जा सकती है। मौके पर बीजू जोशेफ, प्रिंसिपल हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, एवम मेदिनीनगर निगम की ओर से समिता भगत , नगर प्रबंधक, प्रदीप कुमार , नगर प्रबंधक, सोनी कुमारी ,एक्स निंदेशक साथ ही हेरिटेज स्कूल प्रबंधन के सदस्यगण मौजूद थे।

स्वच्छता अभियान का पोल खोलता महिला महाविद्यालय

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एक और जहां पूरे देश में देश के प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत को स्वच्छ बनाने में लगे हैं। वही प्रमंडल मुख्यालय में स्थित एकमात्र महिला महाविद्यालय योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय स्वच्छता अभियान का पोल खोल रहा है। महाविद्यालय परिसर में बड़े बड़े घास झाड़ी व गंदगी के अंबार लगे हैं । इससे महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं को विषैले जीव जंतु को काटने का खतरा हमेशा बना रहता है । साथ ही मच्छर के प्रकोप से बर्ग कक्ष में बैठकर पढ़ना मुश्किल है । विदित हो कि गन्दगी की ओर ना तो अभी तक महाविद्यालय के पप्रचार्या का ध्यान गया है और न ही अध्यापक गण का ध्यान गया है। और

महाविद्यालय परिसर में बड़े बड़े घास झाड़ी व गंदगी के अंबार लगे हैं

ना ही कोई अधिकारी अभी तक इस ओर ध्यान आकृष्ट किए हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर स्कूली छात्रा ने बताया कि अगर कोई अधिकारी महाविद्यालय में आ जाए तो महाविद्यालय के स्वच्छता का पोल खुल जायेगा। महाविद्यालय की छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई कराने की मांग उपायुक्त पलामू से की है। साथ ही महाविद्यालय में व्याप्त समस्या का निराकरण कराने की मांग की है। ताकि छात्राओं को अध्यापण करने में सहूलियत हो सके।

शिविरों में आने वाले आवेदनों को पूरी गंभीरता से लें अधिकारी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ आपकी योजना ,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कम डिस्पोजल वाले प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों से कम निष्पादन के कारणों से अवगत हुए। इस पर उपायुक्त ने प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों से अधिकाधिक निष्पादन करने पर बल दिया। उन्होंने पाटन, नावाबाजार, चैनपुर व मोहम्मदगंज के नोडल पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उपायुक्त

ने कहा कि शिविर में कितने लोग लाभान्वित हुए है । इसका विभाग वार अपडेटेड आंकड़ा रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत नयी योजनाओं के शिलान्यास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों को सरकार की सभी फ्लैगशिप योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिले । इसका विशेष ध्यान रखें। आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायतों में आयोजित हुए शिविरों में आने वाले सभी लोगों के मामलों को पूरी गंभीरता से लें एवं यथासंभव ऑन द स्पॉट निष्पादन सुनिश्चित करें। मौके पर उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, नगर आयुक्त समीरा एस, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,तीनों एसडीओ समेत जिला स्तरीय अधिकांश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

9 पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, बोले डीसी

योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करें

- विभिन्न विभाग के स्टॉल का उपायुक्त ने एक-एक कर निरीक्षण किया
- लोगों से अपनी-अपनी समस्याओं को शिविर में रखने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/टंडवा। राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर जिले के 9 प्रखंडों के 9 पंचायतों में रोस्टर अनुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। टंडवा प्रखंड के सराढू पंचायत पहुंच कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए सभी स्टॉल का उपायुक्त अबु इमरान ने एक-एक कर निरीक्षण किया। साथ ही मौके पर उपायुक्त ने मौके पर हो रहे निष्पादित मामलों की जानकारी लेते हुए योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित करने की बात कही। उपायुक्त ने लोगों से बेहिचक अपनी समस्याओं को शिविर में रखने की अपील करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का निपटारा ऑन स्पॉट या जल्द से जल्द किया जाएगा। साथ ही उपायुक्त ने आमजनों से बात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और जल्द से जल्द त्वरित गति से निष्पादन का विश्वास दिलाया। साथ ही उपस्थित पदाधिकारी को शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं शिविर में निजी फोटो कॉपी स्टॉल को देखकर उपायुक्त के नाराजगी जाहिर करने पर कार्यक्रम स्थल से बाहर किया गया। 20 अक्टूबर को जिले के प्रतापपुर प्रखंड के गजवा, हंटरगंज के गेंजना, लेंजवा, चतरा के ब्राह्मणा, सिमरिया के बन्हे, टंडवा के सराढू, कान्हांचट्टी के चीरीदीरी, इटखोरी के पितीज, मयूरहुंड के सोकी, गिद्धौर के पहरा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया गया।

नया खांड ग्राम में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 5 व 7 में ₹आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन नया खांड ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी व अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डो में विकास की योजनाएं चल रही है। यह कार्यक्रम सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगो को अवगत कराने तथा योग्य लाभुकों को उन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि आप सभी वार्ड वासी अपनी समस्याओं को लिखितरूप में नगर पंचायत द्वारा लगाए गये स्टॉल पर जमा कराएं। आपकी समस्याओं का निदान शीघ्र करने की दिशा में पहल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में पीसीसी पथ व नाली निर्माण का कार्य कराया जा चुका है या कराया जा रहा है। आवश्यकता के अनुरूप और भी कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये हम सतत प्रत्यनशील है। अनुमण्डल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी आलोक कुमार ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, विभिन्न प्रकार के पेंशन, खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित कुल 127 आवेदन प्राप्त हुये। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, वार्ड पार्षद सैमुएल तिर्की, आशीष कुमार नंदन, हसीब खलीफा,कनीय अभियंता उदय शंकर, हरिओम कुमार सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

बरवाडीह में ओम स्वीट्स एंड माही केक का हुआ शुभारंभ

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह बाजार स्थित पीपल पेड़ के समीप स्वर्गीय रामदुलारी देवी कंपलेक्स में ओम स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट माही केक शॉप का गुरुवार को गुरुवार को एसडीपीओ दीलू लोहरा, संवेदक मनोज जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर एसडीपीओ श्री लोहारा ने कहा कि बरवाडी जैसे छोटे जगह पर अपने आप की आधुनिक रेस्टोरेंट खुलने से यहां के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह रेस्टोरेंट विकास की प्रतीक के रूप में देखा जाएगा। मौके पर दीपू तिवारी, रविंद्र सिंह, मोहित कुमार उर्फ मिट्ठू, पवन गुप्ता, इम्तियाज अंसारी सुरेश मिश्रा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। अभाविप के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। जिसकी अध्यक्षता नगर मंत्री रामा शंकर पासवान एवं संचालन नगर सह मंत्री अभिषेक रवि ने किया। ज्ञापन में पांच विषय थी। जिसकी मांग की गयी है। जिसमें स्नातक सत्र 2022-25 में सभी विभागों के नामांकन की सीट में कम से कम 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाये। वैसे विद्यार्थी जो मेरिट सूची में नहीं आने के कारण नामांकन नहीं ले पाए हैं ,उनके लिए चांसलर पोर्टल को पुनः खोला जाये । सभी विभाग की कक्षाएं पूर्ण रूप से संचालित हो साथ हीं महाविद्यालय में विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति हो ये सुनिश्चित की जाये। सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारी महाविद्यालय ससमय पहुंचे। और महाविद्यालय की कक्षा एवं परिसर को नियमित साफ-सफाई किया जाये।मौके पर नगर सह मंत्री नीतीश दुबे ने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षकों की घोर कमी है। शिक्षकों की कमी की वजह से कक्षाएं प्रतिदिन संचालित नहीं हो पाती। छात्रों के अनुपात में शिक्षक बहुत कम है,महाविद्यालय प्रशासन से परिषद के छात्रों ने उपरोक्त विषय को ध्यान में रहते हुए सात दिनों के अंदर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

पलामू में वाहन चेकिंग अभियान से लोगों को हो रही है परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश के बाद दो दिन से पूरे पलामू जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में शहर थाना गेट के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दर्जनों दो पहिया वाहन को पकड़कर उसे डीटीओ के पास चालान के लिए भेजा गया। वही दुसरी और गुरुवार को छह मुहान चौक के पास ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गई और गाड़ी के कागजात की जांच की गई। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जिनके वाहन का कागजात सही नहीं पाया गया, उनके वाहन को चालान के लिए डीटीओ के पास भेज दिया गया। इसी क्रम में शहर के

गिरवर स्कूल के पास टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जिन वाहनों के कागजात सही नहीं पाए गए उन्हें फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया । शहर में हर तरफ वाहन चेकिंग अभियान से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार को डीटीओ ऑफिस में गाड़ी का चालान काटवाने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी हुई थी। चालान कटवाने आए लोगों का कहना था कि पर्व त्योहार में पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही वाहन चालकों ने बताया कि अभी लोग त्योहार में सामान खरीदने के लिए बाजार पहुंच रहे है। उसी समय उनका वाहन पुलिस के द्वारा पकड़ लिया जा रहा है । जिससे वह सामान लेकर इधर-उधर सड़क पर मंडरा रहं नजर आ रहे हैं। चालान कटवाने में उन्हें दिन भर का समय लग जा रहा है। वैसे भी झारखंड सरकार ने पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित कर दिया है। पलामू में अकाल पड़ने की वजह से लोग किसी तरह पैसा इकट्ठा कर पर्व का सामान खरीदने बाजार आ रहे हैं। इस बीच जब उनका वाहन पुलिस के द्वारा पकड़ा जा रहा है ,तो लोगों का पैसा चालान कटवाने में ही खर्च हो रही है। जिसके वजह से वाहन चालक बाजार में खरीदारी करने को भी विवश है।

शिविर में विभिन्न समस्याओं को लेकर 510 आवेदन मिले

ऑन-द-स्पॉट निष्पादित हुए 150 आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड के मोरवाई पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पंचायत स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, जिला कृषि पदाधिकारी, 20सूत्री अध्यक्ष अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, , मुखिया आशीष कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य रीना देवी समेत अन्य अतिथियों ने बारी-बारी से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के समस्याओं के निदान हेतु लगाए गए अलग-अलग स्टाल में सर्वजन पेंशन14, सावत्री फूले बाई किशोरी समृद्धि योजना 79,सोना सोबरन योजना 101, पीएम। आवास 65समेत कुल 510 आवेदन पेंशन, राशन कार्ड प्राप्त करने कंबल प्राप्त करने, पीएम आवास, जॉब कार्ड , मनरेगा रोजगार समेत अन्य आवेदन

प्राप्त हुए. जिसमें 150 आवेदन का शिविर में ही निष्पादन किया गया बाकी आवेदनों का संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया जिसका जल्द ही निष्पादन करने की बातबीडीओ ने कही. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि शिविर के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित लोगों को पहुंचाना है। 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से सभी सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा राज्यसरकार बालिकाओं के लिए सावित्री फुले बाइ किशोरी समृद्धि महत्वकांक्षी योजना की भी जानकारी दी। शिविर में पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार, पूर्व मुखिया सभी विभागों के प्रतिनिधि समेत पंचायत के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधि सदस्य समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सम्पादक की कलम से...

विकास के पथ पर झारखंड

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चतरा में लाभुकों के बीच 104 करोड़ 02 लाख 42 हजार रुपये की बांटी परिसंपत्ति बांटी। साथ ही 42 योजनाओं की सौगात देकर यह बता दिया है कि बोलने से कुछ नहीं होता,अपितु काम करने से ही वह जनता जनार्दन के दिलों में बसता है। ऐसे में आज कोई भी आदमी यह कह सकता है कि हेमंत सरकार सिर्फ योजनाएं नहीं बना रही हैं, बल्कि उसे जन-जन तक पहुंचा भी रही है। लोग इन योजनाओं से जुड़कर खुद सशक्त, स्वावलंबी और खुशहाल बनने की दिशा में कदम से कदम मिलाकर चलने लगे हैं। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम को सफलता मिलती दिखने लगी है। ऐसे में कहा जा सकता है कि यह सरकार दुःख-दर्द, तकलीफ, परेशानी और का समस्याओं के समाधान के लिए 24 घंटे काम करने का आमादा दिखने लगी है। सरकार की योजनाएं कागज-कलम में दम तो नहीं तोड़े इसके लिए इस अभियान को सभी का साथ चाहिए। योजनाएं सही तरीके से धरातल पर पहुंच रही है या नहीं। इसे देखने के लिए ही इस तरह के कार्यक्रम सफल दिख रहे हैं। बस जरूरत है कि इसे इसी तरह गति मिलते रहे। पंचायतों में आयोजित हो रहे इन शिविरों की एक ओर मुख्यालय के स्तर पर पोर्टल के माध्यम से समीक्षा की जा रही है। वहीं, वरीय अधिकारियों को भी विशेष रूप से शिविरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। यह अच्छी बात है। दूसरी तरफ शिक्षा के क्षेत्र में 11 अक्टूबर से प्रारंभ अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लांच किया गया। यह योजना स्कूली बच्चियों को समर्पित है। इस योजना से नौ लाख बच्चियों को जोड़ने का लक्ष्य है। अब स्कूलों में शिविर लगाकर बच्चियों को किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जायेगा। वहीं, छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना तक इजाफा किया गया है। इसके अलावे छात्रावासों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यहां चौकीदार और रसोइया होंगे। यहां रहनेवाले विद्यार्थियों के अनाज की भी व्यवस्था करने पर सरकार विचार कर रही है। निजी विद्यालय की तर्ज पर मॉडल स्कूल खोले रहे हैं। यहां बच्चों को निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिलेगी। किसानों-मजदूरों को अब अपने बच्चे-बच्चियों के पढ़ाई-लिखाई की चिंता करने की जरुरत नहीं है। बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा सरकार ले रही है। कम बारिश के कारण राज्य के कई इलाकों में सुखाड़ जैसी स्थिति है, लेकिन सरकार ने सुखाड़ से निपटने के सभी उपाय कर लिये हैं। ग्रामीणों के लिए कई रोजगारपरक योजनायें चलाने पर विचार किया जा रहा है। ऐसे में यह ध्यान देना जरूरी है कि किसानों-मजदूरों का पलायन नहीं हो, इसे रोकने की दिशा में अधिकारियों को निर्देश दिये जाने चाहिए। झारखंड जैसे ग्रामीण परिवेश वाले राज्य में ग्रामीणों के लिए पशुधन किसी भी मायने में एटीएम से कम नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पशुपालकों को पशु के साथ पशु शेड के लिए भी राशि दी जा रही है ताकि उनकी आय बढ़ायी जा सके। वहीं, तीस लाख हरा राशन कार्ड भी जारी किया जा रहा है। ऐसी कई योजनाएं हैं, जिसका मकसद राज्यवासियों का कल्याण है। ऐसे में सरकार के इस बढ़ते कदम को सब का साथ चाहिए। आशा है कि लोग इस अभियान से जुड़ कर राज्य के विकास में सहभागी बनेंगे।

आज का इतिहास

1568 : फ्रांसीसी युद्धों के दूसरे चरण को समाप्त करने के लिए लॉन्गजुमाऊ की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये गए थे।
1994 : रॉबर्ट एफ केनेडी, जूनियर ने एमिली ब्लैक को तलाक दिया।
2007 :ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन ने विश्वकप का सबसे तेज शतक बनाया।
2008 : पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता युसुफ रजा गिलानी को पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री चुना गया।
2008 : भूटान में पहला आम चुनाव हुआ। जिसमें जिग्मे थिनले के नेतृत्व वाली भूटान पीस एंड प्रॉस्पेरिटी पार्टी को चुनाव में 47 में से 45 सीटें मिली।
2011 : केन्या ने अफ्रीका कार्बन एक्सचेंज खोला।
2013 : पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हुये आत्मघाती हमले में 17 सैनिक मारे गये।
1880 : स्वतंत्रता सेनानी बसंती देवी का जन्म।
1888 : इंग्लैंड में दुनिया की सबसे पुरानी पेशेवर एसोसिएशन फुटबॉल लीग द फुटबॉल लीग, की स्थापना।
1910 : डॉ. राममनोहर लोहिया का उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में जन्म।
1931 : भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांतिकारी भगत सिंह और उनके साथियों राजगुरु तथा सुखदेव को फांसी दी गई।
1956 : पाकिस्तान दुनिया का पहला इस्लामिक गणतंत्र बना।
1890 : रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने।
1893 : चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म।
1917 : रूस की नयी सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।
1942 : सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया।
1969 : इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन।
1977 : इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया।
1958 : सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया।
1979 : इजरायल की संसद ने मिस्र के साथ शांति संधि को मान्यता दी।

कट्टरता से जन्मा देश खतरनाक

> ‘ तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को अमेरिकी अधिकारियों द्वारा दस्तावेजी सबूत दिखाने के बाद पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम के जनक अब्दुल कादिर को आजीवन अपने घर में नजरबंद कर दिया गया था। आज यह खुले रहस्य की तरह है कि उत्तरी कोरिया और ईरान के परमाणु कार्यक्रम विकास के जिन चरणों में हैं, उन्हें वहां तक पहुंचाने में पाकिस्तान के सैन्य और असैन्य अधिकारियों को मिली रिश्वतों का भी बड़ा हाथ है। खुद प्रधानमंत्री रही बेनजीर भुट्टो ने भी एक इंटरव्यू में इसे माना था कि उनके सरकारी जहाज का भी इस काम में इस्तेमाल हुआ था। ’

इन दिनों पाकिस्तान में हंगामा बरपा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की चुनावी तैयारियों से जुड़े समूह के सामने बोलते हुए पाकिस्तान को दुनिया के सबसे खतरनाक मुल्कों में से एक करार दे दिया। यह एक ऐसे समय हुआ, जब पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी और पीडीएम गठबंधन की शहबाज शरीफ सरकार अपनी विदेश नीति की सफलता की डींगे हांकते थक नहीं रहे थे। वर्षों बाद यह भी हुआ कि किसी पाकिस्तानी जनरल को अमेरिका के सुरक्षा तंत्र में इतना महत्व मिला। हालिया यात्रा के दौरान जनरल बाजवा को अमेरिकी रक्षा सचिव ने तो समय दिया ही, रक्षा मुख्यालय पेंटागन में भी उनको अप्रत्याशित प्रोटोकॉल दिया गया। चंद महीनों में अमेरिकी रुख में इतना बड़ा बदलाव कैसे हो गया? अंतरराष्ट्रीय संबंधों के जो गंभीर अध्येता अमेरिकी नीतियों पर नजर रखते हैं, वे जानते हैं कि ये किसी फौरी उत्तेजना की निर्मिति नहीं हैं, उन्हें अमेरिकी हितों को ध्यान में रखते हुए बहुत से विचार समूहों (थिंक टैंक) से प्राप्त इनपुट के आधार पर विकसित किया जाता है, इसलिए न तो पाकिस्तानी उल्लास के पक्ष में कोई तर्क बनता है और न ही जो बाइडन के बयान से कोई सरलीकृत निष्कर्ष निकाले जाने चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूं ही पाकिस्तान को सबसे खतरनाक मुल्कों की श्रेणी में नहीं रखा है। सात घोषित और दो अघोषित परमाणु हथियार संपन्न देशों में पाकिस्तान अकेला है, जहां से अलग-अलग मौकों पर परमाणु तकनीक अनधिकृत स्रोतों को बेची गई है। तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को अमेरिकी अधिकारियों द्वारा दस्तावेजी सबूत दिखाने के बाद पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम के जनक अब्दुल कादिर को आजीवन अपने घर में नजरबंद कर दिया गया था। आज यह खुले रहस्य की तरह है कि उत्तरी कोरिया और ईरान के परमाणु कार्यक्रम विकास के जिन चरणों में हैं, उन्हें वहां तक पहुंचाने में पाकिस्तान के सैन्य और असैन्य अधिकारियों को मिली रिश्वतों का भी बड़ा हाथ है। खुद प्रधानमंत्री रही बेनजीर भुट्टो ने भी एक इंटरव्यू में इसे माना था कि उनके सरकारी जहाज का भी इस काम में इस्तेमाल हुआ था। पूर्व गृह मंत्री शेख रशीद जैसे पाकिस्तानी राजनीतिज्ञों ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि उनके पास टैक्टिकल बम हैं। टैक्टिकल बम वे छोटे बम होते हैं, जिन्हें बिना महंगे तामझाम के दो-तीन पैदल सैनिक चला सकते हैं। सही अर्थों में तो एक ही सैनिक काफी है, जो अपने कंधे पर रखे किसी लॉन्चर से यह बम फेंक सकता है। इसे उपयोग में लाने के लिए कमांड और कंट्रोल का वर्तमान तंत्र काफी हद तक अपर्याप्त सिद्ध होगा। छोटा बम एक सीमित इलाके में कुछ लाख लोगों को तो मारेगा ही, एक बड़े परमाणु युद्ध की संभावना भी पैदा करेगा। अमेरिका के लिए दूसरा और ज्यादा बड़ा दुःस्वप्न पाकिस्तानी परमाणु जखीरे का किसी आतंकी संगठन के हाथ पड़ जाने की आशंका है। एक कमजोर नींव पर खड़े पाकिस्तानी राज्य में इसका खतरा हमेशा बरकरार रहता है। कई बार ऐसा हुआ कि देश के किसी विशाल भूभाग पर इस्लामी अतिवादियों का कब्जा हो गया और एक स्थिति तो ऐसी भी आई, जब वे इस्लामाबाद से सिर्फ साठ मील दूर रह गये थे। दुर्भाग्य से मुख्यधारा के लगभग हर राजनीतिक दल ने मौका पड़ने पर सशस्त्र जेहाद में विश्वास रखने वाले संगठनों से हाथ मिलाया है। इस समय लोकप्रियता के शिखर पर बैठे इमरान तो एक जमाने में कहे ही जाते थे तालिबान खान। फौज एक प्रोजेक्ट के तौर पर उन्हें सत्ता में लाई थी और उसके हाथ खींच लेते ही वे तख्त से उतार दिये गये। पर विपक्ष में बैठे इमरान ज्यादा खतरनाक हो गये हैं। अमेरिका मुखालिफ आख्यान तो पाकिस्तान में हमेशा बिकता आया है, उन दिनों भी जब वह पूरी तरह से अमेरिकी मदद पर निर्भर था, सार्वजनिक विमर्श का टोन ऐसा ही होता था, पर इस बार तो इमरान ने इस नैरेटिव को फौज विरोधी भी बना दिया है। इन दिनों पाकिस्तानी सोशल मीडिया सेनाध्यक्ष जनरल बाजवा और उनके समर्थक खुफिया इदारों के अफसरों के खिलाफ गुस्से से भरा हुआ है। सत्ताच्युत होने के बाद होने वाले सारे उपचुनावों को इकतरफा मुकाबलों में जीतकर इमरान ने साबित कर दिया है कि पाकिस्तान में अमेरिका विरोधी के साथ ही फौज विरोधी बयान भी बिक सकता है और यह भी अमेरिका के लिए चिंता का एक कारण है।

■ विभूति नारायण राय

देशी साहब-विदेशी कुत्ता

देशी साहब अभी-अभी उठे हैं और रंग का ओवरकोट पहनकर टहलने की तैयारी कर रहे हैं। रंग के ओवरकोट की जरा ठहरकर बात करने से पहले उनके पालतू टॉमी कुत्ते के बारे में बात कर लें! हाँ, तो साहब जाग उठे हैं, पर कुत्ता अभी गहरी नीद सोया हुआ है। वह शायद किसी इंग्लिस्तानी बिलवेट के सपने ले रहा है! देशी चीजें उसके कमर तले नही भाती। इंग्लैंड में अब देशी आदमी इम्पोर्ट नहीं हो सकते, पर अंग्रेजी कुत्ते हो सकते हैं। देशी साहब प्रयत्न करेंगे कि उसके लिए इंग्लैंड की ही किसी बिच (कुतिया) का प्रबंध किया जाए। देशी साहब भी अंग्रेजी कुत्ते के बहाने विदेश यात्रा कर आयेंगे। देशी साहब बड़े ही प्यार से अपने अंग्रेजी कुत्ते को जगाते हैं। सिर पर मोहब्बत से हाथ फेरते हैं और बड़े ही मधुर स्वर में 'टॉमी-टॉमी' का राग अलापते हैं। कुत्ता अपनी आलस्यपूर्ण पलकें खोलता है। और अपने देसी साहब को देखकर चूँ-चूँ करने लगता है। शायद जल्दी जगा देने पर गुस्सा दिखा रहा है। समझ ही नहीं आता कि क्या कह रहा है! अंग्रेजो की तरह बोलता है न! अवश्य ही कह रहा होगा : 'यू स्टुपिड काण्ट सी? आई वाज हैविंग लवली ड्रीम ऑफ माय इंग्लिश बिलवेड!' देशी साहब को बिलकुल गुस्सा नहीं आता! गोरी चमड़ी वाले मालिक सदियों से हमारे साहब लोगों को 'इंडियन डॉग' कहते आ रहे हैं, बल्कि जब वह 'ब्लैक डॉग' कहते थे, तो हमारे देशी साहब के पूर्वज दुम हिलाते हुए सिजदे में बिछ-बिछ जाते थे। फिर यह देशी साहब अपनी खानदानी परंपरा को कैसे भुला सकते हैं। वे स्वयं यद्यपि देशी है, तथापि अपने कुत्ते को अंग्रेजी ढंग से पालते हैं। शायद इसीलिए अपने कुत्ते का नाम देशी तर्ज वाला नहीं रखा। यह कुत्ता भोलू, चिंटु या परकास नहीं हो सकता। यह सदा टॉमी, लॉटी, रॉक आदि ही कहलाने में गर्व समझता है! देशी साहब को यह कुत्ता अपने किसी अंग्रेजी अफसर से भेंट में मिला था। यह तब से ही मक्खन, पेस्ट्री, बिस्कुट या क्रीम रोल खाता है, जब कि आम औसतन हिन्दुस्तानी बाजरे की रोटी के लिए भी गली के आवारा कुत्तों की तरह सड़ते हैं! देशी साहव खुद बिना शक्कर के चाय पीते हैं, पर अपने इस कुत्ते के लिए खालिस दूध का प्रबंध करते हैं और दूध भी अपने सामने दुहाकर लाते हैं! कुत्ते को अडल्टरेटेड दूध पिलाना अपना अपमान समझते हैं। उनको डर है कि कहीं कुत्ता हिन्दुस्तानी अडल्टरेशन के बारे में बी० बी० सी० पर भाषण न दे आए। एक बार साहब की नौकरानी ने अपने रोते हुए बच्चे के लिए बूंद-भर दूध मांग लिया था। साहब ने उसकी ओर यों देखा जैसे कह रहे हों तेरे बच्चे को क्या सिर पर उठायेंगे। हमारा टॉमी क्या पियेगा।' उनके 'डाग-लव' पर तो एक बहुत बड़ा निबंध लिखा जा सकता है! जब पेंशन लेने के बाद साहब अपनी आटोबायोग्राफी लिखेंगे, तो उसके बारे में कम कुत्ते के बारे में अधिक लिखेंगे। साहब कभी-कभी मूड में आकर कह ही देते हैं : 'आदमी की अपेक्षा यह कुत्ते ज्यादा वफादार होते हैं। युधिष्ठिर के साथ अंत तक एक कुत्ता ही गया था। यह भी मुझे स्वर्गलोक तक छोड़कर आयेगा साहब ने आज फिर पुचकारकर कुत्ते को जगाया है। कुत्ते का प्यारा प्यारा सपना भुने पापड़ की तरह चरचरा के टूट गया है। यह साहब के पुच-पच करने पर भी घुर-घुर किये जा रहा है। साहब को और प्यार उमड़ता है। कुत्ता उनके रंग ओवरकोट पर पांव मारता है। साहब ओवरकोट पर लगी मिट्टी झाड़ते हैं। कुत्ता फिर पांव मारता है और साहब की आंखों में सीधा झांकता है। घुर-घुर करता है। लगता है, जैसे पूछ रहा हो : 'आप लोग यह हमारी उतरन कब तक पहनते रहेंगे। अब तो आप आजाद हो गये हैं। अपनी पोशाक पहनना सीखिये।' फिर भी साहब उसके सिर पर हाथ फेरकर मुस्कुराते हैं। हम अपनी मनोवृत्ति का क्या करें, जो अपने मालिकों की उतरन पहनकर संतुष्ट हो जाती है? साहित्य में, समाज मे, रहन-सहन में, धान-पान और बोलने तक में सब जगह हम पश्चिमी उत्तरन पहनकर ही अपना समय बिताने में अपना ज्ञान समझते हैं।' कुत्ता अभी भी घुर-घुर किये जा रहा है, और साहब अभी भी उस पर हाथ फेर रहे हैं।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

ताइवान पर शी ने क्यों दी धमकी

चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के 20वें अधिवेशन की रविवार को शुरूआत करते हुए राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने जीरो-कोविड पॉलिसी और करप्शन के खिलाफ सरकार के अभियान की तारीफ की। इस अधिवेशन में करीब 2,300 डेलीगेट्स शामिल हुए हैं, जो अगले पांच साल के लिए पार्टी लीडर का चुनाव करेंगे। पिछले 10 साल से शी सीपीसी और सरकार के मुखिया बने हुए हैं और अगले पांच साल के लिए भी उनका मुखिया चुना जाना तय है। **ताइवान पर तल्ख तेवर :** अधिवेशन में आए डेलीगेट्स को डेढ़ घंटे से कुछ अधिक समय तक संबोधित करते हुए शी ने हांगकांग और ताइवान मामलों का भी जिक्र किया। चीन की सरकार ने हांगकांग में लोकतंत्र की मांग करने वाले विरोधियों को कुछ समय पहले कुचला था। शी ने इस बारे में कहा, 'हांगकांग में पहले अराजकता थी, अब सुशासन है।' ताइवान के बारे में चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन में उसे मिलाने के लिए वह बल प्रयोग करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इससे पता चलता है कि ताइवान को लेकर चीन और आक्रामक रुख अख्तियार करेगा। बहुत साल से चीन की आशा रही है कि ताइवान उससे फिर से जुड़ जाए। लेकिन ताइवान में बहुत से लोग खुद को चीनी नहीं, ताइवानी मानते हैं। ऐसी सोच रखने वालों की संख्या बहुत बढ़ गई है, जिससे चीन के लिए एक बड़ा रोड ब्लॉक खड़ा हो गया है। चीन कह रहा है कि ताइवान या तो शांतिपूर्ण रूप से चीन से जुड़ जाए, नहीं तो वह बल प्रयोग करेगा। चीन ऐसी बात पहले भी कहता आया है। लेकिन दुनिया देख रही है कि यूक्रेन में रूस के साथ क्या हो रहा है। रूसी राष्ट्रपति पूतिन ने इस साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला किया, तब यही माना जाता था कि रूस कुछ दिनों में युद्ध जीत लेगा, मगर ऐसा हुआ नहीं। यही हाल ताइवान पर हमला करने पर चीन का भी हो सकता है। उसके लिए भी ताइवान को हमला कर खुद में मिलाना आसान नहीं होगा। शी चिनफिंग 2019 में एक ताइवानी प्रतिनिधिमंडल से मिले थे। तब उन्होंने बयान दिया था कि चीन-ताइवान का जो मसला है, इसका हल मैं इस जेनरेशन में, यानी अपने कार्यकाल में हल कर लूंगा। **अमेरिका ने बढ़ाई मदद :** अब यह बयान कौन सी दिशा लेता है, यह कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है। शी चिनफिंग ताइवान को मिलाने को अपना लॉन्ग टर्म प्रोग्राम बताते हैं। चीन दुनिया की दूसरी बड़ी इकॉनमी है और वह शक्तिशाली सामरिक ताकत भी बन चुका है। इसलिए चिनफिंग हांगकांग में लोकतंत्र समर्थकों को कुचलने और ताइवान को लेकर ऐसे आक्रामक बयान दे रहे हैं। ताइवान को लेकर चीन की तल्खी अमेरिका से भी बढ़ी है। कुछ समय पहले अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर नैन्सी पेलोसी ताइवान आईं तो चीन ने उस पर सख्त ऐतराज जताते हुए लाइव मिलिट्री ड्रिल शुरू कर दी थी। ताइवान के साथ अमेरिकी जन-प्रतिनिधियों का मेल-जोल और दौरा डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति काल से बढ़ा शुरू हुआ। हाल में भी ऐसी हाई-लेवल विजिट हुई है। अमेरिका ताइवान को हथियार भी दे रहा है। इससे ताइवान में यह भावना मजबूत हो रही है कि वह चीन का हिस्सा नहीं बनेगा। चीन को लग रहा है कि अगर वह इसे नहीं रोकेगा और ताइवान ने खुद को आजाद घोषित कर दिया तो उसके लिए शर्मिंदगी की स्थिति बन जायेगी। चीन ताइवान के मामले में चुप बैठने वाला नहीं है। इसे लेकर अमेरिका से बढ़े तनाव का जिक्र भी शी ने बगैर उसका नाम लिए किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े देशों से चीन को लगातार चुनौती मिल रही है। इसे देखते हुए चीन को अपनी सैन्य शक्ति बढ़ानी होगी **चिनफिंग की चुनौतियां :** शी के पास अपना अजेंडा पूरा करने के लिए काफी वक्त है। उनके तीसरी बार राष्ट्रपति बनने में किसी को शक नहीं है तो यह भी कहा जा रहा है कि वह शायद चौथा और शायद पांचवां टर्म भी पूरा करें।

■ कल्पित ए. मानकीकर

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

अहो, यज्ञमें दीक्षित ये धर्मनिष्ठ राजा शापसे दग्ध हो गये हैं और यज्ञ भी अपूर्ण ही रह गया है ऐसेमें हम सबको क्या करना चाहिये ? अब हम क्या करें? यह तो विपरीत कार्य हो गया। भवितव्यताके अवश्य होनेके कारण इसका निवारण करनेमें हम असमर्थ हैं ॥ 4-5 ॥

तब उन महात्मा राजाकी देहको ऋत्विजोंने अनेक प्रकारके मन्त्रोंसे सुरक्षित रखा; उनकी श्वास मन्द गतिसे चल रही थी। मन्त्रशक्तिसे उनकी निर्विकार आत्माको देहमें प्रतिष्ठित करके ऋत्विजोंने उसे अनेक प्रकारके गन्ध, माल्य आदिसे सुपूजित कर रखा था ॥ 6-7 ॥

यज्ञके सम्पूर्ण होनेपर वहाँ सभी देवगण आये। हे राजन! ऋत्विजोंने उन सबकी स्तुति की, जिससे वे बहुत प्रसन्न हुए। मुनियोंके द्वारा राजाके विषयमें समस्त बातोंको जान लेनेपर स्तोत्रोंसे सन्तुष्ट देवताओंने दुःखी मनवाले राजासे कहा- हे राजन हे सुव्रत। हम प्रसन्न है; वर माँगिये। हे राजमें। इस यहके कारण आपको श्रेष्ठ जन्म प्राप्त हो सकता है। देवशरीर, मनुष्यशरीर अथवा आपके मनमें जो इच्छा हो, उसे आप प्राप्त कर सकते हैं; जैसे कि आपके पुरोहित वसिष्ठ गर्वयुक्त होकर मर्त्यलोकमें सुखपूर्वक रह रहे हैं ॥ 8-10 ॥

उनके ऐसा कहनेपर निमिकी आत्माने परम सन्तुष्ट होकर उनसे कहा- हे श्रेष्ठ देवगण सर्वदा विनष्ट होनेवाली इस देहमें रहनेकी मेरी इच्छा नहीं है, सम्पूर्ण प्राणियोंकी दृष्टिमें मेरा निवास हो, जिससे मैं वायुरूप होकर समस्त प्राणियोंके नेत्रों में विचरण करूँ ॥ 11-12 ॥

उनसे ऐसा कहे जानेपर देवताओंने निमिकी आत्मासे कहा- हे महाराज आप कल्याणकारिणी तथा सबकी ईश्वरी भगवतीकी आराधना करें। आपके इस यज्ञसे प्रसन्न होकर वे आपका अभीष्ट अवश्य पूर्ण करेंगी ॥ 13-14 ॥

देवताओंके ऐसा कहनेपर उन्होंने अनेक प्रकारके दिव्य स्तोत्रोंद्वारा भक्तिपूर्वक गद्गद वाणीमें देवीकी प्रार्थना की ॥ 15 ॥

तब प्रसन्न होकर देवीने उन्हें साक्षात दर्शन दिया। उनके करोड़ों सूर्योंकी प्रभाके समान तथा लावण्यसे दीप्तिमान रूपको देखकर सभी कृतकृत्य हो गये और उनके मनमें परम प्रसन्नता हुई। हे राजन्! देवीके प्रसन्न हो जानेपर राजाने वर माँगा- मुझे वह विमल ज्ञान दीजिये, जिससे मोक्ष प्राप्त हो जाय तथा समस्त प्राणियोंके नेत्रोंमें मेरा निवास हो जाय ॥ 16 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

प्रदूषण रोकें

सिंगल यूज प्लास्टि पर प्रतिबंध आज-कल का एक ज्वलंत विषय है । क्योंकि सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टि का उपयोग बंद करने और पर्यावरण के अनुकूल कैरी बैग का उपयोग करने के लिए अभियान शुरू किया है। सिंगल यूज प्लास्टिक का हर साल लाखों टन उत्पादन होता है। जिसमें प्लास्टिक की थैलियां, पॉलीथिन, प्लास्टिक के सोडा और पानी की बोतलें और खाद्य पैकेजिंग आइटम आदि शामिल हैं। ये सिंगल यूज प्लास्टि केवल एक बार उपयोग किए जाते हैं और फिर रीसायकल के लिए कचरे के रूप में फेंक दिए जाते हैं। प्लास्टिक बैग या प्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल नहीं होते हैं और आमतौर पर ये जमीन के अंदर चले जाते हैं । जहां यह दब जाता है और धीरे-धीरे पानी में चला जाता है। कुछ दिनों के बाद विभिन्न तरीकों से यह समुद्र में चला जाता है। वे मिट्टी और जल निकायों में प्रवेश करते हैं और छोटे कणों में टूट जाते हैं, लेकिन वे विघटित नहीं होते हैं। सिंगल यूज प्लास्टि सौ से अधिक वर्षों तक मिट्टी और पानी में रहते हैं और विषाक्त रसायनों को छोड़ते हैं । इस तरह हमारे सुंदर ग्रह और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। प्लास्टिक की थैलियां प्लास्टिक बैग जो जल निकायों में प्रवेश करती हैं। जल प्रदूषण का एक प्रमुख कारण हैं और इस प्रकार हमारे पर्यावरण को हर संभव तरीके से खराब कर रही हैं। सरकार द्वारा सिंगल युज प्लास्टिक पर पाबंदी के बाद प्रशासन इस पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। मैं लोकप्रिय हिन्दी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से अपील करता हूँ कि सिंगल युज प्लास्टिक का इस्तेमाल पर रोक लगाये,और प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में का हिस्सा बनें।

■ **विकास आन्नद , मेदिनीनगर।**

सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग का हम सभी को इंतजार

बैंकिंग प्रणाली किसी भी अर्थव्यवस्था की जीवन-रेखा होती है, और बैंक जनता के पैसे के ट्रस्टी होते हैं। यही वजह है कि बीते कुछ वर्षों से बैंकिंग क्षेत्र में लगातार संरचनात्मक बदलाव किये जा रहे हैं। बीते रविवार को शुरू डिजिटल बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) इसी की ताजा कड़ी है। आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 जिलों में 75 डीबीयू की शुरूआत प्रधानमंत्री ने की है। इसकी घोषणा गत बजट में की गई थी। वास्तव में, भारत में डिजिटल बैंकिंग ने 1990 के दशक के अंत में आकार लेना शुरू किया, जब भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग क्षेत्र के डिजिटलीकरण की संभावना का मूल्यांकन करने के लिए एक समिति (1988 में) गठित की। वर्ष 2003 में कोर बैंकिंग समाधानों ने 'कहीं भी और कभी भी बैंकिंग' की अनुमति दी। इसके बाद 2016 में लॉन्च किये गये 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) सिस्टम ने बैंकों को आसानी से फंड ट्रांसफर करने में सक्षम बना दिया। डीबीयू आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में एक अन्य बड़ा कदम है। डिजिटल बैंकिंग का मूल अर्थ है, सभी बैंकिंग परिचालनों को डिजिटलीकृत करना, बैंकों की भौतिक उपस्थिति को ऑनलाइन उपस्थिति में बदलना और उपभोक्ता की शाखा में जाने की आवश्यकता को समाप्त करना। नव-स्थापित होने वाले 75 डीबीयू **सभी राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों को कवर करेंगे :** आने वाला समय डिजिटल प्लेटफॉर्म का ही है, जिसे कोविड महामारी ने हमें बहुत कुछ पहले ही सीखा दिया है। आज ऑनलाइन बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन, ऑनलाइन शिक्षा व ऑनलाइन जॉब हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। डेलॉयट रिसर्च एजेंसी के एक अध्ययन के अनुसार, देश में अभी 110 करोड़ लोग मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे हैं, जिनमें से 72 करोड़ लोगों के हाथों में स्मार्टफोन है। इनकी संख्या 2026 तक 100 करोड़ पार कर जाने की उम्मीद है। केंद्र सरकार की योजना 'भारतनेट' कार्यक्रम के तहत 2025 तक सभी गांवों को फाइबर नेट से जोड़ने की भी है। इससे आने वाले समय में डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इतना ही नहीं, 35 करोड़ से अधिक डाकघर जमा खातों को कोर बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जा रहा है, जिससे खाताधारक अपने खाते को ऑनलाइन एक्सेस कर सकेंगे। यह ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक होगा, साथ ही वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा देगा। यह ग्रामीण भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा प्रयास है। सरकार ने सस्ती मुद्रा प्रबंधन प्रणाली के लिए 2022-23 से रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये जाने वाले ब्लॉकचेन और अन्य तकनीकों का उपयोग करते हुए डिजिटल रुपया पेश करने का प्रस्ताव रखा है। ऐसा करके भारत खुद की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) जारी करने वाले देशों में शामिल हो जायेगा। देश में बड़ी संख्या में मोबाइल ग्राहक होने के कारण वित्तीय सेवाओं के वितरण में इस तकनीक का व्यापक उपयोग हो सकता है। हालांकि, डिजिटल बैंकिंग जैसी सेवा पर विचार करते समय हमें सुरक्षा पर भी जोर देना होगा, क्योंकि डिजिटल बैंकिंग को व्यापक बनाने के लिए भुगतान प्रणालियों को सुरक्षित बनाना अनिवार्य है। केंद्रीय बैंक धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए बेशक गंभीर प्रयास कर रहा है, लेकिन इसमें उसे पूरी तरह सफलता नहीं मिल सकी है। 'अ बुकलेट ऑन मोडस ऑपरेंडी ऑफ फाइनेंशियल फ्रॉड' के आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में कुल 473 करोड़ रुपये का ऑनलाइन फ्रॉड लोगों के साथ हुआ है। ऑनलाइन फ्रॉड के चलते अभी महज चार करोड़ लोग ही मोबाइल बैंकिंग करते हैं। निकट भविष्य में डिजिटल बैंकिंग अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करेगी और फिनटेक भारतीय बैंकिंग व भुगतान प्रणाली के लिए आगे का रास्ता है। जाहिर है, इसे सुगम और सुरक्षित बनाने की दरकार है। हमारे देश में करीब 6.5 लाख गांव हैं, जिनमें देश की करीब 65 फीसदी आबादी बसती है। आज भी विभिन्न कारणों से एक बड़ी ग्रामीण आबादी औपचारिक ऋण के दायरे से बाहर है। ऐसे लोगों के लिए डिजिटल बैंक काफी अहम साबित होंगे। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ ब्रजेश कुमार तिवारी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नंबर :** 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, **फोन नंबर :** 0651-2283384, **फैक्स नंबर :** 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

न्यूज गैलरी

पदयात्रा का 19वां दिन, प्रशांत किशोर ने की जन सुराज अल्पसंख्यक समिति के लोगों से मुलाकात

बेतिया। जन सुराज पदयात्रा में गुरुवार को विश्राम के दिन प्रशांत किशोर ने नरकटियागंज स्थित पदयात्रा शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात की। इसी क्रम में उन्होंने जन सुराज अल्पसंख्यक समिति के सदस्यों एवं ब्रम्हाकुमारी से जुड़ीं महिलाओं के साथ मुलाकात और जन सुराज के विचार पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पदयात्रा के माध्यम से अब तक लगभग 150 किमी का सफर तय कर चुके हैं और पश्चिम चंपारण में लगभग 20 दिन और रुकेंगे। इस दौरान उन्होंने पश्चिम चंपारण की स्थानीय समस्यायों का जिक्र करते हुए बताया कि जिले के हर पंचायत की समस्याओं का संकलन कर रहे हैं और उसका समाधान कैसे हो इसके लिए भी लोगों से सुझाव ले रहे हैं। पदयात्रा शिविर में स्थानीय आमजन व जनप्रतिनिधियों से जन सुराज पर विचार व्यक्त करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि 2 अक्तूबर से शुरू हुई पदयात्रा के माध्यम से हम बिहार गांव, पंचायत, प्रखंड में जाकर दरवाजा खटखटा रहे हैं, ताकि समाज को मथ कर सही लोगों को चिन्हित किया जा सके। ऐसे सभी सही लोगों के माध्यम से हम बिहार के वास्तविक मुद्दों को समझने का प्रयास करेंगे। सही सोच का अर्थ है बिहार के विकास के लिए प्रयास करने की सोच और इसके लिए जबतक सामूहिक प्रयास नहीं होगा, कोई व्यक्ति या कोई दल अकेले बिहार को आगे नहीं बढ़ा सकता है। इसलिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

बिहार के बगहा में बांसी नदी में पलटी नाव, एक की हालत गंभीर

पश्चिम चंपारण (एजेंसी)। बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में गुरुवार सुबह धनहा थाना क्षेत्र के बरवा सिसवा घाट पर उप्र.-बिहार की सीमा पर एक नाव बांसी नदी में पलट गई। नाव पर कई लोग सवार थे। सूचना है कि किसी को कोई क्षति नहीं पहुंची है। नाव पर सवार सभी लोगों तैरकर अपनी जान बचा ली है। हालांकि बताया जा रहा है कि हादसे में एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। नाव पर छह से ज्यादा लोग सवार थे। इसके अलावा नाव पर बाइक भी लदी हुई थी और नाव ओवरलोड थी। नाव उप्र.की ओर से बिहार लौट रही थी। इस दौरान बिहार की सीमा पर पहुंचते ही नाव पलट गई। हादसे में नाव समेत बाइक बह गयी जिसका पता नहीं चल पाया है।

अवैध बालू लदे 12 ट्रैक्टर जब्त

भागलपुर (एजेंसी)। भागलपुर में बालू माफियाओं पर लगाम लगाने को लेकर गुरुवार को लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी गौरव कुमार फिल्मी अंदाज में सादे लिबास में अपने दल बल के साथ बाईपास टीओपी के पास धावा बोलते हुए अवैध तरीके से बालू लदे 12 ट्रैक्टर को जप्त किया। उन्होंने सभी ट्रैक्टर को अपने कस्टडी में लिया। किसी भी अभियुक्त के गिरफ्तार होने की सूचना नहीं है। डीएसपी विधि व्यवस्था डीएसपी गौरव कुमार के नेतृत्व में बायपास टीओपी पुलिस ने सादे लिवास में जगदीशपुर, कजरैली और बायपास क्षेत्र में मुख्य सड़क पर छापेमारी की गई। इस दौरान ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। पुलिस ने वहाँ से सभी 12 ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया है। साथ ही अन्य बालू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है। विधि व्यवस्था डीएसपी गौरव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों का परिचालन हो रहा है। इसके बाद टीम का गठन कर हर क्षेत्रों में टीमों को लगाया गया। बायपास से जुड़े हर सड़कों पर छापेमारी की गई। जहां से अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। आगे भी जहां जहां से इसकी सूचना मिलेगी वहां छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी।

अणुव्रत समिति ने इको फ्रेंडली दीपावली को लेकर किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

अररिया (एजेंसी)। अणुव्रत समिति के ज्ञानशाला, महिला मंडल, युवक परिषद और समिति की ओर से दीपावली को सुरक्षित तरीके से मनाने को लेकर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। दिवाली कैसे मनाई जाए और प्रकृति के प्रति किस तरह जागरूक हो सकते हैं,नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह बातें समझाई गईनुक्कड़ पर आते जाते सभी लोगों का ध्यान इस अनोखी पहल के द्वारा आकृष्ट हुओ लोगों की उत्सुकता इस मंचन के प्रति बढ़ी और दिवाली का सापेक्ष संदेश लोगों के बीच प्रसारित हुआ। इस नाटक के माध्यम से बताया गया कि इतिहास गवाह है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम अयोध्या लौटे और भगवान महावीर का निर्वाण हुआ तो दीप मलिकाएं प्रज्वलित हु। लेकिन आतिशबाजी और पटाखों का जिक्र इतिहास में नहीं है तो फिर क्यों हम प्रकृति का दोहन कर रहे हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदूषण मुक्त पटाखों के चयन का संदेश दिया गया। पटाखों के संयम के प्रति जागरूक रहने की शिक्षा और अनुव्रत समिति के द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने अपील की कि सभी स्नेह के दीपों से जीवन जगमगाए और इस बार ही नहीं हर बार इको फ्रेंडली दिवाली मनाए।

अयोध्या में दिख रहा अध्यात्म संस्कृति व विकास का नया संगम

हाइवे पर लगीं श्रीराम व ऋषि मुनियों की मूर्तियां बता रहीं अयोध्या की गौरव गाथा

लखनऊ (एजेंसी)। अयोध्या का दीपोत्सव चहुँओर प्रकाश फैला रहा है। रामनगरी में अध्यात्म, संस्कृति व विकास की नयी धारा बहने लगी है। त्रेतायुग की धरोहरों को कलियुग में भी संवारने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार का प्रयास साफ दिख रहा है। निमार्णाधीन प्रभु श्रीराम का मंदिर जहां गौरवशाली परंपरा का वाहक बन रहा है, वहीं दीपोत्सव सांस्कृतिक गाथा की कहानी बयां कर रहा है। एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, आवासीय विद्यालय यहां के सम्पूर्ण भौतिक विकास को परिलक्षित कर रहा है। 2017 में सरकार बनने के बाद योगी सरकार ने यहां के अतीत को जोड़कर वर्तमान को समृद्धशाली बनाने का सपना देखा था। इसके लिए सबसे पहले करोड़ों लोगों की आस्था के मद्देनजर सरकार ने दीपोत्सव का आयोजन शुरू कराया। यह आयोजन साल दर साल नई ऊंचाइयां छूने लगा।

सांस्कृतिक प्रकाश से भी जगमगाने लगी अयोध्या : योगी सरकार ने राम की अयोध्या को सबसे पहले सांस्कृतिक प्रकाश से प्रज्ज्वलित किया। 2017 में यहां दीपोत्सव का आयोजन किया गया। उस समय लगभग 1.71 लाख, 2018 में लगभग 3.01 लाख, 2019 में लगभग 4.04 लाख, 2020 में 6.06 लाख और 2021 में 12 लाख से अधिक दीपों से अयोध्या जगमग हुई। इस बार यह आंकड़ा 18 लाख का है। वहीं बीते 28 सितंबर को स्वर कोकिला लता मंगेशकर के जन्मदिवस पर यहां 14 टन की वीणा रखकर योगी सरकार ने उनके नाम पर चौक का निर्माण कराकर संदेश दिया कि सरकार राम की नगरी में मां शारदे के स्वरूप में संस्कृति का भी प्रकाश बिखेरेगी। यहाँ के कई द्वारों का नामकरण त्रेता की धरोहरों की याद दिलाएगा। अयोध्या-लखनऊ-गोरखपुर राजमार्ग पर भगवान राम और ऋषि-मुनियों की लगी प्रतिमा इस बात का द्योतक है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न सिर्फ आज बल्कि आने वाली भावी पीढ़ी के रोम-रोम में राम के आदर्शों को उतारना चाहते हैं।

भौतिक विकास की भी नई कहानी कहेगी अयोध्या : योगी सरकार अयोध्या को भौतिक दृष्टि से भी समृद्ध करने में पीछे नहीं है। यहां मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डे का 50 फीसदी कार्य हो चुका है। 2023 से यहां उड़ानें शुरू करने का उद्देश्य है। रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास तेजी से कराया जा रहा है। वहीं अयोध्या अकबरपुर बसखारी मार्ग फोर लेन निर्माण, इस मार्ग पर गोसाईगंज, माया बाजार के नवनिर्माण के जरिये सुगम यातायात पर भी सरकार की नजर है। शिक्षा के क्षेत्र में 66.44 करोड़ से सरकार अटल जी के नाम पर आवासीय विद्यालय का निर्माण कर रही है। इसका 85 फीसदी कार्य भी हो चुका है। राम पथ का कार्य प्रगति पर है। चिकित्सा को ध्यान में रखते हुए राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज का मुख्य भवन बन गया है। अन्य कार्य हो रहे हैं। वहीं डॉ. बृजकिशोर होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज का कार्य भी तेजी से हो रहा है। अयोध्या पर्यटन की दृष्टि से भी काफी समृद्ध हो गई। यहां निवेश के लिहाज से देश- प्रदेश के साथ विदेशी कंपनियों की भी नजर है।

आध्यात्मिक विकास व आर्थिक स्वावलम्बन की भी राह दिखा रही योगी सरकार

सरकार यहां का आध्यात्मिक विकास कराने के लिए भी पुरजोर कोशिश कर रही है। रामलला मंदिर में विराजमान हों, इसके लिए तेजी से काम किया जा रहा है। रामलला सम्पूर्ण जगत का कल्याण करें, यह भावना सन्त व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ की है। उन्होंने अयोध्या की पावनी सरयू के निर्मल बनाने के साथ यहां के घाटों का पुनरुद्धार कराया। राम की पैड़ी, सूर्यकुंड घाट, गुप्तार घाट आदि स्थानों को संवारने का भी सरकार ने कार्य किया।

साइबर अपराधियों का मास्टरमाइंड सहित 11 गिरफ्तार, कई समान बरामद

नवादा (एजेंसी)। नवादा में पुलिस ने बड़े पैमाने पर साइबर अपराध का भंडाफोड़ किया है। ये अपराधी महाराष्ट्र, यूपी, मध्य प्रदेश और बिहार के लोगों के साथ ठगी का काम करते थे। पुलिस कप्तान डॉ गौरव मंगला की देखरेख में टीम का गठन कर गुरुवार को छापामारी की गई है। जहां से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी में 14 छोटा मोबाइल, 14 बड़ा मोबाइल, 1 लाख 22 हजार दो सौ नगदी, एक लैपटॉप, तीन पासवर्ड, विभिन्न बैंकों का तीन चेक बुक, विभिन्न बैंकों का 3 एटीएम कार्ड, जिओ का 2 सिम कार्ड, विभिन्न राज्यों का मोबाइल लिस्ट और नंबर भी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के अपढस और गौसपुर गांव में छापामारी कर सभी की गिरफ्तारी की गई है। मास्टरमाइंड त्रिपुरारी सिंह के घर से ठगी का काम करने वाला सामान को बरामद किया गया है। बताया जाता है कि रजत कुमार, संतोष कुमार, राजीव कुमार, सुशील कुमार, विकास कुमार, मुरारी कुमार, त्रिपुरारी कुमार, रंजन कुमार, राजीव रंजन, ललित कुमार आदि लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी लोग विभिन्न राज्यों में ठगी का काम किया करते थे। लोगों को बंगला, कार, गाड़ी, ईट भट्टा दिलाने के नाम पर मोटी रकम का उगाई किया करते थे। बड़े पैमाने पर अपराधियों का कमर तोड़ा गया है। पुलिस कप्तान के द्वारा लगातार इस साइबर क्राइम करने वाले लोगों पर पैनी नजर रखा जा रही है।

अनियंत्रित ट्रक ने अलग- अलग स्थानों पर पांच लोगों को कुचला, एक की मौत

सीवान (एजेंसी)। जिले के सराय ओपी थाना क्षेत्र के छपरा - सीवान मुख्य मार्ग पर चांप गांव के समीप गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित ट्रक ने पांच लोगों को कुचल दिया है। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि घटना में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए है। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सीवान सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मृतक पचरुखी थाना क्षेत्र के सोनापीपर गांव निवासी स्व. सुनेला राम का 35 वर्षीय पुत्र शिववचन राम है। जबकि घायलों की पहचान बरीयापुर के हजपुरवा निवासी स्व. रामपूजन मांझी का 28 वर्षीय पुत्र हरेंद्र मांझी, बरीयापुर निवासी असगर अली का पुत्र 26 फिरोज आलम, सराय ओपी थाना क्षेत्र के चांप ढाला निवासी स्व . नकी हुसैन का 24 वर्षीय पुत्र महमद अली तथा पटना निवासी मुनेश्वर राय का 24 वर्षीय पुत्र चंदन राय है।

उल्लेखनीय है कि छपरा की ओर से आ रही एक ट्रक अचानक से अनियंत्रित हो गई। इसके बाद पचरुखी के समीप सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को कुचल दिया। फिर सड़क पर जो भी उसके सामने आया कुचलती चली गई।

इस दौरान ट्रक सराय ओपी थाने के चांप के समीप पहुँची यहां दो ऑटो को भी कुचल दिया। जिसमें सवार चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। इस अनियंत्रित ट्रक ने दो थाना पचरुखी तथा सराय ओपी क्षेत्रों में लोगों को कुचला है। आक्रोशित ग्रामीणों ने आगजनी कर सड़क किया जाम घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आगजनी कर सड़क को जाम कर दिया है। ग्रामीण सड़क जाम कर ट्रक चालक पर कार्यवाई और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। घटना स्थल पर सराय ओपी थाना की पुलिस ने पहुंचकर सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा बुझाकर कर जाम हटाया।

आमिर खान के करीबी व्यवसायी के घर ईडी ने मारा छापा, डेढ़ करोड़ नगदी बरामद

कोलकाता (एजेंसी)। करोड़ों की नगदी बरामदगी के मामले में गत माह गिरफ्तार किये गये कोलकाता के गार्डनरीच इलाके के कारोबारी आमिर खान के एक और करीबी के घर तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में नगदी बरामद हुई है। उल्टाडांगा में स्थित आमिर खान के करीबी के घर बुधवार देर शाम ईडी के अधिकारी पहुंचे थे। यहां अलमारी और अन्य जगहों से बड़ी मात्रा में नगदी बरामद हुई। गुरुवार तड़के तक रुपये गिनने का काम जारी था। उस कारोबारी का नाम रमेश अग्रवाल है। लंबे समय तक उसे बैठाकर पूछताछ भी की गई है। घर से एक लैपटॉप और कई अन्य चीजें मिली हैं जिसे अधिकारियों ने जब्त कर लिया है। गुरुवार सुबह 5:00 बजे के करीब ईडी के अधिकारी कार्रवाई समाप्त कर वापस लौटे हैं। दो ट्रॉली बैग में भरकर रुपये और अन्य सामानों को ले जाया गया है। परिवार के एक सदस्य रूमेन अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। घर में इतने रुपये कहां से आए और क्यों रखे गए थे इस बारे में घर वालों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया है। पता चला है कि ऑनलाइन ठगी और गेमिंग के मामले में ये लोग भी शामिल रहे हैं। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि बुधवार को ईडी अधिकारियों ने न केवल उल्टाडांगा बल्कि जादवपुर, पार्क स्ट्रीट सहित कई अन्य इलाकों में छापेमारी की थी। आमिर खान के घर गत 10 सितंबर को ईडी अधिकारियों ने तलाशी अभियान चलाया था जहां से 17 करोड़ रुपये नगदी बरामद हुए थे। बाद में कोलकाता पुलिस ने उसे गाजियाबाद से गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह जेल में है।

ईडी की सख्ती के बाद सीजीओ कॉम्पलेक्स पहुंचे तापस मंडल

पश्चिम बंगाल में शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार पूर्व विधायक माणिक भट्टाचार्य के करीबी तापस मंडल को सीजीओ कंपलेक्स आना पड़ा है। गुरुवार अपराह्न के समय ईडी की सख्ती के बाद वह केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर में आए हैं। उनसे पूछताछ शुरू हुई है। बुधवार को तापस मंडल ने ईडी को ईमेल करके कहा था कि वह दूसरे राज्य में हैं इसीलिए किसी भी तरह से उनका गुरुवार को भी दफ्तर आना संभव नहीं है। इसके जवाब में ईडी ने स्पष्ट कर दिया था कि गुरुवार को हर हाल में आना होगा। अगर नहीं आएंगे तो हम आपको ढूंढ लेंगे। इसके बाद अपराह्न के समय वह पहुंचे हैं। उनसे पूछताछ शुरू हुई है। उनका बयान रिकॉर्ड किया जा रहा है। माणिक भट्टाचार्य के आमने-सामने बैठाकर तापस से पूछताछ की तैयारी पहले से की गई थी। दरअसल तापस मंडल चार टीचर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट चलाते हैं जिसके बैनर तले छह प्राइवेट बीएड कॉलेज चल रहे हैं। खास बात यह है कि 22 साल पहले वह उत्तर 24 परगना की बारासात नगर पालिका के वार्ड नंबर 22 में अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ टीन के मकान में रहते थे जबकि आज अरबों रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। माणिक भट्टाचार्य के करीबी होने की वजह से पता चला है कि उनके बीएड कॉलेज में पढ़ने वाले अधिकतर लोगों को गैरकानूनी तरीके से शिक्षक की नौकरी मिली है। इसी हफ्ते की शुरूआत में ईडी के अधिकारियों ने बारासात के उसके घर पर छापेमारी की थी जहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले थे। उसके घर को सील कर दिया गया था जिसके बाद उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर बड़े भाई की हत्या की

कौशांबी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के मोहब्बतपुर पइन्सा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर अनैठा गांव में गुरुवार को छोटे भाई ने अपने बड़े भाई से नाराज होकर उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। अभियुक्त मानसिक रूप से विक्षिप्त भी बताया गया है। पुलिस के अनुसार वारदात की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि किसी बात से नाराज होकर आमिल ने गुस्से में अपने बड़े भाई मोहम्मद फैयाज (40 साल) पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक केजी सिंह ने बताया कि अभियुक्त मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वह गांव से बाहर रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था, लेकिन मानसिक तौर पर बीमार होने के बाद वह पढ़ाई छोड़ कर घर में रह रहा था।

दीपावली पर्व पर पेंटरों के उम्मीदों को मिली उड़ान, अच्छी कमाई की आस

वाराणसी (एजेंसी)। दीप पर्व दीपावली में तीन दिन शेष हैं। ऐसे में दूसरों के घरों की दीवार को चमकाने के लिए पेंटर भी रातदिन एक कर रहे हैं। वैश्विक महामारी कोरोना के चलते पूरे दो साल बाद अपने घर भी खुशियां लाने की उम्मीद में पेंटर और उनके सहयोगी कई घरों में काम पकड़ रहे हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस बार उनकी और परिवार की दीवाली भी रोशन रहेगी। साल भर काम की तलाश में भटकने वाले पेंटरों के लिए दिवाली पर्व वरदान से कम नहीं है। जनपद चंदौली के चकिया मनकपड़ा (पड़निया) के पेंटर रामाश्रय ने बताया कि कोरोना के चलते पूरे दो साल बाद दीपावली पर भरपूर काम मिल रहा हैं। रातदिन परिश्रम के बाद इस बार हम लोगों की दिवाली भी अच्छी होने की उम्मीद है। रामाश्रय बताते है कि उन्हें एक दिन का 650 रुपए



मजदूरी मिलती है। काम अधिक होने पर सहयोगी को भी लेकर आते है। दीपावली पर्व के पहले अपने परिवार के साथ दीवाली मनाने के लिए गांव जायेंगे। पत्नी को गुजरे कई साल हो गये। गांव में थोड़ी बहुत खेतीबारी है। बच्चे मिलकर खेती करते है। काम न मिलने पर गांव चला जाता हूं। शहर में किराये के मकान और नियमित खुराक के लिए लाले तब पड़ते है जब हमें काम नही मिलता। रामाश्रय बताते है कि ठेकेदार से जुड़ने पर उन्हें काम मिल जाता है। लेकिन मजदूरी कम मिलती है। घरों में चूना और पेंट करने के दौरान काफी सावधानी बरतते है। लेकिन हाथ में जलन भी होती है। रामाश्रय बताते है कि इस बार दीप पर्व पर लोग ब्रांडेड पेंट ही अधिक लगवा रहे है। कुछ लोग पूरे घर के बजाय मुख्य गेट और खिड़कियों को ही रंगरोगन करा रहे है। रामाश्रय बताते है कि बड़े व्यापारी और सम्पन्न लोग घरों की रंगाई-पुताई के लिए डिस्टेंपर और पेंट्स खुद ही खरीद कर ले आते है। पेंट कम्पनियों से ही पेंटरों को भी ले आते है। मध्यम वर्ग के लोग लेबर मंडी से पेंटर लेकर आते है। मैदागिन के पेंट व्यापारी बबलू सिंह बताते है कि दिहाड़ी पेंटर समय पर काम पूरा नहींकरते। ऐसे में पेंट कंपनियों से और हमारे प्रशिक्षित पेंटर से ही हम लोग काम को वरीयता देते है। साइट (जिन घरों में काम करना है) वहां अपने पेंटर को ही भेजते हैं। इससे लोगों को ढूंढने और फिर उनसे मोलभाव करने में अपना समय नहीं बर्बाद करना पड़ता। बबलू सिंह बताते है कि दशकों पहले लोग लोग खुद ही घर की सफेदी मिलजुल कर करते थे। लेकिन बदलते दौर में यह सब काम कॉन्ट्रैक्ट पर होने लगा है।

ज्योति हत्याकांड : पति व उसकी प्रेमिका समेत छह लोग दोषी करार, तीन बरी

- अपर जिला जज प्रथम की कोर्ट ने सुनाया फैसला, आठ साल पहले ज्योति की हुई थी हत्या

कानपुर (एजेंसी)। शहर के चर्चित ज्योति हत्याकांड में आठ साल से सुनवाई और जिरहों का दौर चल रहा था। आखिरकार गुरुवार को अपर जिला जज प्रथम अजय कुमार त्रिपाठी की कोर्ट ने फैसला सुना दिया। कोर्ट ने ज्योति के पति पीयूष श्यामदासानी और उसकी प्रेमिका मनीषा मखीजा सहित छह लोगों को दोषी करार दिया है जबकि साक्ष्यों के भाव में तीन को बरी कर दिया है। पांडुनगर निवासी बिस्कुट व्यापारी ओमप्रकाश श्यामदासानी के बेटे पीयूष श्यामदासानी की पत्नी ज्योति की संदिग्ध हालात में 27 जुलाई 2014 को हत्या हुई थी। आठ साल पुराने इस चर्चित मामले में गुरुवार को अपर जिला जज प्रथम अजय कुमार त्रिपाठी की अदालत ने फैसला सुना दिया है। मामले में ज्योति के पति पीयूष श्यामदासानी, उसकी प्रेमिका मनीषा मखीजा के अलावा मनीषा के ड्राइवर अवधेश कुमार चतुर्वेदी व हत्या में शामिल रहे। आशीष कश्यप, सोनू व रेनू को दोषी करार दिया गया है। वहीं साक्ष्य के आभाव में कोर्ट ने पीयूष की मां पूनम व दो भाइयों मुकेश और कमलेश को बरी कर दिया है। बताते चलें कि पुलिस ने पीयूष श्यामदासानी, उसकी प्रेमिका मनीषा मखीजा, मनीषा के ड्राइवर अवधेश कुमार चतुर्वेदी, पीयूष से सुपारी लेकर हत्या की साजिश रचने वाले आशीष कश्यप व सुपारी किलर रेनू उर्फ अखिलेश कनौजिया और सोनू कश्यप के अलावा पुलिस को सही जानकारी न देने के आरोप में पीयूष के पिता ओम प्रकाश श्यामदासानी, मां पूनम व दो भाइयों मुकेश और कमलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट कोर्ट भेजी थी। इनमें से पिता ओम प्रकाश की मौत मुकदमा की सुनवाई के दौरान हो चुकी है।

तीन की नहीं हुई थी जमानत : ज्योति हत्याकांड में अवधेश, रेनू और सोनू घटना के बाद से जेल में ही बंद हैं जबकि बाकी आरोपियों को जमानत मिल गई थी। रेनू और सोनू के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया था। रेनू के पास से पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू और ज्योति के गहने बरामद किए थे।

पुलिस को बताई थी झूठी कहानी : पति पीयूष ने स्वरूप नगर पुलिस को झूठी कहानी बताई थी। उसने कहा था कि रात में कंपनी बाग चौराहा से खाना खाने के बाद जैसे ही सीएसए के रास्ते घर की ओर जा रहे थे तभी लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया और पत्नी ज्योति का अपहरण कर ले गये। पुलिस को शक हुआ और मुकदमा दर्ज करने से पहले छानबीन तेज कर दी और दो घंटे के अंतराल में ज्योति का खून से लथपथ शव पनकी में मिल गया। इसके बाद पुलिस कई दिनों तक उससे पूछताछ करती रही और वह वही बयान देता रहा। आखिरकार तत्कालीन आईजी आशुतोष पाण्डेय ने सख्ती बरती तो परत दर परत सब राज खुलते चले गये और पीयूष ने सच्चाई बयां कर दी।

जगमगाने को बेताब मिट्टी के दीयों का कारोबार, कुम्हारों की जागी उम्मीदें

औरैया (एजेंसी)। दीपावली पर दीयों का कारोबार जगमगाने को बेताब है। मिट्टी के दीयों (दीपक) का कारोबार दीपावली पर कुम्हारों के घरों में चमक बिखेरेगा। इस उम्मीद से कुम्हार दीयों को बनाने में जुटे हुए हैं। रोशनी का त्योहार दीपावली अक्टूबर माह में मनाया जाएगा। दीपावली पर दीयों को जलाकर घरों को रोशन किया जाता है इसलिए मिट्टी के बने वस्तुओं व मूर्ति आदि की खासी बिक्री होती है। हालांकि बदलते दौर में मिट्टी के दीयों के साथ इलेक्ट्रिक लाइटों ने बिक्री पर बड़ा असर डाला है लेकिन इसके बाद भी मिट्टी के दीयों की बिक्री पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। लोग आज भी मिट्टी के दीयों को पौराणिक मान्यता के साथ घरों में जलाते हैं। इन दिनों कस्बा कुदरकोट के कुम्हार दीयों को बनाने में जुटे हुए हैं। छोटे-

बड़े मिट्टी के दीये बनाये जा रहे हैं। कुम्हार बताते हैं कि इस बार उनको उम्मीद है कि कारोबार अच्छा चलेगा। इसलिए मिट्टी दीयों को बनाकर स्टॉक करने में लगे हुए हैं। जनपद के कस्बा कुदरकोट में लगभग एक दर्जन घरों में कुम्हार मिट्टी के दीये व अन्य चीजें बनाते हैं। देखा गया है कि इस कारोबार में सपरिवार लोग लगे हुए हैं। कोई चाक चलाकर दीये बना रहा है तो कोई दीयों में रंग भरने का काम कर रहा है। घर की महिलाएं मिट्टी तैयार करने में लगी हुई हैं। कुम्हार बताते हैं कि यह बड़ी मेहनत वाला काम है सपरिवार लगना होता है तब कहीं काम चल पाता है। कुम्हारों को अब बस दीपावली के त्योहार पर बिक्री का इंतजार है।

मिट्टी की कमी से कुम्हार परेशान

भले ही खनन माफिया जेसीबी, ट्रैक्टरों और डंपरों से रात दिन मिट्टी का खनन कर रहे हो लेकिन कुम्हारों को दीयों को बनाने के लिए मिट्टी सहजता से नहीं मिल रही है। कुम्हार बताते हैं कि जब वह मिट्टी लेकर आते हैं तो पुलिस परेशान करती है। इसलिए अब मिट्टी आसानी से नहीं मिल पा रही है। इससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। हालांकि कुछ परेशानियों के बाद जितनी भी मिट्टी उपलब्ध हो जाती है उससे दीपक बनाने में कुम्हार जुटे हुए हैं।

कोरोना काल के काले बादल छटे

कोरोना काल में मिट्टी को आकार देने वाले कारोबार पर बड़ा प्रभाव डाला था, लेकिन अब काले बादल छट गए हैं। कुम्हार बताते हैं कि जिस तरह से आर्डर मिल रहे हैं उससे कारोबार अच्छा चलने की उम्मीद है।

कुम्हार चहके

दीपावली पर दीयों की बिक्री खास होती है। इसलिए दीयों को बना रहे गयादीन ने बताया कि इस दीपावली को अच्छी बिक्री की उम्मीद है। अगर मिट्टी मिलती रहे, तो माल अधिक तैयार हो जाए, लेकिन मिट्टी नहीं मिल पा रही है। पहले जैसी स्थिति अब नहीं रही।

क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने पर गृह मंत्रालय लेगा फैसला, उम्मीद कम : ठाकुर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि गृह मंत्रालय अगले साल एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की पाकिस्तान यात्रा पर फैसला करेगा, लेकिन उन्हें लगता है कि खिलाड़ियों के सीमा पार जाने की संभावना बहुत अधिक नहीं है। हालांकि, अनुराग ठाकुर उम्मीद कर रहे हैं कि पाकिस्तान टीम अगले साल 50 ओवर के विश्व कप में भाग लेने के लिए भारत आयेगी। हम सभी का स्वागत करते हैं। दरअसल, ये मुद्दा उस समय उठा जब बीसीसीआई के सर्कुलर में इस बात का जिक्र था कि एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान के दौरे पर जा सकती है, लेकिन टीम को सरकार से अनुमति लेनी होगी। हालांकि,

बीसीसीआई के सचिव जय शाह, जो एशियन क्रिकेट काउंसिल यानी एसीसी के प्रमुख भी हैं, उन्होंने मंगलवार को कहा था कि भारतीय टीम पाकिस्तान के दौरे पर नहीं जायेगी। टूर्नामेंट न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जायेगा। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का भी पत्र सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि एसीसी को इस मामले पर जल्द मीटिंग करने होगी। इसके अलावा भारत का ये फैसला अगले साल भारत में ही होनेवाले वनडे विश्व कप में पाकिस्तान टीम की भागीदारी को प्रभावित कर सकता है।

भारतीय धरती पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सभी टीमें आमंत्रित

जय शाह के बयान के बाद हुए विवाद पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि विश्व कप के लिए क्वालीफाई करनेवाली सभी टीमों को भारतीय धरती पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। कई बार पाकिस्तान की टीमें भारत आकर खेल चुकी हैं। मुझे लगता है कि भारत किसी के द्वारा हुक्म चलाने की स्थिति में नहीं है और किसी के पास ऐसा करने का कोई कारण नहीं है। मुझे उम्मीद है कि सभी देश आयेंगे और प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने आगे पाकिस्तान का दौरा करने को लेकर कहा कि संभावनाएं हमेशा रहती हैं। किसने सोचा था कि कोविड-19 होगा। कुछ भी हो सकता है, लेकिन भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने की संभावना ज्यादा नहीं है। यह एक निर्णय है, जो गृह मंत्रालय द्वारा लिया जायेगा। कुल मिलाकर खिलाड़ियों की सेफ्टी और सिक्योरिटी अहम मामला है। यह एक सुरक्षा चिंता है। सरकार उस पर फैसला लेगी। समय आने दो, उस समय की स्थिति देखते हैं।

पहली भिड़ंत के लिए मेलबर्न पहुंची भारत-पाकिस्तान की टीमें

मेलबर्न (एजेंसी)। बीसीसीआई ने वीडियो शेयर करके टीम इंडिया के मेलबर्न पहुंचने की जानकारी दी है। टीम के खिलाड़ी फ्रेश नजर आ रहे हैं और पाकिस्तान से होनेवाले मुकाबले से पहले वे मेलबर्न के मैदान पर शुक्रवार को प्रैक्टिस करेंगे। इस दौरान टीम इंडिया का जबरदस्त स्वागत किया गया और फैंस ने खिलाड़ियों के ऑटोग्राफ भी लिये। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में हो रही बारिश इस मैच में बाधा बन सकती है क्योंकि रविवार यानी 23 अक्टूबर को बारिश की संभावना 80 फीसदी से ज्यादा जतायी गयी है। हालांकि, मेलबर्न ग्राउंड पर दुनिया का सबसे बेहतरीन ड्रेनेज व्यवस्था है। इसलिए माना जा रहा है कि भले की कम ओवर का मैच हो लेकिन लगातार बारिश नहीं हुई तो भारत-पाकिस्तान की शानदार भिड़ंत जरूर देखने को मिलेगी। टी-20 विश्वकप में भारत-पाकिस्तान का हाईवोल्टेज मुकाबला देखने के लिए स्टेडियम में करीब 1 लाख दर्शक मौजूद रहेंगे। भारत-पाक मैच का इतना क्रेज था कि टिकटों की बिक्री शुरू होने के चंद घंटे में ही सारी टिकटें बिक गयीं। वहीं, भारत में एक कंपनी ने मल्टीप्लेक्स में लाइव मैच दिखाने की तैयारी की है और भारत में उसकी क्षमता करीब 1.5 लाख सीटों की है। वहीं, स्टार स्पोर्ट्स के चैनल्स पर करोड़ों लोग इस मैच को लाइव देखेंगे। भारत-पाकिस्तान का मैच इसलिए भी दिलचस्प होने जा रहा है क्योंकि भारत को पिछली हार का बदला भी लेना है और पाकिस्तान को हराकर विश्वकप का विजय अभियान शुरू करना है।

पाकिस्तानी टीम का उड़ाया मजाक

उधर, पाकिस्तान की टीम भी भारत से मुकाबले के लिए मेलबर्न पहुंच चुकी है और टीम के फैंस ने उनका भी जोरदार स्वागत किया है। वहीं, पाकिस्तानी टीम के पूर्व कप्तान का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वे पाकिस्तानी टीम का मजाक उड़ाते दिख रहे हैं। दरअसल, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक से पूछा गया कि पाकिस्तानी टीम की ताकत क्या है तो उन्होंने जवाब दिया कि मिडिल ऑर्डर। यह मजाक इसलिए है क्योंकि पाकिस्तानी टीम का मिडिल ऑर्डर कमजोर माना जा रहा है और कई मौकों पर यह साबित भी हुआ है। पाकिस्तान की मजबूती इनकी गेंदबाजी और ओपनिंग बैटिंग है। लेकिन पूर्व कप्तान ने मिडिल ऑर्डर को मजबूत बताकर मजाक उड़ाया है।

हरभजन सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ चुनी भारत की प्लेइंग-11

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान रविवार (23 अक्टूबर) को 2022 टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में भिड़ेंगे। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खचाखच भरी भीड़ होगी। इस हाई टेंपर मुकाबले की टिकटें पहले से ही बिक चुकी हैं। सोशल मीडिया पर हाइप हैं और गली मोहल्ले में भी इस मैच पर चर्चा हो रही है। प्लेइंग इलेवन को लेकर तमाम कयास लगाये जा रहे हैं और दिग्गज खिलाड़ी भी अपनी राय रख रहे हैं। मुकाबले को लेकर भारत के दिग्गज हरभजन सिंह ने अपनी प्लेइंग इलेवन का खुलासा किया है।

हरभजन की टीम में कुछ तो खिलाड़ी उम्मीद के मुताबिक शामिल हैं, जबकि कुछ प्लेयर्स को लेकर अब भी कई लोग गफलत में हैं। जाहिर-सी बात है कि रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे प्लेयर्स पर किसी चर्चा की जरूरत ही नहीं है, लेकिन गेंदबाजों पर बहस हो सकती है। दरअसल, हरभजन की प्लेइंग इलेवन में आर अश्विन और हर्षल पटेल जगह नहीं बना पायें हैं। उन्होंने कहा कि हर्षल पटेल को मौका नहीं मिल सकता है। मुझे लगता है कि दीपक हुड्डा और आर. अश्विन को पहले कुछ मैचों में मौका नहीं मिलेगा। मैं इसे शुरूआती एकादश के रूप में देख रहा हूं। हरभजन ने कहा, कुछ लोग हर किसी की पसंद हैं।

रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, दिनेश कार्तिक और अक्षर पटेल के खेलने को लेकर कोई संदेह नहीं है। दिनेश कार्तिक युवा ऋषभ पंत से आगे निकलते दिख रहे हैं, जबकि अक्षर को अश्विन पर तरजीह मिल सकती है। भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी तेज गेंदबाजी में मोर्चा संभालेंगे। जबकि अर्शदीप सिंह अपने साथी हर्षल पटेल से आगे हैं। उन्हें भी मौका मिलेगा। हरभजन सिंह के अनुसार, आर अश्विन, हर्षल पटेल, दीपक हुड्डा और ऋषभ पंत चार ऐसे खिलाड़ी हैं, जो प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं बना पायेंगे।

पिछली बार मैंने एक हाथ से हसन अली को दो छक्के जड़े थे, उम्मीद है इस बार भी ऐसा होगा : ऋषभ पंत

मेलबर्न (एजेंसी)। भारत टी-20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करने जा रहा है। भारक और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जायेगा। इस महामुकाबले से पहले भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा मुझे याद है कि पिछले टी-20 विश्व कप में मैंने पाकिस्तानी गेंदबाज हसन अली को दो छक्के मारे थे और मैने इसके लिए एक ही हाथ का इस्तेमाल किया था। उन्होंने इस बार भी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की उम्मीद जताई। पंत ने कहा कि मुझे याद है कि मैंने हसन अली के एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। मैं और विराट रन गति बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि हमने शुरूआती विकेट खो दिए थे और

हमने साझेदारी की थी। हम रन गति बढ़ा रहे थे और मैंने अपने मेरा विशेष शॉट से उसे एक हाथ से दो छक्के मारे।

इसके अलाव पंत ने विराट की तारीफ करते हुए कहा कि विराट का अपार अनुभव दबाव की स्थिति से निपटने में मदद करता है। टी-20 विश्व कप की वेबसाइट ने पंत के हवाले से कहा कि वह (कोहली) वास्तव में आपको सिखा सकते हैं कि परिस्थितियों से कैसे निपटना है जिससे भविष्य में आपको अपने क्रिकेट सफर में मदद मिल सकती है। इसलिए उनके साथ बल्लेबाजी करना हमेशा की तरह अच्छा है। बहुत अनुभव रखने वाले व्यक्ति का आपके साथ बल्लेबाजी करना अच्छा है, क्योंकि वह आपको खेल को आगे बढ़ाने और प्रत्येक गेंद में एक रन के साथ दबाव को बनाए रखने के तरीके के बारे में बता सकता है। पंत ने इस बार भी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने कि उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले टी-20 विश्व कप पहले मैच में पूर्व कप्तान कोहली के साथ अपनी बल्लेबाजी साझेदारी फिर बना पाएंगे मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम के नाबाद अर्धशतकों से पाकिस्तान ने पिछले साल टी-20 विश्व कप में भारत को 10 विकेट से हरा दिया था। भारत ने सात विकेट पर 151 रन बनाए थे, लेकिन पाकिस्तान ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया था। पच्चीस साल के पंत ने 39 रन की पारी खेलने के अलावा तत्कालीन कप्तान कोहली के साथ 53 रन जोड़े थे।

फिर जोहोर कप जीतने के लिए टीम में काफी प्रतिभा : कप्तान उत्तम सिंह

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारतीय पुरूष जूनियर हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा कि पिछली बार करीब से खिताब गंवाने के बाद टीम सुल्तान जोहोर कप में फिर खिताब हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। यह टूर्नामेंट कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल बाद आयोजित किया जा रहा है। दो बार की पूर्व चैम्पियन भारत को पिछली दफा टूर्नामेंट के फाइनल में ब्रिटेन से 1-2 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था जबकि टीम ने 1-0 से बढ़त बनाई हुई थी। जूनियर टीम के कप्तान ने कुआलालंपुर रवाना होने से पहले कहा कि हमने ट्रेनिंग शिविर में कई चर्चाएं की हैं और हमें भरोसा है कि हमारी टीम में खिताब जीतने के लिए काफी प्रतिभा मौजूद है। कोच सीआर कुमार की भारतीय टीम 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। टीम को फिर 23 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका, 25 अक्टूबर को जापान, 26 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया और 28 अक्टूबर को गत चैम्पियन ब्रिटेन से भिड़ना है। शीर्ष दो टीमें 29 अक्टूबर को होनेवाले फाइनल में एक दूसरे के सामने होंगी। सिंह ने कहा कि हमारी टीम टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही मजबूत टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने को लेकर उत्साहित है। हमारे लिए अपनी टीम की

परीक्षा लेने का यह अच्छा मौका है जिससे टीम एक इकाई के तौर पर मजबूत होगी। भारत ने 2013 और 2014 में इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है जबकि चार बार टीम उप विजेता रही है। सिंह ने कहा कि हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे और मैच की परिस्थितियों के हिसाब से ही खेलेंगे। हमें आक्रमण और रक्षण के लिए तैयार रहना होगा। भारतीय कप्तान सिंह 2021 में घरेलू सरजमीं पर हुए जूनियर विश्व कप में खेले थे जिसमें टीम फ्रांस से हारकर चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने इस साल के शुरू में एशिया कप में सीनियर टीम के लिए भी पर्दापण किया था।

न्यूज गैलरी

दिसम्बर में बांग्लादेश का दौरा करेगा भारत

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय टीम फिलहाल टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंची हुई है। ऑस्ट्रेलिया में इस टूर्नामेंट के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के दोरे पर तीन टी-20 मैचों और तीन वनडे मैचों की सीरीज में हिस्सा लेगी। साल के अंतिम महीने, दिसमबर में बांग्लादेश क्रिक्रेट बोर्ड ने भारत के लिए बांग्लादेश के दौरे का कार्यक्रम रखा है। बांग्लादेश दौरे में भारतीय टीम तीन वनडे चार, सात और 10 दिसम्बर को खेलेगी और दो टेस्ट 14-18 दिसम्बर और 22-26 दिसम्बर के बीच खेलेगी। साल 2015 के बाद यह भारत का बांग्लादेश में पहला पूर्ण दौरा होगा। पिछले दौरे पर इकलौता टेस्ट ड्रॉ हो गया था, जबकि बांग्लादेश ने वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन इस दौरे के बारे में बात करते हुए कहा कि मौजूदा समय में भारत और बांग्लादेश के मुकाबलों में हमें रोमांचक टक्कर देखने को मिली है और दोनों देशों के प्रशंसक इस यादगार सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। मैं बीसीबी के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का धन्यवाद करता हूं। हम भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।
बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि मैं आगामी द्विपक्षीय सीरीज के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को शुभकामनाएं देता हूं। दोनों देशों में क्रिकेट के प्रति रोमांच के चलते प्रशंसको के बीच जबरदस्त दिलचस्पी पैदा होती है।

श्रीलंका ने नीदरलैंड को हरा कर सुपर 12 में बनायी जगह

जीलॉन्ग (एजेंसी)। कुसल मेंडिस के 79 रन की मदद से एशियाई चैम्पियन श्रीलंका ने नीदरलैंड को 16 रन से हराकर टी-20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में प्रवेश कर लिया। पहले मैच में नामीबिया से हारी श्रीलंका टीम के लिए मेंडिस ने 44 गेंद में 79 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 162 रन बनाये। जवाब में ग्रुप ए में नामीबिया और यूएई को हराकर शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड की टीम नौ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। वानिंदु हसरंगा ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि महीष तीक्षणा को दो विकेट मिले। नीदरलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड ने 53 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 71 रन बनाये। हालांकि, दूसरे छोर से उन्हें कोई सहयोग नहीं मिल सका। श्रीलंकाई टीम तीन मैचों में चार अंक लेकर सुपर 12 चरण में पहुंच गयी है जबकि डच टीम को यूएई और नामीबिया के बीच होने वाले मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा। नामीबिया के जीतने पर डच टीम को बाहर होना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में जुड़ा धुरंधर ऑलराउंडर

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंगलिस के चोटग्रस्त होने के बाद टी-20 विश्व कप की 15-सदस्यीय स्क्वाड में विस्फोटक ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को शामिल किया है। इंगलिस को सिडनी में गोल्फ खेलते हुए हाथ में चोट लगने के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चोट गंभीर होने के कारण उन्हें सर्जरी की आवश्यकता है और वह विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इंगलिस के चोटिल होने का अर्थ है कि मैथ्यू वेड ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप स्क्वाड में इकलौते विकेटकीपर होंगे। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी को नजरंदाज करते हुए ग्रीन के हरफनमौला कौशल को टीम में प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के पास पहले से ही मिशेल मार्श और मार्कर्स स्टोइनिस के रूप में तेज गेंदबाजी करने वाले दो ऑलराउंडर हैं।

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप से बाहर होने पर भारतीय कप्तान बोलीं -

यह सिर्फ हमारी फुटबॉल यात्रा की शुरुआत

भुवनेश्वर (एजेंसी)। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 से भारत की निकासी के बावजूद भारतीय टीम की कप्तान अष्टम उरांव का मानना है कि यह सिर्फ उनकी फुटबॉल यात्रा की शुरूआत है। अष्टम ने बुधवार को कहा कि हमारा विश्व कप अभियान भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन फुटबॉल खेलने का हमारा जुनून खत्म नहीं हुआ है। हमारी फुटबॉल यात्रा अभी शुरू हुई है और मैं अन्य लड़कियों के साथ-साथ उनके माता-पिता से उन्हें फुटबॉल खेलने की आजादी देने के लिए कहती हूं या जो भी खेल उन्हें पसंद है। किसी भी बच्चे के बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए माता-पिता का सहयोग बहुत जरूरी है। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में भारत का सफर निराशाजनक रहा और उन्हें ग्रुप स्टेज के अपने तीनों मुकाबलों में हार मिली। भारतीय लड़कियां अमेरिका (8-0), मोरक्को (3-0) और ब्राजील (5-0) के खिलाफ मैचों में एक भी गोल नहीं कर सकीं। उन्होंने कहा,ह्यह्यहमारे परिणाम भले ही उम्मीद के मुताबिक न रहे हों लेकिन हर कोई हमारे संघर्ष को देख सकता है। मैं हर माता-पिता और लड़की से आग्रह करता हूं कि वे न केवल परिणाम देखें

बल्कि हमारी कड़ी मेहनत पर विश्वास करें।

मुझे उम्मीद है कि कई लड़कियां यह खेल खेलेंगी और भारत में महिला फुटबॉल को विकसित करने के लिए लड़ने की कोशिश करेंगी। भारत ने अंडर-17 महिला विश्व कप में पहली बार हिस्सा लिया था। भारतीय टीम मेजबान होने के आधार पर क्वालीफाई करके टूर्नामेंट में आयी थी। अष्टम ने विश्व कप अनुभव के बारे में कहा कि विश्व कप में हम सभी ने बहुत कुछ सीखा। भले ही हम अपने सभी मैच हार गए हों, लेकिन इससे हमने बहुत अहम बात सीखी, अगर हम अपनी गलतियों को नहीं सुधारते तो हर कोई उनका उपयोग हमारे खिलाफ करेगा। उन्होंने कहा, 'हमें टूर्नामेंट के दौरान अमेरिका और ब्राजील जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने का अवसर मिला। हमने अंत तक संघर्ष किया और अपनी कमजोरियों के बारे में जाना। मोरक्को भी एक अच्छी टीम है, और उनके खिलाफ खेलना एक आंख खोलने वाला अनुभव था। हमें पता चला कि हम किस स्तर पर हैं। अब केवल एक चीज महत्वपूर्ण है, वह यह कि ऐसे विरोधियों के खिलाफ अच्छा खेलने के लिए खुद को कैसे तैयार किया जाए। अष्टम ने प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिये धन्यवाद देते हुए कहा, ह्यह्य जो भी हमारा समर्थन करने आया, मैं आप सभी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने अपना समय निकालकर हमारा समर्थन किया। स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ-साथ जिसने भी हमें प्रसारण के माध्यम से देखा, उनका समर्थन हमारे लिए और भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत मायने रखता है। यह वास्तव में हम में से प्रत्येक के लिए महत्वपूर्ण था, इसलिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

न्यूज गैलरी

मेक मायट्रिप गोईबिबो और ओयो पर 392 करोड़ रुपये का किया जुर्माना

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने गैर प्रतिस्पर्धी गतिविधियों के आरोप में ऑनलाइन टूर एवं ट्रेवल सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी मेक मायट्रिप गोईबिबो और ऑनलाइन होटलों का नेटवर्क संचालित करने वाली कंपनी ओयो को संचालित करने वाली कंपनी ओरावेल स्टेयस लिमिटेड पर कुल मिलाकर 392 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना किया है। आयोग ने अपने फैसले में कहा कि इन दोनों कंपनियों पर उनके कुल कारोबार का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस तरह से मेक मायट्रिप गोईबिबो पर 223.48 करोड़ रुपये का और ओयो पर 168.88 करोड़ रुपये का जुमार्ना किया गया है। इन दोनों कंपनियों ने बाजार में अपने दबदबा का बेवजह इस्तेमाल किया और मेक मायट्रिप गोईबिबो ने ओयो के साथ मिलकर गैर प्रतिस्पर्धी गतिविधियों को अंजाम दिया। मेक मायट्रिप गोईबिबो ने वर्ष 2018 में ओयो के साथ मिलकर उसकी प्रतिस्पर्धी कंपनियों को अपने पोर्टल से हटा दिया था। आयोग ने इन आरोपों की गहराई से जांच करने के बाद इस जुर्माना लगाया है।

स्पाइसजेट ने की कैप्टन की तनख्वाह बढ़ाकर सात लाख रुपये प्रति महीना

नयी दिल्ली। स्पाइजेट ने बुधवार को कैप्टन की तनख्वाह में बढ़ोतरी कर 80 घंटे की विमान यात्रा के लिए सात लाख रुपये प्रति महीना कर दिया है। स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा कि तनख्वाह में बढ़ोतरी पहली नवंबर से प्रभावी होगी। कैप्टन के साथ प्रशिक्षक (डीई, टीआरआई, एलटीसी) और वरिष्ठ प्रथम अधिकारी के वेतन में भी इजाफा किया गया है। स्पाइसजेट ने कहा, कंपनी लगातार पायलटों की तनख्वाह में वृद्धि कर रही है। अगस्त माह की तुलना में सितंबर में प्रशिक्षकों की तनख्वाह 10 प्रतिशत और कैप्टन एवं प्रथम अधिकारी के वेतन में आठ प्रतिशत तक की वृद्धि की गयी थी जबकि अक्टूबर से कैप्टन एवं प्रथम अधिकारी के वेतन में 22 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई।

रुपया 60 पैसे लुढ़ककर 83 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में फिर से बढ़ोतरी करने की संभावना से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 60 पैसे लुढ़ककर 83 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 10 पैसे फिसलकर 82.40 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया आठ पैसे सुधरकर 82.32 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और बिकवाली से मिले समर्थन की बदौलत यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। हालांकि लिवाली के दबाव में यह 83.01 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82.40 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 60 पैसे की बड़ी गिरावट लुढ़ककर 83 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया।

सिंधिया ने किया सेल कॉर्पोरेट कार्यालय का दौरा

नयी दिल्ली। केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के राजधानी स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान मंत्रियों ने सेल द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान की सराहना की और कार्मिकों से जीवन के सभी क्षेत्रों में हर समय स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाए रखने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि विशेष अभियान 2.0 के तहत सभी इस्पात संयंत्रों और इकाइयों में स्वच्छता, समीक्षा और नियमों एवं प्रक्रियाओं का सरलीकरण, रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा, जगहों के उत्पादक उपयोग और अपशिष्ट पदार्थों के निपटान, कार्यस्थल पर कायार्नुभव को और बेहतर बनाने से संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

एथनॉल उत्पादन के लिए चीनी उद्योग को सरकार से समर्थन की जरूरत : इस्मा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। चीनी उद्योग को वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने का लक्ष्य हासिल करने तथा इसके लिए आवश्यक एथनॉल उत्पादन के लिए सरकारी समर्थन की आवश्यकता होगी। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के अध्यक्ष आदित्य झुनझुनवाला ने विगत बुधवार को यह कहा। उन्होंने सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल निर्माता (सियाम) के एक कार्यक्रम में कहा कि नीति आयोग के अनुमान के अनुसार, वर्ष 2025 तक देश में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने के लिए 1,000 करोड़ लीटर एथनॉल की आवश्यकता होगी। झुनझुनवाला ने कहा कि इसके लिए देश में गन्ना और चीनी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उच्च एथनॉल उत्पादन क्षमता, अधिक डिस्टिलरी और अनुकूल सरकारी नीतियों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, चीनी उद्योग ने लगभग 100 लाख टन चीनी उत्पादन का लक्ष्य रखा है और इस तरह अनाज के अलावा केवल चीनी उद्योग से 1,000 करोड़ लीटर एथनॉल प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि उद्योग ने पहले ही मौजूदा उत्पादन क्षमताओं का उपयोग किया है, उन्होंने कहा, अगला विकल्प नई परियोजनाओं को जोड़ना है। झुनझुनवाला ने कहा, चीनी उद्योग अपने निवेश और गन्ने की किस्मों और एथनॉल उत्पादन में सुधार कर रहा है, और हमें सरकार की ओर से कुछ समर्थन और मदद की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एथनॉल के सुचारू मिश्रण और उत्पादन के बारे में कुछ मुद्दों के समाधान करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि एथनॉल के स्रोतों के विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

एमएसपी पर समिति की तीसरी बैठक 31 अक्टूबर को भुवनेश्वर में होगी

नयी दिल्ली। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण पर सरकार की समिति की तीसरी बैठक 31 अक्टूबर को भुवनेश्वर में होगी।

राष्ट्रीय राजधानी में 22 अगस्त को हुई पहली बैठक में, पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता वाली समिति ने अनिवार्य विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए तीन आंतरिक उप-समूहों का गठन किया था। दूसरी बैठक 27 सितंबर को हैदराबाद में हुई, जिसमें जैविक खेती पर चर्चा की गयी। इस समिति में अध्यक्ष सहित 26 सदस्य हैं, जबकि संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के प्रतिनिधियों के प्रतिनिधित्व को लेकर तीन स्लॉट रखे गए हैं। लेकिन एसकेएम ने समिति को खारिज करते हुए बैठक से दूर रहने का फैसला किया है। तीसरी बैठक भुवनेश्वर के आईसीएआर-भारतीय जल प्रबंधन संस्थान में होगी।

दिवाली के दिन शाम 6.15 से 7.15 तक होगी मुहूर्त ट्रेडिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजार में इस साल दिवाली के दिन यानी 24 अक्टूबर को शाम 6:15 बजे से लेकर शाम 7:15 बजे के बीच मुहूर्त ट्रेडिंग की जाएगी। 24 अक्टूबर को शाम 6 बजे प्री ओपनिंग सेशन शुरू होगा और 6:08 पर समाप्त हो जाएगा। मुहूर्त ट्रेडिंग में मैचिंग का समय शाम 6:08 से 6:15 बजे तक का होगा। हालांकि कॉल ऑप्शन में ट्रेड मॉडिफिकेशन शाम 7:45 बजे खत्म हो जाएगा। शेयर बाजार की परंपरा के मुताबिक दिवाली के दिन सामान्य दिनों की तरह दिन के वक्त ट्रेडिंग नहीं की जाएगी, लेकिन शाम को मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए स्टॉक एक्सचेंज विशेष रूप से एक घंटे के लिए खोले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि दिवाली के दिन शेयर बाजार में भी छुट्टी होती है। अन्य दिनों की तरह सुबह 9.15 बजे से शेयरों की खरीद बिक्री नहीं की जाती है। लेकिन शाम को मुहूर्त ट्रेडिंग के तहत 1 घंटे के लिए शेयरों का न केवल सौदा होता है, बल्कि मूहूर्त ट्रेडिंग सत्र के दौरान ही शेयर बाजार में की गई सभी लिवाली और बिकवाली का सेटलमेंट भी किया जाता है। जानकारी के मुताबिक दिवाली के दिन कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में भी मुहूर्त ट्रेडिंग का सत्र 6:15 बजे से शुरू होगा और शाम 7:15 बजे खत्म हो जाएगा। इसमें ट्रेड मॉडिफिकेशन शाम 7:25 बजे तक उपलब्ध होगा।इसी तरह करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट के लिए भी मुहूर्त ट्रेडिंग का समय शाम 6:15 बजे से 7:15 बजे तक का तय किया गया है। करंसी डेरिवेटिव्स और आईआरडी में भी ट्रेड मॉडिफिकेशन शाम 7:25 तक ही उपलब्ध रहेगा।

दीपावली पर 22 से 24 तक बंद रहेंगे बैंक, इस महीने कई और अवकाश

नई दिल्ली (एजेंसी)। त्योहारी सीजन में लोगों को पैसों की जरूरत बढ़ जाती है, लेकिन इस दौरान बैंकों में कई दिनों तक अवकाश होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है, तो आप उसे जल्द निपटा लीजिए। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई हॉलिडे छुट्टियों की जारी लिस्ट के मुताबिक दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज सहित कई अन्य त्योहारों पर बैंक बंद रहेंगे। इस महीने बाकी बचे 10 दिनों 22 से लेकर 31 अक्टूबर के दौरान देशभर में कई जगहों पर सप्ताहिक और राजपत्रित छुट्टियों के कारण बैंक बंद रहेंगे। दरअसल अलग-अलग राज्यों में कई त्योहार अलग-अलग दिन मनाये जाते हैं। इन त्योहारों के अनुसार कुछ शहरों में बैंक खुले रहेंगे, जबकि कुछ शहरों में बंद रहेंगे। दीपावली पर देशभर में 22 से लेकर 24 अक्टूबर तक बैंक बंद रहेंगे। 22 अक्टूबर को चौथा शनिवार है, जबकि 23 अक्टूबर को रविवार होने की वजह से बैंक में अवकाश रहेगा। 24 अक्टूबर को गंगटोक, हैदराबाद और इंफाल को छोड़कर सभी जगह दिपावली पर बैंक बंद रहेंगे। गुलाबी नगरी जयपुर में 25 अक्टूबर को बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 26 अक्टूबर को बेंगलुरु, अहमदाबाद, देहरादून और गंगटोक में गोवर्धन पूजा, विक्रम संवत और भाई दूज के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे। 27 अक्टूबर को भाई दूज, चित्रगुप्त जयंती, लक्ष्मी पूजा, दीपावली और निंगोल चककूबा के अवसर पर कानपुर, लखनऊ, गंगटोक और इंफाल में बैंकों का अवकाश रहेगा, जबकि 31 अक्टूबर को छठ पूजा के अवसर पर पटना और रांची में बैंक बंद रहेंगे।

अडानी की कंपनी ने 1300 करोड़ रुपये में जीती बड़ी डील, टाटा की बढ़ेगी टेंशन

नई दिल्ली। गौतम अडानी की कंपनी अडानी ट्रांसमिशन ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) की सब्सिडयरी के साथ उसने 10.80 लाख स्मार्ट मीटर लगाने और उनकी देखरेख का करार किया है। सूत्रों ने बताया कि अडानी ट्रांसमिशन की सहायक अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई और बीएमसी की सब्सिडयरी बृहन्मुंबई बिजली आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) के बीच यह करार 1,300 करोड़ रुपये में हुआ है। हालिया करार के तहत कंपनी को 30 महीने के दौरान स्मार्ट मीटर लगाने हैं और इसके अगले 90 महीने तक इनकी देखरेख करनी है। आपको बता दें कि अडानी ट्रांसमिशन की सहायक अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई उपनगरों में बिजली वितरित करती है। अडानी समूह की इस कंपनी की प्रतिस्पर्धा टाटा पावर के साथ रहती है। अडानी ट्रांसमिशन की नई सफलता से कंपनी का दायरा बढ़ेगा और यह टाटा पावर के लिए चुनौती बन सकती है।

हिंदुस्तान उर्वरक के बरौनी संयंत्र में यूरिया उत्पादन का कार्य शुरू किया गया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों की साझा कंपनी हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) के बरौनी संयंत्र ने यूरिया उत्पादन शुरू कर दिया है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने विगत बुधवार को यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एफसीआईएल) और हिंदुस्तान फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचएफसीएल) की बंद यूरिया इकाइयों को पुनर्जीवित करने की पहल के तहत इस कारखाने में उत्पादन मंगलवार को शुरू हुआ। बरौनी कारखाने के चालू होने को उर्वरक एवं रसायन मंत्री मनसुख मंडाविया ने ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि उर्वरक क्षेत्र में ह्यमेक इन इंडिया मिशन मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार ने एचयूआरएल को बरौनी इकाई को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी दी थी और इस 12.7 लाख टन वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता के पुनरोद्धार के लिए 8,387 करोड़ रुपये की योजना मंजूर की गयी थी। एचयूआरएल का गठन 15 जून, 2016 को किया गया था। इसमें कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), एनटीपीसी लिमिटेड (एनटीपीसी), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और एफसीआईएल/एचएफसीएल की हिस्सेदारी है। इसे गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी में सरकारी क्षेत्र की यूरिया इकाइयों को पुनर्जीवित करने के लिए अधिकृत किया गया और इसके लिए 25,000 करोड़ रुपये का निवेश स्वीकृत किया गया। इस योजना के तहत इन तीन कारखानों में 38.1 लाख टन यूरिया तैयार करने की क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया।

कच्चा तेल 93 डॉलर प्रति बैरल के पार, पेट्रोल-डीजल के भाव स्थिर

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती की खबरों के बाद इसकी कीमतों में उतार-चढ़ाव का सिलसिला लगातार जारी है। कच्चा तेल का भाव उछलकर 93 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल की कीमत 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ओपेक प्लस देशों के उत्पादन में कटौती के फैसले और अमेरिकी राष्ट्रपति के अपने स्ट्रैटजिक पेट्रोलियम रिजर्व से 1.5 करोड़ बैरल तेल बेचने की जानकारी देने के बावजूद आज शुरूआती कारोबार के दौरान ब्रेंट क्रूट 93.06 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 86.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

धनतेरस के बावजूद सर्राफा बाजार में गिरावट जारी धनतेरस के पहले सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी गिरावट

नई दिल्ली (एजेंसी)। धनतेरस और दिवाली का त्योहार के सीजन में भी भारतीय सरार्फा बाजार में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। यह आलम तब है जबकि सरार्फा बाजार में त्योहारी खरीदारी की शुरूआत हो चुकी है। आज सोने की अलग-अलग श्रेणियों में 227 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 133 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी दर्ज की गई। इसी तरह बाजार में त्योहारी मांग बढ़ने के बावजूद चांदी आज के कारोबार में प्रति किलोग्राम 245 रुपये गिर गया।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक घरेलू सरार्फा बाजार में बुधवार को कारोबारी यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 227 रुपये की कमजोरी के साथ गिरकर 50,135 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत भी 226 रुपये की सुस्ती के साथ 49,934 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जबकि जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 208 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमजोरी दर्ज की गई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 45,924 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत में आज प्रति 10 ग्राम 171 रुपये की कमजोरी दर्ज की गई। इस गिरावट के साथ 18 कैरेट सोना 37,601 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 133 रुपये टूट कर 29,329 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सरार्फा बाजार में त्योहारी खरीद का रुझान बनने के बावजूद आज एक बार फिर चांदी की कीमत में गिरावट का रुख बना रहा। आज के कारोबार में चांदी (999) में 245 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई, जिसके कारण ये चमकीली धातु फिसल कर 55,765 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई।

> इस गिरावट के साथ 18 कैरेट सोना 37,601 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया।

नेस्ले इंडिया को तीसरी तिमाही में 668 करोड़ रुपये का मुनाफा

नई दिल्ली। दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। कंपनी का मुनाफा चालू वर्ष की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 8.25 फीसदी बढ़कर 668.34 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी कहा है कि चालू वर्ष की तीसरी तिमाही में मुनाफा 8.25 फीसदी बढ़कर 668.34 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 617.37 करोड़ रुपये रहा था। इस दौरान उसकी शुद्ध बिक्री 18.24 फीसदी बढ़कर 4,591 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 3,882.57 करोड़ रुपये थी। 30 सितंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में उसका कुल खर्च 20.55 फीसदी बढ़कर 3,715.40 करोड़ रुपये हो गया।

नवंबर में होगी जीएसटी परिषद की बैठक अपीलीय न्यायाधिकरण पर होगी चर्चा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। जीएसटी परिषद की अगली बैठक नवंबर के पहले पखवाड़े में हो सकती है। बैठक में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना पर मंत्रियों की समिति (जीओएम) की रिपोर्ट और कसीनो तथा ऑनलाइन गेमिंग पर कर लगाने के प्रस्ताव पर चर्चा होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मदुरै में परिषद की 48वीं बैठक में जीएसटी दरों के युक्तिकरण पर विचार करने वाली समिति की बहुप्रतीक्षित पूर्ण रिपोर्ट की स्थिति पर भी चर्चा हो सकती है। इस रिपोर्ट में जीएसटी स्लैब के विलय पर विचार किया गया है, जिसके चलते कुछ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। अगर रिपोर्ट को पेश किया गया, तो भी उच्च मुद्रास्फीति को देखते हुए इस बात की गुंजाइश कम है कि इस पर आगे कार्रवाई होगी। जीएसटी दरों के युक्तिकरण के लिए 24 सितंबर 2021 को गठित जीओएम को मूल रूप से दो महीने यानी नवंबर 2021 तक अपनी रिपोर्ट देनी थी। तब से समिति को लगातार विस्तार मिल रहा है। परिषद ने जून में अपनी पिछली बैठक में जीओएम को पूरी रिपोर्ट सौंपने के लिए सितंबर तक का समय दिया था। अधिकारी ने कहा कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण पर जीओएम ने अपनी रिपोर्ट पहले ही जमा कर दी है, जबकि कसीनों और ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी के संबंध में मतभेदों को अभी भी दूर किया जा रहा है। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, परिषद की बैठक अगले महीने मध्य नवंबर से पहले होगी। परिषद ने 28-29 जून को अपनी पिछली बैठक में कई वस्तुओं और सेवाओं पर कर छूट को हटाने का फैसला किया था और कुछ शुल्क ढांचे को भी ठीक किया था। जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के गठन के संबंध में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाले जीओएम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। एक सूत्र ने बताया कि रिपोर्ट में जीएसटीएटी में एक तकनीकी सदस्य और एक न्यायिक सदस्य को नियुक्त करने की सिफारिश की गई है।

> जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण पर जीओएम ने अपनी रिपोर्ट पहले ही जमा कर दी है, जबकि कसीनों और ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी के संबंध में मतभेदों को अभी भी दूर किया जा रहा है।

ग्लोबल मार्केट से लगातार कमजोरी के संकेत, एशियाई बाजारों पर भी दबाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुरुवार को वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में कमजोरी का रुख बना रहा। ग्लोबल मार्केट से लगातार कमजोरी के संकेत आ रहे हैं। इसी तरह एशियाई बाजारों पर भी लगातार दबाव बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में भी 2 दिन तक लगातार जारी रही तेजी पर बॉन्ड यील्ड में आई उछाल की वजह से ब्रेक लग गया है, जिसका असर दुनियाभर के बाजारों पर पड़ा है। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी शेयर बाजार बॉन्ड यील्ड में आए उछाल के कारण गिरावट के साथ बंद हुए। दरअसल 3 महीने से लेकर 30 साल तक की अवधि वाले बॉन्ड यील्ड में 4 प्रतिशत की उछाल आई है, जिसने अमेरिकी शेयर बाजार के सेंटीमेंट्स पर निगेटिव असर डाला है। पिछले कारोबारी सत्र में डाओ जोंस में 99 अंक की गिरावट दर्ज की गई, वहीं नैस्डेक भी 91 अंक गिरकर बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी- 500 इंडेक्स भी गिरावट के साथ 3,695 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इस कारोबारी सत्र के दौरान हुए कारोबार में अमेरिकी मार्केट के 11 सेक्टर में से 10 सेक्टर्स में गिरावट दर्ज की गई। सिर्फ अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी के कारण एनर्जी सेक्टर के शेयरों में तेजी का रुख बना नजर आया। अमेरिकी बाजार में आई गिरावट का असर आज एशियाई बाजारों पर भी साफ नजर आ रहा है। एशियाई बाजार लगातार दबाव की स्थिति में कारोबार करते नजर आ रहे हैं। एसजीएक्स निफ्टी में 113 अंक की गिरावट बनी हुई है।

पेज एक के शेष

कैंप जेल से...

हिरासत में होने के बावजूद ट्रांसफर-पोस्टिंग, टेंडर समेत अन्य चीजों के लिए अफसरों को फोन किया करता था। अधिकारियों से बातचीत का सीडीआर भी ईडी ने निकाला है। वहीं, कई संदिग्ध लोगों के मोबाइल को भी ईडी ने सर्विलांस पर रखा था। ईडी सूत्रों के मुताबिक, उन अधिकारियों को आनेवाले दिनों में नोटिस किया जा सकता है। साथ ही ईडी यह भी पड़ताल कर रही है कि जेल में रहते हुए किन-किन कामों को पंकज मिश्रा ने प्रभावित किया।

गंभीर बीमारियों से...

लेखिका और यूसीएल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी में रिसर्च एसोसिएट डॉ. सेवरिन सेबिया का कहना है कि एक साथ कई गंभीर बीमारी होने का खतरा उच्च आयवाले देशों में बढ़ता जा रहा है। यहां आधे से ज्यादा बूढ़े लोगों को कम से कम दो क्रोनिक बीमारियां हैं। यह स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पतालों और पूरे हेल्थ सिस्टम के लिए बड़ी चुनौती है। डॉ. सेबिया के मुताबिक जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे उनकी स्लीप साइकिल भी बदलती है। यदि आपको लंबी चलनेवाली व गंभीर बीमारियों से बचना है, तो हर रात सात से आठ घंटे की नींद लेना जरूरी है। इससे कम या ज्यादा नींद आपकी सेहत के लिए हानिकारक है। अच्छे से सोने के लिए कमरे में अंधेरा, शांति और सही तापमान होना चाहिए। सोने से पहले कुछ गरिष्ठ न खायें तथा अपने मोबाइल फोन, टीवी, लैपटाप जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बंद करके या कहीं और रख दें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

महाराष्ट्र एटीएस का बड़ा एक्शन, पीएफआई के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पड़ोसी रायगढ़ जिले के पनवेल से प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार लोगों में प्रतिबंधित संगठन की राज्य विस्तार समिति का एक स्थानीय सदस्य, स्थानीय इकाई का एक सचिव और दो अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि एटीएस को भारत सरकार द्वारा पीएफआई पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद पनवेल में संगठन के दो पदाधिकारियों और कुछ कार्यकर्ताओं की बैठक के बारे में गुप्त जानकारी मिली। इसके बाद एटीएस की एक टीम ने मुंबई से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित पनवेल में छापेमारी कर पीएफआई के चार कार्यकर्ताओं को पकड़ लिया। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के बाद, चारों को कठोर गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम की धारा 10 के तहत मुंबई में एटीएस की कालाचौकी इकाई में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि मामले में जांच जारी है। सरकार ने पिछले महीने पीएफआई और उसके कई सहयोगी संगठनों पर आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकी समूहों के साथ संबंध होने का आरोप लगाते हुए पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। पीएफआई से कथित रूप से जुड़े 250 से अधिक लोगों को पिछले महीने कई राज्यों में हुई छापेमारी के दौरान हिरासत में ले लिया गया था।

दिल्ली हाईकोर्ट ने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से किया इंकार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय के समक्ष पटाखों से संबंधित मुद्दों के विचाराधीन होने के मद्देनजर दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने संबंधी फैसले को चुनौती देनेवाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने उन दो व्यापारियों की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें त्योहारों के दौरान केवल हरित पटाखे खरीदने, बेचने और भंडारण करने की अनुमति दिये जाने का आग्रह किया गया था। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के लिए इस तरह के मामले पर स्वतंत्र रूप से गौर करना उचित नहीं है, क्योंकि यह मुद्दा शीर्ष अदालत का ध्यान आकर्षित करनेवाला प्रतीत होता है। अदालत ने हालांकि कहा कि याचिकाकर्ता अपनी शिकायतों के निवारण के लिए कानून के तहत उचित कदम उठाने के लिए स्वतंत्र हैं।

जम्मू के ऊंचे इलाकों में हुई भारी बर्फबारी, मुगल रोड किया गया बंद

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू के ऊंचाई वाले इलाकों में गुरुवार को इस सीजन की पहली भारी बर्फबारी हुई। बर्फबारी के कारण सीमावर्ती जिलों पुंछ और राजौरी को दक्षिण कश्मीर के शोपियां से जोड़ने वाले मुगल रोड को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात से डोडा, किश्तवाड़, राजौरी, रियासी, पुंछ, रामबन और कठुआ जिलों के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई। पुलिस उपाधीक्षक (राजौरी-पुंछ रेंज) आफताब बुखारी ने बताया कि भारी बर्फबारी के कारण मुगल रोड पर यातायात बंद कर दिया गया है। इससे पहले 18 अक्टूबर को भी बर्फबारी के कारण एक दिन के लिए रोड बंद कर दिया गया था और बुधवार को यातायात बंद होने के कारण वहां फंसे लगभग 100 यात्रियों को निकाल लिया गया। मौसम कार्यालय ने केंद्र शासित प्रदेश में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है।

बंगाल की खाड़ी पर 24 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान आने की संभावना, अलर्ट

नयी दिल्ली (एजेंसी)। बंगाल की खाड़ी में गुरुवार को कम दबाव वाला क्षेत्र बन रहा है और अगले चार दिन में इसके तीव्र होकर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण-पूर्व तथा पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा कम दबाव का क्षेत्र 22 अक्टूबर तक गहरे दबाव में और 24 अक्टूबर तक एक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि उत्तरी अंडमान सागर और उसके आसपास चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव के कारण उत्तरी अंडमान सागर व दक्षिण अंडमान सागर के आसपास के क्षेत्रों और दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से औसतत 7.6 किलोमीटर तक उठ रहा है। बयान में कहा गया कि इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 22 अक्टूबर तक मध्य व उससे सटी दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गहरे दबाव क्षेत्र में तब्दील होने की आशंका है।

इसके अगले 48 घंटे में पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान के और तीव्र होने की आशंका है। इस बीच ओडिशा सरकार ने आईएमडी के चक्रवात के पूर्वानुमान के मद्देनजर सात तटीय जिलों के प्रशासन को अलर्ट कर दिया है। गंजाम, पुरी, खुर्दा, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर जिलों में इसका असर दिख सकता है। अधिकारियों से सतर्क रहने और स्थिति पर करीबी नजर रखने को कहा गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने 23 अक्टूबर को पुरी, केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान भी लगाया है।

रूस ने पीओके को माना भारत का हिस्सा

मानचित्र देख बौखला जायेंगे चीन-पाकिस्तान

मॉस्को (एजेंसी)। रूस ने भी जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा माना है। रूसी सरकार द्वारा जारी किये गये एससीओ सदस्य देशों के नक्शे ने यह साबित कर दिखाया है। रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक के मुताबिक जारी किये गये नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अक्साई चीन के साथ-साथ पूरे अरुणाचल प्रदेश को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है। पाकिस्तान और चीन के एससीओ के सदस्य देश होने के बावजूद मॉस्को ने यह कदम उठाया है।

इस मानचित्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और एससीओ के भीतर जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भारत पक्ष को और मजबूत किया है। आपको बता दें कि हाल ही में अमेरिकी राजदूत ने हाल ही में पीओके की यात्रा की थी। उन्होंने इस इलाके को 'आजाद कश्मीर' कहा था। जर्मन विदेश मंत्री ने भी हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद को सुलझाने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका का सुझाव दिया था। चीन ने हाल ही में एससीओ के लिए जारी किये गये मैप में भारत के कुछ इलाकों को अपने इलाके के हिस्से के तौर पर दिखाकर अपनी विस्तारवाद की नीति को परिभाषित किया था। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि एससीओ के संस्थापक सदस्यों में से एक रूस द्वारा भारत के नक्शे के सही चित्रण ने सीधे रिकॉर्ड स्थापित किया है। सोवियत संघ और रूस ने 1947 से कश्मीर पर भारत का समर्थन किया है और भारत विरोधी प्रस्तावों को अवरुद्ध करने के लिए यूएनएससी में वीटो का इस्तेमाल किया है। मॉस्को ने बार-बार कहा है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है, जिससे विवाद के किसी भी अंतर्राष्ट्रीयकरण को रोका जा सकता है।

रूस से संबंध के आरोप में जर्मन साइबर प्रमुख बर्खास्त

मॉस्को (एजेंसी)। जर्मनी के साइबर सुरक्षा प्राधिकरण के चीफ आर्ने शॉनबोम को बर्खास्त कर दिया गया, उन पर रूसी खुफिया एजेंसियों से संबंधों के आरोप लगे हैं। दिलचस्प है कि टीवी पर प्रसारित होनेवाले एक सटायर शो में सबसे पहले उन पर ये आरोप लगाये गये थे। अक्टूबर की शुरुआत में इस शो के प्रसारित होने के बाद वे संदेह के घेरे में आये। जर्मन गृह मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक जर्मन मीडिया में शॉनबोम पर लगे आरोपों ने इतना तूल पकड़ा कि उन्हें पद से हटाना ही पड़ा। 53 साल के शॉनबोम, सूचना सुरक्षा के फेडरल ऑफिस (बीएसआई) का नेतृत्व कर रहे थे। उन पर एक संस्था साइबर सिक्योरिटी काउंसिल जर्मनी के जरिये रूस की खुफिया एजेंसियों से जुड़े होने का आरोप है।

शाह ने एमसीडी चुनाव का फूंका बिगुल, बोले-

दिल्ली को फैसला करना है 'आप' पर निर्भर बनना है या आत्मनिर्भर



नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने केजरीवाल सरकार पर दिल्ली में पूर्व में मौजूद तीन शहरी निकायों (एमसीडी) के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उस पर उनका 40 हजार करोड़ रुपए बकाया है। शाह गुरुवार दिल्ली में कूड़े से बिजली बनानेवाले प्लांट के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अब दिल्ली में हर रोज लगभग 7,000 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण होगा। शाह ने कहा कि हम अरविंद केजरीवाल के व्यवहार का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि इस प्लांट के शुरू होने से 2,000 मीट्रिक टन कूड़े को दोबारा उपयोग में लाया जाएगा। शाह ने कहा कि ये प्लांट हर रोज 25 मेगावाट बिजली का निर्माण करेगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में भविष्य में कचरे के ऐसे ढेर और पहाड़ नहीं दिखेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि केजरीवाल की पार्टी चाहती है कि दिल्ली आप निर्भर हो, हम चाहते हैं कि यह आत्मनिर्भर बने। शाह ने कहा कि केजरीवाल का विज्ञापन से पैदा किया हुआ हवा हवाई विकास का भ्रम ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकता, विज्ञापन की राजनीति और विकास की राजनीति में से चुनाव करना है। शाह ने कहा कि एमसीडी की सत्ता में भाजपा के आते ही दिल्ली को कचरा मुक्त बनाने की योजना तैयार की जाएगी, वर्ष 2025 तक दैनिक कचरे का शत प्रतिशत प्रसंस्करण किया जाएगा।

यूक्रेन संकट : भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

भारतीयों को तुरंत यूक्रेन छोड़ देने का निर्देश

नयी दिल्ली (एजेंसी)। यूक्रेन में फिर से बिगड़ते हालात को देखते हुए भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। भारतीय दूतावासी की ओर से जारी एडवाइजरी में यूक्रेन में रह रहे भारतीयों को तुरंत यूक्रेन छोड़ने के लिए कहा गया है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति और युक्रेन में हाल ही में बढ़े संघर्ष को देखते हुए भारतीय नागरिकों को यूक्रेन की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है। बता दें कि रूस के लगातार जारी मिसाइल हमलों और गोलाबारी से बुधवार को यूक्रेन के और अधिक गांवों, कस्बों तथा दो शहरों के कुछ हिस्से बिजली के बिना अंधकार में डूब गये। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कीव को झुकाने के लिए मॉस्को इसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है।

पुतिन से रूस के कब्जे वाले चार राज्यों में लगाया मार्शल लॉ : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के कब्जेवाले यूक्रेन के चार क्षेत्रों में मार्शल लॉ घोषित कर दिया और रूस के सभी क्षेत्रों के प्रमुखों को अतिरिक्त आपातकालीन शक्तियां प्रदान कर दीं। पुतिन ने मार्शल लॉ के तहत उठाये जानेवाले कदमों को तत्काल स्पष्ट नहीं किया, लेकिन कहा कि उनका आदेश गुरुवार से प्रभावी होगा। उन्होंने अपने आदेश में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को विशिष्ट प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए तीन दिन का समय दिया है। सुरक्षा परिषद की बैठक की शुरुआत में पुतिन ने टेलीविजन पर कहा कि हम रूस की सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए, अपने लोगों की रक्षा के लिए बहुत कठिन चीजों को हल करने के वास्ते काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग अग्रिम पंक्ति में तैनात हैं या फायरिंग रेंज और प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें हमारे समर्थन को महसूस करना चाहिए और यह जानना चाहिए कि उनके पीछे हमारा बड़ा, महान राष्ट्र और एकजुट लोग हैं। रूस की संसद के ऊपरी सदन ने चार क्षेत्रों में मार्शल लॉ लागू करने के पुतिन के फैसले पर तुरंत मुहर लगा दी।

ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने दिया इस्तीफा

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन की नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वो महज 42 दिन ही इस पद पर रह पायीं। इस्तीफा देने के बाद ट्रस ने कहा कि जिस काम के लिए उन्हें चुना गया था वो नहीं कर पायी। इससे पहले बुधवार देर रात गृह मंत्री सुएला ब्रैवरमैन ने पद से इस्तीफा दे दिया था। एक बार फिर ब्रिटेन में चुनाव होंगे। प्रधानमंत्री की रेस में भारतवंशी पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक आगे बताये जा रहे हैं। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस की सरकार से एक वरिष्ठ मंत्री के इस्तीफे और संसद के निचले सदन में सदस्यों द्वारा जमकर आलोचना के गुरुवार के घटनाक्रम के बाद अब उनके (ट्रस के) पद पर बने रहने को लेकर संशय पैदा हो गया था। पिछले महीने सरकार ने एक आर्थिक योजना पेश की थी, जिसके असफल होने के कारण आर्थिक उथल-पुथल और राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इसके बाद ट्रस को वित्त मंत्री बदलने के अलावा अपनी कई नीतियों को भी उलटना पड़ा।

भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में देरी संभव

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन की लिज ट्रस सरकार की आव्रजन पर सख्ती के चलते भारत और ब्रिटेन के बीच एक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता अंतिम समय में विफल हो गया है, लेकिन पर्यवेक्षकों का मानना है कि चीन के सामान्य खतरे की धारणा के कारण दोनों पक्षों के पास इस पर टिक रहने का एक कारण है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि सौदे की प्राथमिकता पर भी सवाल घूम रहे हैं, अब जब ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रज को पार्टी का नेता चुने जाने के ठीक एक महीने बाद उनकी सत्तारुढ कंजर्वेटिव पार्टी अब उन्हें बदलने का इरादा रखती है।